राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 9
लखनऊ, रविवार 07 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





जानसठ में बनेगा महर्षि कश्यप स्मारक, राशि स्वीकृत : योगेन्द्र उपाध्याय 03

गजानन की विसर्जन यात्रा में भक्तों का उमड़ा जनसैलाब 10


### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्रामीणों को दिया परिवहन सेवाओं का तोहफा

# राजधानी में 400 नई बसों को हरी झंडी

**ग्रामीण रोडवेज बसों के किराये में होगी 20 फीसदी की कटौती**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित परिवहन विभाग के कार्यक्रम में पहुंचे। इस मंच से उन्होंने प्रदेश को ग्रामीण जनता सेवा का तोहफा दिया। इसके तहत लखनऊ समेत प्रदेशभर में 250 बसें संचालित की जाएंगी। प्रत्येक डिपो की 10 प्रतिशत फ्लीट जनता सेवा की होगी। ये बसें 75-80 किमी दूरी के दायरे में आने वाले गांवों तक चलेंगी। इसका किराया 20 प्रतिशत तक कम होगा। सीएम आरटीओ कार्यालय से जुड़े 48 कामों के आवेदन के लिए डेढ़ लाख जन सुविधा केंद्रों सहित कई श्रेणियों में बसों की भी सौगात दी।

इस मौके पर सीएम ने परिवहन मंत्री की चुटकी लेते हुए कहा कि आज मंत्री जी जल्दी आ गए, हम तो सोचे थे कि 12 बजे तक आएंगे। लेकिन, आज पहले आ गए। यह प्रमाण है कि परिवहन बदल रहा है। परिवहन विभाग चुनौतियों से जूझने के लिए तैयार है। फाइल लटकाने की आदत खत्म करनी होगी। समय की प्रतिबद्धता तय करनी होगी। कुंभ और कोरोना के दौरान परिवहन विभाग ने करके दिखाया है। उस वक्त यूपी वासियों को उनके गांव तक पहुंचाया। उत्तराखंड के प्रवासी को भी पहुंचाया। चालक-परिचालकों ने सफलता पूर्वक पहुंचाया। महाकुंभ में भी परिवहन विभाग ने 45 दिन में तमाम लोगों की सेवा की। उन्हें पुण्य कमाने में मदद की। रेलवे स्टेशन से लोगों को बाहर पहुंचने में मदद की। परिवहन विभाग हमेशा प्रदेश के अंदर समय का साथी है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि परिवहन सेवाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। आज कई नई परियोजनाएं शुरू हो रही हैं। कामन सर्विस सेंटर पर लोग परिवहन की सेवा ले सकेंगे। आईआईटी, खड़गपुर के साथ एमओयू होना तकनीकी रूप से समृद्ध करेगा। 149 यात्री के लिए अहम है। यह मददगार साबित होगा। आज सात बस स्टेशन का शिलान्यास हो रहा है। 54 अन्य वर्ड क्लास स्टेशन बनेंगे। सीएम ने कहा कि बेहतरी के लिए तैयार रहना होगा। सड़क सुरक्षा चुनौती है। यह हमारी ही जिम्मेदारी है। इसके लिए कोरोना की तरह ही लोगों को जागरूक करना होगा। क्योंकि, सड़क हादसों में लगातार मौतों हो रही हैं।



**इन सेवाओं का भी हुआ शुभारंभ**

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आरटीओ कार्यालय से जुड़े 48 कामों के आवेदन के लिए 1.50 लाख जन सुविधा केंद्रों का उद्घाटन भी किया। आठ इलेक्ट्रिक एसी डबल डेकर बसों, 16 इलेक्ट्रिक बसों, एक रिट्रोफिट इलेक्ट्रिक, 10 सीएनजी बसों, दो अन्य श्रेणी की एसी बसों, टाटा कंपनी की 20 साधारण बसों, आयशर कंपनी की 43 बसों का भी उद्घाटन किया। साथ ही 400 बीएस-सिक्स बसों का भी शुभारंभ हुआ। परिवहन विभाग की 11 इंटरसेप्टरों को भी हरी झंडी दिखाई गई।

**सड़क सुरक्षा के लिए लेनी होगी जिम्मेदारी**

मुख्यमत्री ने अपने संबोधन में आगे कहा कि नो हेलमेट... नो फ्यूल अभियान अच्छा है। इस तरह छोटे-छोटे प्रयासों की जरूरत है। सड़क सुरक्षा के लक्ष्य के लिए सभी को साथ लगना होगा। यूपी पुलिस को भी कहा है। उन्होंने एप विकसित किया है। काम किया तो परिणाम निकले हैं। जहां 18 दुर्घटनाएं होती थीं, वह तीन पर आ गई हैं। इस तरह के प्रयोग करना होगा। परिवहन विभाग के अधिकारियों को उतरना पड़ेगा। टेंपो, रिक्शा, ट्रक के खड़े होने की जगह तय करनी होगी। यह परिवहन विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी है। नेट जीरो यानी कार्बन उत्सर्जन पर कार्य करना होगा। नगर और परिवहन विभाग मिलकर तीन लाख नई नौकरी विकसित कर सकते हैं। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करें। कोई नाबालिग गाड़ी न चलाने पाए। यह सुनिश्चित करना होगा।

**अनुदेशक चयनित अभ्यर्थियों को आज नियुक्ति पत्र देंगे सीएम**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा वर्ष 2025 में घोषित अंतिम परिणामों में व्यावसायिक शिक्षा के चयनित विभिन्न व्यवसायों के 1510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन में किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में भी कार्यक्रम का आयोजन होगा, जहां सांसद एवं विधायक सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि यह अवसर न चयनित अभ्यर्थियों के जीवन में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करेगा बल्कि प्रदेश सरकार के इस संकल्प का भी प्रमाण है कि योग्यता और पारदर्शिता के आधार पर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**चलाई जाएगी मुख्यमंत्री ग्रामीण जनता सेवा**

परिवहन निगम अधिकारी बताते हैं कि सपा सरकार के कार्यकाल में लोहिया ग्रामीण बस सेवाएं चलाई गई थीं, वैसे ही मुख्यमंत्री ग्रामीण जनता सेवा चलाई जाएगी। ग्रामीणों को इससे लाभ होगा। छोटे बिजनेस करने वालों को अपना सामान बाजार तक पहुंचाना आसान होगा। फल, सब्जी और दूध आसानी से लाया और ले जाया सकेगा। किराया भी कम लगेगा।

## कारों में मानव बम की धमकी देने वाला आरोपी नोएडा से गिरफ्तार

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में कारों में मानव बम की धमकी देने वाले आरोपित को मुंबई पुलिस ने उत्तर प्रदेश के नोएडा से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को मुंबई लाने की प्रक्रिया पुलिस कर रही है। मुंबई पुलिस ने शनिवार को बयान जारी कर यह जानकारी पत्रकारों को दी।

मुंबई क्राइम ब्रांच ने मुंबई में बम विस्फोट की धमकी देने के आरोप में उत्तर प्रदेश के नोएडा से अश्विन कुमार सुप्रा (50) नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वह मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। धमकी देने के लिए इस्तेमाल किए गए उसके फोन और सिम कार्ड को जब्त कर लिया गया है। उसे नोएडा से मुंबई लाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आरोपित ने बीते गुरुवार को ट्रैफिक कंट्रोल रुम व्हाट्सएप पर धमकी भरा मैसेज भेजा था। इस मैसैज में आरोपित ने दावा किया था कि मानव बमों से लदे 34 वाहनों को मुंबई में रणनीतिक रूप से तैनात किया गया है और चेतावनी दी गई थी कि शहर विस्फोट के बाद दहल जाएगा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि धमकी देने के बाद आरोपित ने अपना मोबाइल बंद कर दिया था। लेकिन गोपनीय जानकारी और एक किराने की दुकान से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपित के लोकेशन का पता लग सका।

**अमृतसर मंदिर ग्रेनेड हमले का मास्टरमाइंड गिरफ्तार**

**पटना।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने अमृतसर मंदिर ग्रेनेड हमले के मास्टरमाइंड खालिस्तानी सरणजीत उर्फ सनी को देर रात बिहार के गयाजी से गिरफ्तार किया है। लंबे समय से फरार चल रहा सरणजीत अपनी पहचान छिपा कर इन दिनों बिहार में रह रहा था। एनआईए की टीम को इनपुट मिलने के बाद देर रात छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया। एनआईए की टीम को पिछले दिनों सरणजीत के बिहार में सक्रिय होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद से टीम लगातार उसकी गतिविधियों पर नजर रख रही थी। शुक्रवार देर रात जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के पास नेशनल हाईवे पर एनआईए की टीम ने छापेमारी कर सरणजीत को गिरफ्तार कर लिया। शेरघाटी पुलिस भी मौके पर मौजूद रही।

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,08,620/ |
| 22 कैरेट | = | 99,600/ |
| 18 कैरेट | = | 81,490/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,28,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

**गुजरात के पावागढ़ शक्तिपीठ में गुड्स रोपवे टूटा, 6 की मौत**

**अहमदाबाद।** गुजरात के पंचमहाल जिले के पावागढ़ के महाकाली मंदिर शक्तिपीठ में शनिवार को गुड्स रोपवे के टूटने से 6 लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। जानकारी के मुताबिक, रोपवे का तार टूटने की वजह से ट्रॉली ऊंचाई से नीचे जमीन पर गिर गई। हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर भी है। वहीं, मृतकों में 2 लिफ्ट ऑपरेटर, 2 मजदूर और अन्य दो लोग शामिल हैं। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। पावागढ़ में महाकाली मंदिर तक जाने के लिए दो अलग-अलग रोपवे बने हैं। एक रोपवे श्रद्धालुओं लाने-ले जाने के लिए है, जबकि दूसरा रोपवे केवल सामान और निर्माण सामग्री ढोने के लिए तैयार किया गया है।

**ईडी ने की कांग्रेस विधायक वीरेंद्र के बैंक खातों की जांच**

**चित्रदुर्ग।** कर्नाटक के चित्रदुर्ग विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक के.सी. वीरेंद्र पप्पी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक और झटका दिया है। ऑनलाइन सट्टेबाजी और अवैध धन शोधन के आरोपों के मद्देनजर ईडी ने शनिवार को चित्रदुर्ग के चल्लकेरे शहर में स्थित कई बैंकों पर छापेमारी की है, जिनमें वीरेंद्र के खाते हैं। प्रवर्तन निदेशालय के 10 से अधिक अधिकारी चल्लकेरे पहुंच कर विधायक के.सी. वीरेंद्र पप्पी के बैंकों खातों की जांच कर रहे हैं। शहर में कोटक महिंद्रा, एक्सिस, फ़ेडरल और कर्नाटक बैंक समेत कई शाखाओं में उनके खातों की जांच की जा रही है। ईडी के अधिकारी विधायक वीरेंद्र से जुड़े 17 बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज़ इकट्ठा कर रहे हैं।

**अनिल अंबानी बैंक ऑफ बड़ौदा से भी फ्रॉड घोषित**

**मुंबई/नई दिल्ली।** अलग-अलग लोन फ्रॉड मामलों में ईडी और सीबीआई की कार्रवाई का सामना कर रहे रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी को बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी फ्रॉड घोषित किया है। इससे पहले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ इंडिया भी अनिल को फ्रॉड घोषित कर चुके हैं। रिलायंस कम्युनिकेशंस ने बताया कि कंपनी को इसे लेकर 2 सितंबर को बैंक की ओर से लेटर मिला है। बैंक ने कंपनी को 1,600 करोड़ रुपए और 862.50 करोड़ रुपए की लाइन ऑफ क्रेडिट दी थी। लाइन ऑफ क्रेडिट एक तरह का रिवॉल्विंग क्रेडिट है।

**सहारा इंडिया के खिलाफ 1.74 लाख करोड़ के घोटाले में आरोप पत्र दाखिल**

**नई दिल्ली/कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सहारा समूह की वित्तीय अनियमितताओं के खिलाफ जारी जांच के तहत सहारा इंडिया और सुब्रत रॉय के परिजनों एवं कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के विरूद्ध कोलकाता की एक अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है। सूत्रों के मुताबिक ईडी ने कोलकाता स्थित धनशोधन निवारण अधिनियम मामलों की विशेष अदालत में यह आरोप पत्र दाखिल किया है। इसमें लगभग एक लाख 74 हजार करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया गया है। इसमें आरोप है कि ज्यादा लाभ देने के नाम पर लोगों से करोड़ों रुपये लिए गए। हालांकि उन्हें उनका पैसा वापस नहीं किया गया।

## लखनऊ समेत 50 से अधिक जिलों में बारिश की संभावना

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित 50 जिलों में आगामी बारह घंटे के दौरान 30 से 40 किमी की गति से चलने वाली हवाओं के साथ अचानक मेघ गर्जना के साथ बारिश होने की संभावना है।

मौसम विभाग ने प्रदेश के सीतापुर, गोंडा, श्रावस्ती और लखीपुर खीरी में भारी बारिश की संभावना जताई है। कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में शनिवार को आसमान में बादल छाए रहे। बादलों की आवाजाही के बीच सूरज भी लुका छिपी का खेल खेलता रहा। प्रदेश के सोनभद्र, मीरजापुर, जौनपुर, चंदौली, प्रयागराज, संत रविदास नगर, वाराणसी, गाजीपुर, बलिया, अमेठी, इटाह, कासगंज,आजमगढ़, मऊ, सुलतानपुर, अम्बेडकर नगर, देवरिया, अयोध्या, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई, फरूखाबाद, सीतापुर, बहराइच, गोंडा, महाराजगंज, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, बरेली, पीलीभीत, रामपुर, अलीगढ़, बदायूं, गौतमबुद्ध नगर, बुलन्दशहर, संभल, हापुड़, अमरोहा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, मेरठ, बागपत, बिजनौर, शामली, सहारनपुर, सहित अन्य जिलों में मेघ गर्जना और अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना है।

**इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दो न्यायाधीश नियुक्त**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अधिवक्ता अमिताभ कुमार राय और राजीव लोचन शुक्ला को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है। केंद्रीय विधि व न्याय मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर उनकी नियुक्ति से संबंधित यह घोषणा की। केंद्रीय विधि व न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भी अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल कर एक पोस्ट कर के सर्वश्री राय और शुक्ला को न्यायाधीश बनाने से संबंधित जानकारी साझा की। राष्ट्रपति भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श के बाद अधिवक्ताओं- सर्वश्री अमिताभ कुमार राय और राजीव लोचन शुक्ला को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करते हैं।

## जीएसटी में सुधार से देशवासियों को बड़ी राहत

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों को 140 करोड़ देशवासियों के लिए बड़ी राहत पहुंचाने वाला बताया है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में शनिवार को पत्रकार वार्ता में वैष्णव ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मध्यम वर्ग के प्रति काफी निष्ठा है जो समय-समय पर हम सभी को दिखाई देती है। उन्होंने करों में बड़ा सुधार करके 12 लाख रुपये तक की आय वाले मध्यम वर्गीय परिवारों को छूट देकर और अब बड़े पैमाने पर जीएसटी में सुधार करके मध्यम वर्ग के परिवारों को बड़ी राहत और तोहफा दिया है।÷ उन्होंने कहा कि जीएसटी



में जिस तरह के सुधार हुए हैं उनसे देश के 140 करोड़ देशवासियों को बड़ी राहत मिली है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए वैष्णव ने कहा कि 2014 से पहले करों का मकड़जाल फैला था जिसके कारण हर वस्तु पर कई तरह के कर लगाकर एक साधारण परिवार आम आदमी और मध्यम वर्गीय परिवार पर बड़ा बोझ डाल दिया गया था। मंत्री ने कहा, आज जीएसटी में सुधार से देश के जन-जन पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा और उन्हें राहत मिलेगी। जरुरत की सारी वस्तुओं पर जीएसटी कम किया गया है। इससे रोटी, कपड़ा

**जीएसटी स्लैब में बदलाव से किसानों को राहत : शिवराज**

**भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जीएसटी स्लैब में बदलाव से किसानों को बड़ी राहत मिली है। खेती में उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने के प्रयासों को जीएसटी के सुधारों से फायदा होगा। नए प्रावधानों में कई तरह की छूट दी गई है, जो किसानों और लखपति दीदियों के लिए वरदान सिद्ध होंगी। इससे प्राकृतिक खेती और जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। फैसले से व्यक्तिगत खरीदी ज्यादा फायदेमंद होगी और सामूहिक खरीदी में भी नुकसान की स्थिति नहीं रहेगी। केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान रविवार को मध्य प्रदेश भोपाल स्थित अपने निवास पर नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफार्म के संबंध में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

## राजा रघुवंशी हत्याकांड में मेघालय पुलिस ने दाखिल किया 790 पन्नों का आरोप-पत्र

**पत्नी सोनम, प्रेमी राज कुशवाहा और तीन भाड़े के हत्यारों को बनाया मुख्य आरोपी**

एजेंसी

**शिलांग।** मेघालय पुलिस ने इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की सनसनीखेज हनीमून हत्याकांड में 790 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया है, जिसमें उनकी पत्नी सोनम, उनके प्रेमी राज कुशवाहा और तीन भाड़े के हत्यारों को मुख्य आरोपित बनाया गया है।

29 वर्षीय राजा ने इसी साल 11 मई को 25 वर्षीय सोनम से शादी की थी। मेघालय में अपने हनीमून के कुछ ही दिन बाद, वह लापता हो गए। 2 जून को, उनका सड़ा-गला शव वेइसाडोंग फॉल्स के पास एक घाटी में मिला, जिससे गुमशुदगी की शिकायत हाल के वर्षों के सबसे परेशान करने वाले हत्याकांडों में से एक बन गई। जांच से पता चला कि सोनम, जो अपने परिवार की कंपनी में अकाउंटेंट राज के साथ रिश्ते में थी, ने कथित तौर पर शादी से पहले ही अपने पति की हत्या की साजिश रची थी। दोनों पर तीन सुपारी किलरों- आकाश राजपूत, विशाल चौहान और आनंद कुर्मी को अपराध को अंजाम देने के लिए लगभग 20 लाख रुपये देने का आरोप है। सूचीबद्ध पांच आरोपी हैं- सोनम रघुवंशी, राज सिंह कुशवाह, विशाल सिंह चौहान, आकाश सिंह राजपूत और आनंद कुर्मी पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 103(1), 238(ए) और 61(2) के तहत हत्या, सबूत नष्ट करने और आपराधिक षड्यंत्र से संबंधित आरोप लगाए गए हैं। 30 मई को, झरने के पास एक ट्रेकिंग के दौरान, राजा पर किराए के लोगों ने घात लगाकर हमला किया, उसके सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया और उसे खाई में फेंक दिया।



**आतंकी फंडिंग से जुड़े केस में ईडी ने 6.34 लाख की संपत्ति को किया अटैच**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में आतंकी फंडिंग से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राजू खान की करीब 6.34 लाख रुपये की संपत्ति को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत अस्थायी रूप से अटैच किय। मामला स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) और इंडियन मुजाहिद्दीन जैसे प्रतिबंधित संगठनों से जुड़ा है। ईडी ने इस केस में अब तक कुल 9.15 लाख रुपये की चल-अचल संपत्ति अटैच की है।एजेंसी का कहना है कि मामले की गहन जांच जारी है। ईडी के अनुसार रायपुर के खमतराई थाने में दर्ज एफआईआर में पाकिस्तान के एक शख्स खालिद के इशारों पर भारत में कुछ बैंक अकाउंट्स का इस्तेमाल आतंकियों तक पैसे पहुंचाने के लिए किए जाने का जिक्र था।

## यूपी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई पहले दिन की पीईटी 2025 परीक्षा

समृद्धि न्यूज

**प्रदेश के 48 जिलों में परीक्षा की जा रही आयोजित**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा पेट 2025 शनिवार को प्रारंभ हुई। पहले दिन शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा 6 और 7 सितंबर को होनी है। प्रदेश के 48 जिलों में यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा का आयोजन 7 सितंबर तक दो पॉलियों में आयोजित की जाएगी। उम्मीदवारों को अपनी शिफ्ट शुरू होने से कम से कम 2 घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना है।

यूपी एसएसएससी पीईटी 2025 की पहली पॉली के लिए सुबह 8 बजे तक और दूसरी पॉली के लिए दोपहर 1 तक रिपोर्टिंग करने के लिए कहा गया है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में सरकारी विभागों की समूह ग पदों पर भर्ती के लिए आयोजित की जाने वाली पीईटी परीक्षा में लगभग 25 लाख छात्र शामिल हो रहे हैं। परीक्षा यूपी के 48 जिलों में हो रही है। इन जिलों में 10479 केंद्र बनाए गए हैं। बरेली के अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे ने बताया कि प्रशासनिक निगरानी और पुख्ता इंतजाम के चलते परीक्षा जिलेभर में शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। प्रथम पॉली में 20,880 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 16,205 उपस्थित रहे जबकि 4,675 अनुपस्थित रहे।

**नवनियुक्त एडी बेसिक संजय कुशवाहा ने संभाला कार्यभार**

**प्रयागराज ।** प्रयागराज मण्डल के नवनियुक्त एडी बेसिक संजय कुमार कुशवाहा ने शनिवार को कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने मातहत कर्मचारियों के साथ कार्यालय में कार्यों की, लम्बित आईजीआरएस सहित अन्य कार्यों की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए। गाजीपुर निवासी संजय कुमार कुशवाहा का इलाहाबाद विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण करने के बाद वर्ष 2005 में पीईएस संवर्ग में चयन हुआ। पहली पोस्टिंग एडीआईओएस प्रयागराज के पद पर हुई। बीएसए प्रयागराज, बीएसए फतेहपुर, एडी बेसिक सहारनपुर और डायट प्राचार्य फतेहपुर के पद पर कुशलतापूर्वक कार्य कर चुके हैं। नवनियुक्त एडी बेसिक संजय कुमार कुशवाहा सरल स्वभाव एवं मृदुभाषी हैं।

## भारत-अमेरिका के साथ अपनी मित्रता को देता है महत्व : जयशंकर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से तल्खी दूर करने के प्रयासों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की है और कहा है कि वह अमेरिका के साथ अपनी साझीदारी को बहुत महत्व देता है। विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर ने शनिवार को यहां कहा कि भारत अमेरिका के साथ अपनी मित्रता को बहुत ज्यादा महत्व देता है।

हम अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखे हुए हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर लगाए गए टैरिफ के चलते दोनों देशों के रिश्ते में हाल के समय में कुछ दूरियां देखने को मिली हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के साथ हमारी साझीदारी को बहुत महत्व देते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उनके हमेशा से बहुत अच्छे व्यक्तिगत संबंध रहे हैं, लेकिन मुद्दा यह है कि हम अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखे हुए हैं और इस समय वे इससे ज़्यादा कुछ नहीं कह सकते। उल्लेखनीय है कि व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत-अमेरिका संबंधों पर एक बयान में प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तित्व की प्रशंसा की थी और उनके साथ अपने मित्रता को बनाए रखने की बात कही थी।




**बयान** | **अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस से जारी अपने बयान में कहा**

## भारत के साथ रिश्ते बेहद खास, प्रधानमंत्री मोदी मेरे अच्छे दोस्त

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अमेरिका द्वारा भारत पर भारी टैरिफ लगाये जाने के बाद दोनों देशों में चल रही तनातनी के बीच पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत के साथ संबंधों को विशेष और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अच्छा दोस्त बताये जाने वाले बयान और उस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सकारात्मक जवाब के बाद इस मुद्दे के समाधान की उम्मीद बढ़ गयी है।

श्री ट्रंप ने शुक्रवार को अपने पहले दिये गये बयान से बारह घंटे में ही पलटते हुए व्हाइट हाउस में भारत के साथ रिश्तों को बेहद खास बताते हुए



कहा था कि वह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा अच्छे दोस्त रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि वह महान प्रधानमंत्री हैं। दोनों देशों के संबंधों के बारे में श्री ट्रंप ने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी प्रधानमंत्री मोदी के साथ अच्छी बनती हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने साथ ही यह भी कहा कि लेकिन उन्हें भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को लेकर नाराजगी भी है। साथ ही उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कभी-कभी इस तरह की बातें हो जाती हैं। श्री मोदी ने शनिवार को इसके जवाब पर बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि वह श्री ट्रंप की भावनाओं का सम्मान करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा ,÷ राष्ट्रपति ट्रम्प की भावनाओं और हमारे संबंधों के सकारात्मक मूल्यांकन की हम तहे दिल से सराहना करते हैं और उनका पूर्ण समर्थन करते हैं। भारत और अमेरिका के बीच एक अत्यंत सकारात्मक और दूरदर्शी व्यापक एवं वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है। उल्लेखनीय है कि श्री ट्रंप ने इससे पहले चीन में प्रधानमंत्री मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात के बाद कहा था कि लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। लेकिन बारह घंटे के अंदर ही श्री ट्रंप ने अपने रूख को बदलते हुए भारत के साथ रिश्तों को अहम बताया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी प्रशंसा की और कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है।

**ट्रंप की सकारात्मक राय का करता हूं समर्थन : मोदी**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वह भारत-अमेरिका संबंधों के सकारात्मक आकलन के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सराहना करते हैं। इससे पहले ट्रंप ने दोनों देशों के विशेष संबंध की सराहना की थी, जिसे दोनों देशों रिश्तों में आए तनाव को खत्म करने के प्रयास के तौर पर देखा गया। मोदी ने कहा, हम राष्ट्रपति ट्रंप की भावनाओं और हमारे संबंधों को लेकर उनकी सकारात्मक राय की सराहना करते हैं और उसका पूरी तरह से समर्थन करते हैं।

# शिक्षक दिवस पर भाजपा कार्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह सम्पन्न

- सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान, विधायक बोले- शिक्षक समाज के सच्चे पथप्रदर्शक

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षक दिवस के अवसर पर नगर के भाजपा कार्यालय में एक गरिमामयी शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने की। इस अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित शिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं की भारी मौजूदगी रही। समारोह में बेसिक शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके अमूल्य योगदान और सेवा भावना के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों में ओमप्रकाश त्रिपाठी, मिश्रीलाल शुक्ला, राकेश मिश्रा, रमाकांत मिश्रा सहित अनेक शिक्षकों का नाम शामिल रहा। विधायक एवं अतिथियों ने माल्यार्पण कर शिक्षकों का अभिनंदन किया और उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किए।



कार्यक्रम की अध्यक्षता पी0डी0इण्टर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य गुलशन कुमार भसीन रहे। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक शुक्ला, वरिष्ठ नेता नत्थू लाल शुक्ला, बहादुर नगर मंडल अध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष मनोज गुप्ता, अनुज त्रिपाठी, आशीष त्रिवेदी इंद्रजीतसिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ÷शिक्षक राष्ट्र निर्माण के सच्चे ध्वजवाहक होते हैं।

एक अच्छा शिक्षक न सिर्फ बच्चों को ज्ञान देता है बल्कि समाज में मूल्य, संस्कार और नैतिकता की नींव भी रखता है। सेवानिवृत्त होने के बाद भी शिक्षकों की भूमिका समाज में प्रेरणास्रोत बनी रहती है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने शिक्षकों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज भी समाज में शिक्षकों का स्थान सर्वोपरि है। उनके मार्गदर्शन से ही नई पीढ़ी सही दिशा प्राप्त करती है। नगर मंडल के नेताओं ने कहा कि भाजपा संगठन सदैव सम्माननीय व्यक्तियों को मान्यता देने के लिए प्रतिबद्ध है और शिक्षकों का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

पूरे कार्यक्रम का संचालन अध्यापक सचिन दीक्षित ने किया। समापन अवसर पर राष्ट्रगान के साथ सभी ने शिक्षकों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। समारोह के दौरान माहौल उत्साहपूर्ण और गरिमामयी रहा, जिसमें गुरु-शिष्य परंपरा की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

## चंद्र ग्रहण के साथ पितृपक्ष की शुरुआत, गर्भवती महिलाओं को सावधानी की सलाह

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**



भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा से आज से पितृपक्ष आरंभ हो गया है। इसी दिन रात 9:57 बजे से खग्रास चंद्र ग्रहण लगेगा, जिसका मध्य 11:41 बजे और मोक्ष 1:27 बजे होगा। ग्रहण से 9 घंटे पहले सूतक लग जाएगा, जिसके चलते मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे।

महंत प्रमोद जी महाराज ने बताया कि ग्रहण काल में स्नान, भोजन, यात्रा, मैथुन और पूजा-पाठ वर्जित है। मोक्ष के बाद मंदिरों की शुद्धि कर आरती व प्रसाद वितरण होगा। इस समय जप, दान, मंत्र साधना और पितृकर्म विशेष फलदायक माने जाते हैं। गर्भवती महिलाओं को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। धारदार वस्तुओं का प्रयोग, सिलाई-कढ़ाई और परिश्रम वर्जित है। उन्हें घर के भीतर रहकर तेज रोशनी से बचना और शांत मन से मंत्र जाप करना चाहिए।

## खबरें एक नजर में

### लाखों की लागत से बनी सड़क साल भर में जर्जर

- बेलरायां-मांझा मार्ग पर गहरे गड्ढे, हादसों से ग्रामीण दहशत में

**बेलरायां-खीरी, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत करोड़ों की लागत से बनी सड़क साल भर भी नहीं टिक पाई। बेलरायां से मांझा मार्ग पर बनी यह सड़क जगह-जगह गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। आलम यह है कि गड्ढों में टेंपो पलटने से कई लोग घायल हो चुके हैं। वहीं इसी मार्ग से रोजाना दर्जनों स्कूली बच्चे आते-जाते हैं, जिससे अभिभावकों की चिंता और बढ़ गई है।



सड़क के उद्घाटन के समय ग्रामीणों को उम्मीद थी कि अब उन्हें लम्बे समय तक बेहतरीन सुविधा मिलेगी, लेकिन बरसात शुरू होते ही निर्माण की पोल खुलने लगी। ग्रामीणों का कहना है कि गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क गायब हो जाती है। आए दिन वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं। कई बार लोग चोटिल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अधिकारी और ठेकेदार की मिलीभगत से सड़क में घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल हुआ, तभी यह हालात बने। ग्रामीणों ने सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### सड़क हादसे के घायल की एसएसबी जवानों ने बचाई जान



**पलिया कलां, खीरी, समृद्धि न्यूज।** मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए 39वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) समवाय गौरीफंटा की गश्ती टीम ने शुक्रवार रात एक सड़क हादसे में घायल युवक की जान बचाकर सराहनीय कार्य किया। जानकारी के अनुसार गश्ती दल अपने नियमित कार्य से लौट रहा था। रात लगभग आठ बजे दुधवा-पलिया मार्ग पर गौरीफंटा समवाय मुख्यालय से लगभग पाँच सौ मीटर की दूरी पर सड़क किनारे जंगल में उन्हें एक वाहन की संकेतक (इंडिकेटर) लाइट जलती दिखाई दी। शक होने पर जवान मौके पर पहुँचे तो एक टाटा नेक्सोन (यूपी-31 सीसी-4353) दुर्घटनाग्रस्त हालत में मिला, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल था। सीमा बल के जवानों ने बिना समय गंवाए घायल को वाहन से निकालकर सुरक्षित स्थान पर प्राथमिक उपचार दिया और तत्पश्चात तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कजरिया पहुँचाया। घटना की सूचना पुलिस चौकी गौरीफंटा को भी दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुँची और मामले की जानकारी जुटाई। इस मानवीय पहल में शामिल एसएसबी टीम के जवानों में सहायक कमांडेंट बिशन दास, उपनिरीक्षक (जीडी) काजल कुमारी, कांस्टेबल (जीडी) शिल्पी कुमारी, सेजल बेन, देवा दिव्या एम., सीता यादव, सहायक उपनिरीक्षक (जीडी) चंद्र प्रकाश, हेड कांस्टेबल (जीडी) रामचंद्र सिंह, कांस्टेबल (जीडी) प्रदीप महौर, रबारी शंकर भाई, राहुल कुमार, नरेश कुमार तथा हेड कांस्टेबल (जीडी) राज सिंह शामिल रहे। सीमा बल की इस त्वरित कार्रवाई और तत्परता से घायल युवक को समय पर इलाज मिल सका और उसकी जान बच गई। स्थानीय लोगों ने एसएसबी जवानों की इस मानवीय सेवा की जमकर सराहना की।

### फैमिली क्लिनिक पर गंभीर आरोप

- गलत दवा से मरीज की हालत बिगड़ी, परिवार ने डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज। कुसाही बाजार बेलरायां स्थित फैमिली क्लिनिक पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सूरत नगर निवासी सुनील कुमार पुत्र जयप्रकाश का कहना है कि क्लिनिक संचालक डॉ. राजकुमार ने उन्हें गलत दवाइयाँ दीं, जिसके चलते उनकी हालत और बिगड़ गई। तबीयत अधिक खराब होने पर परिजन उन्हें तुरंत हाइवे हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर लखीमपुर ले गए। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल के डॉक्टरों ने स्पष्ट बताया कि फैमिली क्लिनिक से दी गई दवाइयाँ ही मरीज की गंभीर स्थिति का कारण बनीं। वहीं, जब इस मामले में डॉक्टर राजकुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उनकी दवाइयाँ बिल्कुल सही हैं और मरीज चाहे तो उन्हें कहीं भी दिखा सकता है। परिजन डॉक्टर की इस दलील से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि ट्रॉमा सेंटर के चिकित्सकों ने स्वयं बताया कि जो दवाइयाँ दी गई थीं, वे मरीज के लिए बेहद घातक साबित हुईं।

# आकाशीय बिजली से मृत पत्रकार के परिजनों को मिला चार लाख का मुआवजा

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना ईसानगर क्षेत्र के ग्राम शिवपुर निवासी स्वर्गीय रोहित मिश्रा पुत्र अवधेश कुमार मिश्र की कुछ दिन पूर्व खेत में कार्य करते समय आकाशीय बिजली गिरने से दर्दनाक मौत हो गई थी। रोहित की असमय मृत्यु से न केवल परिवार बल्कि पूरे गांव व क्षेत्रीय पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई थी। शनिवार को शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी एवं तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल सिंह ने परिजनों से भेंट कर संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने शासन की ओर से मृतक आश्रित परिवार को मिलने वाली सहायता योजना के अंतर्गत चार लाख रुपये का चेक सौंपा।



इस मौके पर विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि रोहित मिश्रा एक उभरते हुए पत्रकार थे। उनकी असमय मृत्यु क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। दुख की इस घड़ी में शासन-प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। परिजनों ने चेक प्राप्त कर प्रशासनिक सहयोग के प्रति आभार जताया, लेकिन बेटे की असमय मौत का गहरा दर्द उनके चेहरे पर साफ झलक रहा था। परिवारजन लगातार रो-रोकर बेसुध हो रहे थे, जिन्हें आसपास मौजूद ग्रामीण सांत्वना देते रहे। गांव में अब भी शोक का माहौल व्याप्त है और लोग रोहित मिश्रा के सौम्य स्वभाव, शास्त्र ज्ञान और समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को याद कर भावुक हो उठते हैं।

# अत्यधिक बाढ़ में स्वास्थ्य विभाग तत्पर जिलाधिकारी के आदेश का अनुपालन

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील धौरहरा के अंतर्गत विकास खंड ईसानगर क्षेत्र इन दिनों भीषण बाढ़ की चपेट में है। चारों ओर पानी भर जाने से ग्रामीणों का जीवन प्रभावित हुआ है। इस विकट परिस्थिति में किसी भी ग्रामीण को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी न हो, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क और सक्रिय दिखाई दे रहा है। जिलाधिकारी के निर्देशों का अनुपालन करते हुए विभाग ने जगह-जगह बाढ़ चौकियाँ स्थापित कर चिकित्सकीय सेवाएँ उपलब्ध कराई हैं।

इसी क्रम में जसवंत नगर बाढ़ चौकी पर डॉ. आर. बी. गुप्ता, एनसीडी काउंसलर विकास कुमार तथा फार्मासिस्ट फ़रहान किदवई लगातार मौजूद रहकर प्रभावित ग्रामीणों को आवश्यक चिकित्सीय सहायता प्रदान कर रहे हैं। टीम द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है, बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष देखभाल की व्यवस्था की गई है, साथ ही जरूरतमंदों को तत्काल दवाइयाँ भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। डॉक्टरों की टीम ने बताया कि बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में पानी से होने वाली बीमारियों जैसे- डायरिया, डेंगू, वायरल बुखार और त्वचा संबंधी संक्रमण का ख़तरा अधिक बढ़ जाता है। ऐसे में ग्रामीणों को जागरूक करना, साफ पानी का उपयोग करने की सलाह देना और प्राथमिक इलाज उपलब्ध कराना बेहद आवश्यक है।स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता से बाढ़ पीड़ितों में राहत की भावना देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस कठिन समय में प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की तत्परता ने उन्हें बड़ी राहत दी है।






### श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई अनंत चतुर्दशी

**बिजुआ (खीरी), समृद्धि न्यूज।** भगवान विष्णु को समर्पित अनंत चतुर्दशी का पर्व शनिवार को क्षेत्र में श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालु उपवास रखकर पूजा-अर्चना में जुट गए। महिलाओं और पुरुषों ने अनंत सूत्र बांधकर परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को पड़ने वाले इस व्रत को लेकर मंदिरों और घरों में विशेष आयोजन हुए। श्रद्धालुओं ने पुरोहितों से कथा सुनी और प्रसाद ग्रहण किया। मान्यता है कि कच्चे सूत से बनी 14 गांठों वाली डोरी को बांधने से जीवन में सुख-शांति और वैभव की प्राप्ति होती है। क्षेत्र के बिजुआ, मूड़ा सवारान, भदेड, भैठिया बस्तौली, शिवपुरी, भानपुर, पिपरिया गंगा, पड़रिया तुला, गोधिया सहित कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने धूमधाम से पर्व मनाया। पूरे दिन भक्ति और आध्यात्मिक माहौल छाया रहा। अनंत चतुर्दशी पर व्रत रखने और अनंत सूत्र बांधने की परंपरा आज भी ग्रामीण अंचलों में गहरी आस्था के साथ निभाई जाती है।

# सेपक टाकरा खिलाड़ियों का हुआ भव्य सम्मान

- लखीमपुर में होगी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता
- पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित, युवाओं में दिखा उत्साह



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में सेपक टाकरा एसोसिएशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में पूर्व अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खेल प्रेमियों और युवा खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरी के चाचा धर्मेंद्र गिरी मोंटी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेपक टाकरा अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बना चुका है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही लखीमपुर जिले में इस खेल की प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित कराई जाएगी।

समारोह में पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व जिला सेपक टाकरा अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, उत्तर प्रदेश सेपक टाकरा एसोसिएशन के संयुक्त सचिव तान सिंह, धर्मेंद्र गिरी मोंटी, राजन साहनी, प्रदीप खितौलिया एवं मनोज गुप्ता को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही शहर के पत्रकारों डा. अविनाश वर्मा, कामता सिंह को भी खेल जगत में सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर खिलाड़ियों, समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों ने खेल को और अधिक बढ़ावा देने का संकल्प लिया। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस से सेवानिवृत्त एवं एसोसिएशन के प्रदेश संयुक्त सचिव तान सिंह ने कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है और वे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं। समारोह में धर्मेंद्र सिंह (प्रचार मंत्री, जिला कमेटी), सदस्य धरम सिंह, राष्ट्रीय अंपायर अरविंद, राष्ट्रीय खिलाड़ी आदित्य कुमार, समाजसेवी अशोक सक्सेना, आशीष बाजपेई समेत बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### दिव्यांग यूनियन ने उठाई समस्याओं के समाधान की मांग, पुनः धरने की चेतावनी

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** भारतीय दिव्यांग यूनियन ने ब्लॉक कुंभी गोला में बैठक कर दिव्यांगजनों की वर्षों से लंबित मांगों पर गहरी चिंता जताई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष विकास कुमार ने की, जिसमें बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। विकास कुमार ने बताया कि यूनियन द्वारा 30 जून से 5 जुलाई तक बड़ा चौराहा स्थित इंदिरा पार्क में धरना दिया गया था। धरने को विधायक अमन गिरी, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू व एसडीएम युगांतर त्रिपाठी के आश्वासन पर स्थगित किया गया था, लेकिन अब तक किसी भी मांग पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। यूनियन की प्रमुख मांगों में दिव्यांगजनों को अंत्योदय राशन कार्ड, मुद्रा ऋण, आवास योजना, आवासीय पट्टे, मंडी समितियों में आरक्षण के तहत जगह, रोडवेज बसों में सम्मानजनक यात्रा, व सरकारी अस्पतालों में अलग काउंटर शामिल हैं। बैठक में तय किया गया कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो यूनियन बिना अनुमति के फिर से धरना शुरू करेगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर रियाजुद्दीन इदरीसी, अमित कुमार, राजेश मौर्य, नारायण, तिलकराम, हरीश, वकील, इसरार, सजेश कुमार समेत दर्जनों दिव्यांगजन मौजूद रहे।

# अचलपुर चौधरी में निकली शोभायात्रा, गणपति बप्पा की प्रतिमा का किया गया विसर्जन

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के अचलपुर चौधरी में गणेश महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। पांच दिनों तक गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना और भक्ति गीतों की गूंज के बाद रविवार को शोभायात्रा निकालकर बप्पा का विधिवत विसर्जन किया गया।

शोभायात्रा में श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते चल रहे थे। जगह-जगह भक्तों ने पुष्प वर्षा कर गणपति बप्पा का स्वागत किया। गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आना के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। विसर्जन यात्रा में महिलाओं, बच्चों और युवाओं की भारी भीड़ उमड़ी। कस्बे में मेले जैसा दृश्य देखने को मिला। इस मौके पर भक्तों ने परिवार और गांव की सुख-समृद्धि की मंगल कामनाएं कीं। विसर्जन के उपरांत विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे में हजारों की संख्या में लोगों ने सम्मिलित होकर प्रसाद का आनंद लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष संदीप वर्मा, रविंद्र गुप्ता, डाक्टर विजय बहादुर कनौजिया, राजेश, सुशील गुप्ता, राम सवारे, प्रदीप गुप्ता, बजरंगी गुप्ता, पिन्टू, गोलू, महन्त गिरजाशंकर मिश्र, अंकित, राजेन्द्र विनय, नंद किशोर, राजेश्वरी दूबे, अजय, अमिताभ जायसवाल, पूरन कश्यप व रमेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# शिक्षक दिवस पर कमला गुप्ता सम्मानित

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षक दिवस के अवसर पर जनपद बलरामपुर के प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर प्रथम की प्रधानाध्यापिका कमला गुप्ता को कैलाश नाथ शुक्ला विधायक तुलसीपुर एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बलरामपुर शुभम शुक्ला द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह शिक्षा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और विद्यालय में किए गए सराहनीय कार्यों की पहचान के रूप में आयोजित किया गया।

सम्मान प्राप्त करने के बाद कमला गुप्ता ने कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी व्यक्तिगत नहीं है, बल्कि विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों का सामूहिक सम्मान है। उन्होंने बताया कि सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मिलकर छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, बच्चों के प्रति समर्पित रहने और प्रत्येक विद्यार्थी पर व्यक्तिगत ध्यान देने का कार्य किया है। इसी सामूहिक प्रयास और सहयोग का परिणाम है कि उन्हें यह अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने आगे कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पाठक के मार्गदर्शन और सहयोग ने सदैव उन्हें प्रेरित किया। समय-समय पर विद्यालय की समस्याओं का समाधान कराकर उन्होंने शैक्षिक वातावरण को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने ने इस सम्मान को परिश्रम, समर्पण और शिक्षा के प्रति दृढ़ संकल्प का प्रतीक बताया समारोह में मौजूद अतिथियों, शिक्षकों और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अन्य ब्लॉकों से सम्मानित शिक्षकों में अमरपाल सिंह, जावेद अहमद, मनोरमा जायसवाल, कनीज फातिमा, रीता गुप्ता, शिवकुमार सोनी, विजय कुमार मिश्रा आदि शामिल रहे।

# रुधौली मजरा के पास संकटा चौराहा का हुआ नामकरण

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के रुधौली मजरा निवासी स्वर्गीय संकटा प्रसाद श्रीवास्तव, जो सदुल्लानगर डाकघर में डाकिया के पद पर कार्यरत थे, अपनी ईमानदारी और सेवा भावना के लिए पूरे क्षेत्र में जाने जाते थे। वे बरसों तक बारिश-धूप की परवाह किए बिना लोगों तक डाक और पत्र-पत्रिकाएँ पहुँचाने का कार्य करते रहे। समाज सेवा और कर्तव्यनिष्ठा की इस मिसाल को हमेशा जीवित रखने के उद्देश्य से क्षेत्रवासियों ने उनके सम्मान में रुधौली मजरा के पास स्थित एक प्रमुख स्थान का नामकरण ÷संकटा चौराहा÷ कर दिया।




गौरतलब है कि संकटा प्रसाद श्रीवास्तव का निधन 29 अगस्त 2025 को हो गया था। उनके जाने के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। लोगों का मानना है कि यह नामकरण आने वाली पीढ़ियों को उनके त्याग, निष्ठा और सेवाभाव की याद दिलाता रहेगा।

इस नामकरण के संस्थापक सदस्य संतोष कुमार श्रीवास्तव, रमेश कुमार, संजय श्रीवास्तव और मनोज श्रीवास्तव रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी रियाज अहमद तथा अरिफ हन्नान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर इस पल को यादगार बनाया और संकल्प लिया कि समाजहित में संकटा प्रसाद श्रीवास्तव के आदर्शों को आगे बढ़ाया जाएगा।

वर्गीकृत

**सूचना**

मैं सूचनार्थी शिवम पुत्र रणधीर सिंह निवासी-पनवाड़ी, परगना/तहसील-कुलपहाड़, जिला-महोबा का हूं, मेरी प्रथम टीसी 2021 स्वामी विवेकानंद इण्टर कालेज, पनवाड़ी जिला-महोबा वास्तव में कहीं खो गई है, जो काफी खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिली।

**सूचनार्थी**
**शिवम पुत्र रणधीर सिंह**

# बदइंतजामी की मार झेल रहा उतरौला नगर, कूड़े के ढेर व जाम नालियों से बेहाल जनता

**बी पी त्रिपाठी**

**उतरौला, बलरामपुर।** बलरामपुर जनपद का दूसरा सबसे बड़ा नगर पालिका क्षेत्र उतरौला वार्ड नम्बर 25 इन दिनों गंदगी और अव्यवस्था की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। नगर के अधिकांश मोहल्लों और मुख्य बाजार क्षेत्रों में जगह-जगह कूड़े के ढेर जमा हैं और नालियां महीनों से साफ न होने के कारण जाम पड़ी हुई हैं। बरसात के मौसम में हालात और भी बदतर हो गए हैं, क्योंकि नालियों का पानी सड़कों पर बहकर कीचड़ और बदबू फैला रहा है। मच्छरों की बढ़ती तादाद से डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडराने लगा है।

अधिकांश प्रमुख मार्गों की हालत दयनीय है। नालियों में महीनों से सफाई न होने के कारण गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इस कारण न केवल पैदल चलने वालों बल्कि वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढों और कीचड़ के कारण आए दिन लोग फिसलकर घायल हो जाते हैं।

सिराजुद्दीन (सभासद) ने बताया नगर के विद्यालयों की ओर जाने वाले रास्तों का हाल भी कुछ ठीक नहीं है। छोटे-छोटे बच्चे रोजाना गड्ढा युक्त मार्ग और गंदगी से भरी गलियों से होकर स्कूल जाते हैं। अभिभावकों का कहना है कि गंदगी और मच्छरों के बीच बच्चों का स्वास्थ्य खतरे में है। कई बच्चे बीमार पड़ चुके हैं।

बड़कन का कहना है, कि गंदगी और गड्ढा युक्त मार्ग से होकर गुजरने की मजबूरी बच्चों के स्वास्थ्य पर गहरा असर डाल रही है। यह प्रशासन की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है।

वार्ड नं 24 की पड़ताल

**दैनिक बस्तुओं की खरीदारी भी प्रभावित:-** मुख्य बाजार और सब्जी मंडी क्षेत्र में गंदगी के ढेरों से उठने वाली दुर्गंध के कारण ग्राहक जल्दी-जल्दी अपना सामान खरीदकर निकल जाते हैं। व्यापारी वर्ग का कहना है कि गंदगी के चलते ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है और इससे उनकी आय पर सीधा असर पड़ रहा है।



मोहम्मद अबरार, मुन्ना पटेल, अब्दुल हलीम, मोहम्मद रिजवान (सभासद), गुलाम मोहम्मद, डॉ. ताजुद्दीन

मंजूर हुसेन ने बताया, मुख्य सड़क कभी सफाई नही होती है गन्दगी व किनारे जमा कूड़े से ग्राहक दुकानों पर रुकने से बचते हैं। यह स्थिति लंबे समय तक रही तो व्यापार बुरी तरह प्रभावित होगा।

नगर में व्यापक गंदगी और बजबजाती नालियों में जमे पानी से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। नगर के विभिन्न इलाकों में लोग बुखार, डेंगू और मलेरिया जैसे लक्षणों से पीड़ित हो रहे हैं। निजी अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों की संख्या में अचानक बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। डॉक्टरों ने भी चेतावनी दी है कि यदि तत्काल सफाई और फॉगिंग की व्यवस्था नहीं की गई तो संक्रामक बीमारियों का बड़ा विस्फोट हो सकता है। कल्लू ने बताया, बरसात के मौसम में नालियों और कूड़े की सफाई न होने से मच्छरजनित बीमारियों का खतरा और बढ़ जाता है। प्रशासन को नियमित फॉगिंग और सफाई पर जोर देना होगा।

**नगर पालिका अध्यक्ष उदासीनता पर लोगों का आक्रोश:-** स्थानीय नागरिकों ने कई बार नगर पालिका प्रशासन को समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोग मानते हैं कि पालिका की उदासीनता के कारण नगर की छवि धूमिल हो रही है। अकील खान ने कहा, गली-मोहल्लों में गंदगी और मच्छरों की वजह से रात को पढ़ाई और सोना मुश्किल हो गया है। बाबू रजा) ने कहा, हम महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। चारों तरफ बदबू और बीमारी का डर बना रहता है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि नालियों की नियमित सफाई कराई जाए। कूड़े निस्तारण के लिए पर्याप्त डस्टबिन और ट्रॉलियों की व्यवस्था हो। मुख्य बाजार और सार्वजनिक स्थलों पर रोजाना सफाई कराई जाए। मच्छरों की रोकथाम के लिए नियमित फॉगिंग अभियान चलाया जाए। स्कूल और अस्पताल क्षेत्रों में विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उतरौला नगर की गंदगी और जाम नालियों की समस्या कोई नई नहीं है, लेकिन हाल के दिनों में यह स्थिति और भयावह हो गई है। यदि प्रशासन ने तत्काल कदम नहीं उठाए तो नगरवासियों के स्वास्थ्य और व्यापार दोनों पर गहरा असर पड़ेगा। नागरिकों का कहना है कि साफ-सफाई हर व्यक्ति का बुनियादी अधिकार है और नगर पालिका प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह इस दिशा में गंभीरता से काम करे।

HOME TUITION WALA
घर पर ही ट्यूशन पढ़वायें।
2 Days Free
Demo For Class
Nursery to 12th
ICSE/ CBSE/UP BOARD
Male/ Female Tutors are available
Mobile 7784888786
(9Am-9Pm)

लकी टी स्टाल एंड रेस्टोरेंट
स्वादिष्ट फास्ट फूड एवं मनभावन चाय
पता: निकट अरबिंदो पुलिस चौकी, तकरोही रोड, इंदिरानगर, लखनऊ

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, रविवार 07 सितंबर, 2025


# यूपी के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बने बेटियों की शिक्षा

**सीएम की मंशानुरूप सरकार की पहल से बदल रही प्रदेश की बेटियों की जिंदगी**

समृद्धि न्यूज




लखनऊ। शिक्षक दिवस के अवसर पर जब पूरे देश में गुरुओं के योगदान को याद किया जा रहा है, उसी क्रम में उत्तर प्रदेश में बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण की भी मिसाल देखने को मिल रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) बेटियों के लिए शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की नई पहचान बन चुके हैं। यहां शिक्षा ही नहीं, बल्कि खेल, डिजिटल दक्षता, आत्मरक्षा और जीवन कौशल का समावेश करके बेटियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा रहा है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आज उत्तर प्रदेश में बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण का मजबूत आधार बन गए हैं। मुख्यमंत्री योगी की मंशा है कि हर बेटी सुरक्षित माहौल में पढ़े, आगे बढ़े और अपनी मंजिल हासिल करे। शिक्षक दिवस के अवसर पर यह उपलब्धियां इस बात की गवाही हैं कि बेटियों की शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य का रास्ता है।

केजीबीवी की बालिकाएं अब खेलों के मैदान में भी चमक बिखेर रही हैं। प्रदेश की 222 बालिकाओं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में और 35 बालिकाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेकर अपनी प्रतिभा साबित की है।

### सुरक्षित माहौल और आत्मरक्षा प्रशिक्षण

सभी विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा गार्ड, ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली और सुरक्षित बाउंड्रीवॉल की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के साथ आत्मरक्षा पर भी विशेष जोर दिया गया है। अब तक 9.55 लाख से अधिक बालिकाओं को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण (जूडो-कराटे) दिया गया है। इसके अतिरिक्त 80,000 बालिकाओं को गरिमा कार्यक्रम के अंतर्गत रू॥रूप्रशिक्षण, और 2.60 लाख से अधिक बच्चियों को अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया है।

### जीवन कौशल और आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम

बेटियों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि जीवन कौशल, वित्तीय साक्षरता और डिजिटल दक्षता से भी लैस किया जा रहा है। 1.87 लाख बालिकाओं को वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण दिया गया। 2.28 लाख बालिकाओं को डिजिटल कुशलता प्रशिक्षण मिला। 1.03 लाख बालिकाओं को पावर एंजिल के रूप में प्रशिक्षित किया गया। 45 हजार से अधिक सुगमकर्ता और 38 हजार शिक्षिकाएं दीक्षा ऐप से जीवन कौशल प्रशिक्षण पा चुकी हैं। सरकार ने इन विद्यालयों में कम्प्यूटर लैब, अतिरिक्त डॉरमेट्री, टॉयलेट ब्लॉक, ओपन जिम, एस्ट्रोनॉमिकल लैब और म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट जैसी सुविधाएं मुहैया कराई हैं। साथ ही, माध्यमिक विद्यालयों में भी सीसीटीवी कैमरे, हेल्पलाइन पट्टिका, सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था की गई है।

**आवासीय शिक्षा से निखर रहा भविष्य :** प्रदेश के शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉकों में स्थापित 746 केजीबीवी में 1.21 लाख बालिकाओं के लिए कक्षा 6 से 12 तक आवासीय शिक्षा की व्यवस्था है। इनमें 75 प्रतिशत सीटें एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्गों की बालिकाओं के लिए आरक्षित हैं, जबकि 25 प्रतिशत सीटों पर बीपीएल परिवारों की बेटियों को प्रवेश दिया जाता है। यह व्यवस्था उन बच्चियों के लिए जीवनरेखा साबित हुई है, जिन्हें पहले शिक्षा का अवसर मुश्किल से मिल पाता था।

## मायावती ने भतीजे आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ को माफ कर पार्टी में शामिल किया

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भतीजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को माफ कर दिया है। उन्होंने कहा कि अशोक ने सार्वजनिक तौर पर अपनी गलती स्वीकार ली है। उन्हें अपनी गलती का अहसास हो चुका है इसलिए उन्हें एक बार और मौका देते हुए पार्टी में वापस लिया गया है।

बसपा प्रमुख मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि कई जिम्मेदार पदों पर लम्बे वर्षों तक कार्यरत एवं पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद अशोक सिद्धार्थ, जिन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिये कुछ माह पहले पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था, उन्होंने सोशल मीडिया पर आज अपने लम्बे पोस्ट के जरिये सार्वजनिक तौर पर अपनी गलती की माफी मांगी है। उन्होंने पार्टी और बसपा मूवमेन्ट के प्रति पूरी तरह से वफादार रहकर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के आत्म-सम्मान एवं स्वाभिमान के मूवमेन्ट को आगे बढ़ाने में पूरे जी-जान से लग जाने का आश्वासन दिया है। हालांकि उन्हें अपनी गलती का एहसास बहुत पहले हो चुका था और वे इसका लगातार पश्चाताप विभिन्न स्तर पर कर रहे थे। लेकिन आज उन्होंने सार्वजनिक तौर पर पछतावा जाहिर किया है, जिसको ध्यान में रखते हुये पार्टी व मूवमेन्ट के हित में उन्हें पार्टी की ओर से एक मौका दिया जाना उचित समझा है।

## खबरें एक नजर में

### मुख्यमंत्री आवास के पास युवती ने किया आत्मदाह का प्रयास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शनिवार को मुख्यमंत्री आवास के पास एक युवती ने आत्मदाह का प्रयास किया है। सुरक्षा में मुस्तैद पुलिस कर्मियों ने उसे बचा लिया। युवती के बारे में अभी जो प्रारंभिक जानकारी मिली है कि वह नोएडा की रहने वाली बताई जा रही है। उसने शालीमार गार्डन थाना में दुष्कर्म की 24 जून को तहरीर दी थी, लेकिन कोई भी कार्रवाई पुलिस की ओर से नहीं की गई। 25 दिन बाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद मुदकमा दर्ज किया गया। पीड़िता ने कई बार आरोपी की लोकेशन के बारे में भी जानकारी दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस कार्रवाई न होने से परेशान युवती ने इंस्टाग्राम पर चेतावनी दी थी कि अगर उसे न्याय नहीं मिला तो खुदकुशी कर लेगी। उसके बाद भी नोएडा पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसी बात से आहत होकर आज युवती लखनऊ पहुंची है। इस मामले में गौतमपल्ली थाना पुलिस युवती से पूछताछ करते हुए कार्रवाई कर रही है।

### पंजाब के युवक ने लखनऊ के होटल में लगाई फांसी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के नाका थाना क्षेत्र के मां का आशीर्वाद होटल में ठहरे युवक ने शुक्रवार देर रात फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक मूल रूप से पंजाब का रहने वाला था। दो दिन से लखनऊ के होटल में ठहरा था। पूरा दिन बाहर न निकलने पर कर्मचारी ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इस पर होटल के स्टाफ से पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के भेज दिया है। इंस्पेक्टर नाका श्रीकांत राय ने बताया टावर इन्क्लेव फेस-2, कुराला, जालंधर पंजाब निवासी जतिन्दर कुमार (25) 3 सितंबर से होटल में रह रहा था। शुक्रवार रात उसने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और गमछे का फंदा लगाकर पंखे से लटक गया। काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर होटल मैनेजर ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची नाका पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा तो युवक का शव पंखे से लटका मिला। फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाकर जांच कराई गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों को घटना की जानकारी दी गई है। पुलिस के मुताबिक परिजनों से बात करने के दौरान पता चला तजिंदर की प्रेमिका कुछ समय पहले पंजाब में फांसी लगाकर आत्महत्या कर चुकी है। जिसकी वजह से तजिंदर तनाव में रहता था लखनऊ कैसे पहुंचा इसकी जानकारी परिवार के आने के बाद हो पाएगी।

### आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच, दो मैच में श्रेयस अय्यर होंगे कप्तान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के इकाना स्टेडियम में चार दिवसीय दो मैच भारत ए आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ खेलेगा। मैच में श्रेयस अय्यर होंगे। बीसीसीआई की तरफ से इसकी अनाउंसमेंट की गई है। ध्रुव जुरैल टीम के उप कप्तान होंगे। टीम के दूसरे मैच में केएल राहुल और मोहम्मद सिराज भी जुड़ेंगे। इस दौरान पहले मैच में खेलने वाले दो खिलाड़ियों को ये प्लेयर रिप्लेस करेंगे। पहला मैच 16 सितंबर से 19 सितंबर तक इकाना स्टेडियम में सुबह साढ़े नौ बजे से खेला जाएगा। जबकि दूसरा मैच 23 सितंबर से 26 सितंबर तक खेला जाएगा। जबकि इसके बाद 30 सितंबर, 3 अक्टूबर और 5 अक्टूबर को कानपुर में मैच खेला जाना है। इसमें टीम की घोषणा अभी बीसीसीआई की तरफसे की जानी है। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया की दी गई जानकारी के मुताबिक श्रेयस अय्यर टीम के कप्तान होंगे। इसके साथ ही अभिमन्यु ईश्वरन,एन जगदीशन (विकेटकीपर),साईं सुदर्शन, ध्रुव जुरैल (उप कप्तान, विकेटकीपर), देवदत्त पल्लीकल,हर्ष दूबे,आयुष बदौनी, नितीश कुमार रेड्डी, तनुष कोटियान, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर ब्रार, खलील अहमद, आदि रहेंगे।

### मोक्षकल्याणक के साथ दशलक्षण पर्व सम्पन्न

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के इन्दिरानगर, गोमतीनगर, डालीगंज, चौक, आशियाना समेत अन्य जैन मन्दिरों में चल रहे दशलक्षण महापर्व का शनिवार को उत्तम ब्राह्मचर्य धर्म की पूजा के साथ समापन हो गया। इस मौके पर भगवान वासुपूज्य का मोक्षकल्याणक धूमधाम से मनाया गया। इन्दिरानगर में जैन धर्मावलंबी द्वारा उपवास रखा गया जिसमें छोटे बच्चे, महिलाओं ने उपवास किया। भगवान का मोक्ष लाडू समर्पित करने का सौभाग्य वीरेंद्र कुमार एवं मनोज जैन परिवार को प्राप्त हुआ। जैन समाज के महामंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि दस लक्षण पर्व का मांगलिक कलश सविता जैन को भेंट किया गया। क्षमावाणी पर्व आठ सितम्बर को प्रातः 8.30 मनाया जाएगा। जिसमें सभी त्यागी व्रतियों को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर आरएल जैन, अरुण जैन, आयुष, अमीषा, संजीव, प्रदीप, विनय, आलोक, अमित मौजूद रहे।

### मां की डांट से नाराज युवक ने फांसी लगाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के सरोजनी नगर में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान वीरेंद्र कुमार (24) के रूप में हुई है। वह गौरी विहार का रहने वाला था और कानपुर रोड स्थित सिंह इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान पर काम करता था। घटना शुक्रवार रात की है। वीरेंद्र अपने दोस्त की बर्थडे पार्टी से नशे की हालत में घर लौटा। उसकी मां सुनीता ने उसे नशे में देखकर डांट लगाई। इससे नाराज होकर वह अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद जब उसके पिता शिवराज ने खिड़की से झांककर देखा तो वीरेंद्र पंखे से लटका हुआ मिला। परिजनों ने तुरंत दरवाजे की कुंडी तोड़कर उसे नीचे उतारा और सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मृतक नशे का आदी था और शराब के नशे में उसने यह कदम उठाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मोनार्क सिटी में तेंदुआ की एंट्री, गलियों में घूमता दिखा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पारा थाना क्षेत्र स्थित मोनार्क सिटी डिप्टी खेड़ा में शनिवार देर रात तेंदुए की मौजूदगी से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात करीब 11 बजे एक तेंदुआ कॉलोनी की गलियों में घूमता दिखाई दिया। घटना की जानकारी मिलते ही लोग घरों से बाहर आ गए। इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। फुटेज में तेंदुआ स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। वन विभाग और पुलिस को सूचना दी गई है। दोनों विभागों की टीमें मौके पर पहुंचकर तेंदुए की तलाश कर रही हैं। इससे पहले दुबग्गा और काकोरी इलाके में भी तेंदुए देखे जा चुके हैं।

### कैशलेस चिकित्सा सुविधा का निर्णय मील का पत्थर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शिक्षक दिवस के अवसर पर लखनऊ में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की ऐतिहासिक घोषणा की। इस निर्णय से प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, सहायता प्राप्त विद्यालयों व महाविद्यालयों के शिक्षक ही नहीं बल्कि शिक्षामित्र, अनुदेशक और रसोइए तक को लाभ मिलेगा। यह सुविधा लगभग नौ लाख शिक्षक परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेगी और आकस्मिक परिस्थिति में उन्हें राहत देगी। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने शिक्षक जगत की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जहां उनका यह निर्णय शिक्षा उनकी मानवीय संवेदनाओं को दर्शाता है वहीं शिक्षा जगत के लिए मील का पत्थर है। शिक्षकों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनके योगदान के प्रति सरकार की सच्ची कृतज्ञता है।

### झूलेलाल पार्क घाट पर गूंजे जयकारे, दी भावभीनी विदाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में 27 अगस्त से शुरू हुए गणेश उत्सव का समापन, भव्य गणेश विसर्जन के साथ हो गया। शनिवार सुबह से ही श्रद्धालु झूलेलाल पार्क के घाट पर अपने-अपने गणपति बप्पा की प्रतिमाओं के साथ पहुंचे। मंत्रोच्चार और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच बप्पा को विदाई दी गई। शहर के विभिन्न इलाकों से गणेश प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाली गई। भक्तों ने फूल-मालाओं और नारियल के साथ पूजा अर्चना कर गणपति को जल में विसर्जित किया। श्रद्धालुओं के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो उठा गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ।

**एनआईआरएफरैंकिंग में राज्य विश्वविद्यालयों ने दर्ज की ऐतिहासिक उपलब्धि, उच्च शिक्षा मंत्री ने दी बधाई**

# विश्वविद्यालयों ने किया शिक्षा, अनुसंधान-नवाचार में अच्छा प्रदर्शन

**सरकार विश्वविद्यालयों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का बना रही लक्ष्य : उपाध्याय**

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क एनआईआरएफ- 2025 में उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों ने राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और अकादमिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त करते हुए कई श्रेणियों में ऊँची रैंक हासिल की है। यह इस बात का प्रतीक है कि मुख्यमंत्री योगी के निर्देशन में न सिर्फ उच्च शिक्षा का उन्नयन और उच्चीकरण हो रहा है बल्कि उच्च शिक्षा का एक बड़ा हब बनने की दिशा में अग्रसर हो रहा है।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने इस अवसर पर सभी कुलपतियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता प्रदेश सरकार के शिक्षा सुधारों, गुणवत्ता उन्नयन और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का प्रत्यक्ष परिणाम है।उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि एनआईआरएफ- 2025 में मिली यह उपलब्धि प्रदेश की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान, नवाचार और विद्यार्थियों के परिश्रम का सजीव प्रमाण है। उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों ने इतनी बड़ी संख्या में यह उपलब्धि पहली बार हासिल की है। सरकार का लक्ष्य प्रदेश के विश्वविद्यालयों को राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप बनाना है। विश्वविद्यालयों को चाहिए कि वे इस उपलब्धि को और आगे बढ़ाएँ तथा अनुसंधान, नवाचार और स्टार्टअप गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाएँ। नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क 2024 एवं 2025 के परिणामों में उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा प्राप्त रैंकिंग, अखिल भारतीय विश्वविद्यालय रैंकिंग श्रेणी मे लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को 2024 में 97वाँ स्थान जबकि 2025 में 98वाँ स्थान।- दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर 151-200 के बैंड में। राज्य विश्वविद्यालय श्रेणी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ - 2024 में 32वाँ स्थान को 2025 में 27वाँ स्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को 2025 में 41वाँ स्थान, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर 2025 में 51-100 के बैंड में डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा 2025 में 51-100 के बैंड में विधि श्रेणी लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को 2024 में 23वाँ स्थान जबकि 2025 में 29वाँ स्थान मिला।. फार्मेसी श्रेणी बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी को 2024 में 74वाँ स्थान मिला, जबकि 2025 में 68वाँ स्थान मिला महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली को 2024 में 101-151 के बैंड में रखा गया, जबकि 2025 में 86वाँ स्थान मिला। प्रबंधन श्रेणी में लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को 2025 में 100वाँ स्थान मिला है।

### एमिटी यूनिवर्सिटी में छात्र से मारपीट में एफआईआर

लखनऊ । लखनऊ में एमिटी यूनिवर्सिटी के एक छात्र के साथ उसके ही दोस्तों ने मिलकर मारपीट कर दी। घटना के दौरान छात्र को करीब 50 से 60 थप्पड़ मारे गए और धमकी दी गई कि वह अब कॉलेज न आए। मारपीट का वीडियो भी कॉलेज कैंपस में वायरल कर दिया गया है। पीड़ित के पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। कैसरबाग निवासी मुकेश कुमार केसरवानी ने बताया कि उनका बेटा शिखर एमिटी यूनिवर्सिटी में बीएएलएलबी सेकेंड ईयर का छात्र है। 26 अगस्त को हनीमैन चौराहे पर उसका मित्र सौम्य सिंह यादव उसे लेने आया। दोनों कार से यूनिवर्सिटी पहुंचे। पार्किंग में गाड़ी खड़ी करते समय आयुष यादव, जान्हवी मिश्रा, मिलाय बनर्जी, विवेक सिंह और आर्यमन शुक्ला पहुंचे और बातचीत के बहाने गाड़ी में बैठ गए।

## ट्रांसफार्मर फेल होने पर होगी कार्रवाई : आशीष गोयल

**त्यौहारों से पहले बिजली विभाग का मेंटीनेंस अभियान**

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । प्रदेश में त्यौहारों को देखते हुए बिजली विभाग एक महीने का मेंटीनेंस अभियान चलाने जा रही है। ये अभियान 15 से 15 अक्टूबर के बीच चलेगा। शनिवार को उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने शनिवार को शक्ति भवन में अधिकारियों की बैठक में उक्त निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान में बारिश के चलते बिजली लाइनों में आई कमियों को दूर कर सप्लाई को और बेहतर बनाया जाएगा। साथ ही, आगामी त्योहारों, विशेषकर दुर्गा पूजा पांडालों को आसानी से विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। डॉ. आशीष गोयल ने कहा कि दशहरा और दीपावली जैसे त्योहारों को देखते हुए विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करना जरूरी है। उन्होंने सब स्टेशनों, पोल, लाइनों और ट्रांसफार्मरों की सुरक्षात्मक देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि त्योहारों के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति हो। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि विद्युत लोड कम होने के कारण अब ट्रांसफॉर्मर फेल होने की कोई गुंजाइश नहीं है।

### सीएम आवास के पास आत्मदाह करने पहुंची एक्ट्रेस, पुलिस ने बचाया

लखनऊ । राजधानी लखनऊ में सीएम आवास के पास एक एक्ट्रेस ने सुसाइड करने की कोशिश की। शनिवार को वह नोएडा से लखनऊ आई। इसके बाद सीधे सीएम आवास के पास पहुंची। यहां सीएम आवास के बाहर लगी बैरिकेडिंग के पास बैग से पेट्रोल भरी बोतल निकाली। फिर अपने शरीर पर पेट्रोल छिड़कने लगी। यह देखकर वहां मौजूद पुलिसकर्मी घबरा गए। आनन-फानन में दौड़ते हुए एक्ट्रेस के पास पहुंचे और उसके हाथ से बोतल छीन ली। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है। इसमें महिला पुलिसकर्मी एक्ट्रेस को पकड़ते दिख रही हैं। फिलहाल, पुलिस एक्ट्रेस को हजरतगंज थाने ले गई, जहां उससे पूछताछ की जा रही है।

## योगी सरकार का संकल्प, 2047 तक यूपी बनेगा कृषि उत्पादकता में वैश्विक लीडर

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को विकसित यूपी 2047 बनाने का संकल्प लिया है, जिसके तहत आने वाले 22 वर्षों में कृषि क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की बड़ी रणनीति बनाई गई है। इस विजन का सबसे अहम हिस्सा है कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में नवाचार व तकनीक आधारित विकास।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि कृषि और औद्योगिक विकास मिलकर यूपी को विकसित भारत के ग्रोथ इंजन में बदलेंगे। आने वाले समय में प्रदेश न केवल भारत के किसानों के लिए, बल्कि वैश्विक कृषि जगत के लिए भी रोल मॉडल बनकर उभरेगा। योगी सरकार ने 2030 तक यूपी को देश में फसल उत्पादकता में नंबर-1 बनाने का लक्ष्य तय किया है, जबकि 2047 तक प्रदेश दुनिया के अग्रणी देशों, मैक्सिको, चीन, फ्रांस और अमेरिका के बराबर खड़ा होगा। कृषि निर्यात के क्षेत्र में भी यूपी 2030 तक भारत में प्रथम स्थान पर पहुँचेगा और 2047 तक रूस, ऑस्ट्रेलिया व कनाडा जैसे वैश्विक कृषि निर्यातकों की श्रेणी में शामिल होने का संकल्प ले चुका है। इसके लिए राज्य सरकार ने फोकस एरिया तय किए हैं।

### बीते साढ़े आठ साल में हुए बड़े बदलाव

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि 2017 से पहले प्रदेश की स्थिति बेहद पिछड़ी हुई थी। कृषि उत्पादन सीमित था, वैज्ञानिक तकनीक का प्रयोग नगण्य था और किसान अपनी उपज का सही मूल्य नहीं पा पाते थे। कोल्ड चेन और फूड प्रोसेसिंग जैसी सुविधाएं लगभग न के बराबर थीं। लेकिन पिछले साढ़े आठ साल में तस्वीर बदल चुकी है। योगी सरकार ने किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने, मंडी व्यवस्था को मजबूत करने, स्टोरेज और कोल्ड चेन सुविधाओं को बढ़ाने और एफपीओ मॉडल को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया। परिणामस्वरूप आज प्रदेश कृषि उत्पादकता और विविधता दोनों में नई ऊंचाइयां छू रहा है।

## जानसठ में बनेगा महर्षि कश्यप स्मारक, राशि स्वीकृत

**मंत्री नरेंद्र कश्यप ने मुख्यमंत्री व पर्यटन मंत्री का जताया आभार**

समृद्धि न्यूज



लखनऊ । योगी सरकार ने मुजफ्फरनगर जनपद को बड़ा तोहफा देते हुए मीरापुर विधानसभा क्षेत्र के कस्बा जानसठ में भगवान महर्षि कश्यप का भव्य स्मारक बनाने की घोषणा की है। इस ऐतिहासिक योजना के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने 1 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है।

प्रस्ताव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप द्वारा प्रस्तुत किया गया था, जिस पर सरकार ने सहमति जताते हुए बजट जारी कर दिया है।जानसठ क्षेत्र पहले से ही धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष पहचान रखता है। महर्षि कश्यप स्मारक के निर्माण से यह स्थान न केवल आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पर्यटन की गतिविधियों से क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार व व्यवसाय के अवसर बढ़ेंगे।प्रदेश सरकार का यह निर्णय पिछड़े वर्ग और समाज की भावनाओं को सम्मान देने वाला कदम माना जा रहा है। स्मारक का निर्माण केवल एक संरचना न होकर सांस्कृतिक धरोहर के रूप में स्थापित होगा। इससे आने वाली पीढ़ियां महर्षि कश्यप के आदर्शों, उनके जीवन दर्शन और समाज सुधार की परंपरा से प्रेरणा प्राप्त करेंगी।मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री योगी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने मेरे प्रस्ताव को स्वीकार कर महर्षि कश्यप स्मारक की स्थापना हेतु 1 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री की यह संवेदनशीलता समाज के व्यापक हितों को ध्यान में रखकर लिए गए उनके निर्णयों को दर्शाती है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह का भी विशेष धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पर्यटन मंत्री के सहयोग और मार्गदर्शन से यह योजना मूर्त रूप ले रही है। पूर्व में भी यह परियोजना पर्यटन विभाग की सूची में दर्ज की जा चुकी थी और अब इसे जानसठ के शिव मंदिर के समीप विकसित किया जाएगा।

### जयकारों के साथ निकली मनौतियों के राजा की शोभा यात्रा

लखनऊ। श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से झूलेलाल वाटिका में पिछले 10 दिनों से चल रहे गणेशोत्सव का शनिवार को भगवान गणेश की मूर्ति का भू विसर्जन के साथ समापन हो गया। विसर्जन से पूर्व पण्डाल में आचार्यो ने वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ पूजा अर्चना की। इसमें कमेटी के सभी पदाधिकारी, सदस्य, कार्यकर्ता अपने पूरे परिवार के साथ शामिल हुये। बाद में सभी ने बप्पा से हाथ जोड़कर अगले बरस फिर आने की प्रार्थना करते हुये भगवान गणेश की विशाल मूर्ति को रथ पर विराजमान किया। उस दौरान 'गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ' के जयघोष से झूलेलाल घाट गूंज रहा था।

## सीआईसीएफ ने एयरपोर्ट पर बढ़ाई महिला कमांडो, अक्टूबर से ड्यूटी देंगे कमांडो

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट की सुरक्षा अब और पुख्ता की जा रही है। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईसीएफ) ने महिला कमांडो की तैनाती शुरू कर दी है। फिलहाल 30 महिला कमांडो को एयरपोर्ट सुरक्षा में लगाया गया है और जल्द ही इनकी संख्या और बढ़ाई जाएगी। एयरपोर्ट पर महिला यात्रियों की सुरक्षा और जांच प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए सीआईसीएफ ने यह कदम उठाया है।

महिला कमांडो अब न सिर्फ नियमित ड्यूटी बल्कि फ्रंटलाइन सुरक्षा ऑपरेशन का भी हिस्सा होंगी। यात्रियों के बीच महिला सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी से भरोसा और सुरक्षा की भावना और मजबूत होगी। इन महिला कमांडो को मध्य प्रदेश के बरवाहा स्थित क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में कड़ा अभ्यास कराया जा रहा है। दो महीने के इस प्रशिक्षण में फायरिंग, फिजिकल फिटनेस, जंगल में जीवित रहने की तकनीक, सहनशक्ति वृद्धि और 48 घंटे का आत्मविश्वास निर्माण अभ्यास शामिल है। यह ट्रेनिंग इन्हें किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार करती है। पहले बैच की 30 महिलाओं का प्रशिक्षण 4 अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद दूसरा बैच ट्रेनिंग शुरू करेगा। प्रशिक्षित महिला कमांडो की तैनाती सिर्फ लखनऊ ही नहीं बल्कि देश के अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर भी की जाएगी। हाल ही में अर्द्धसैनिक बलों में महिला कमांडो को शामिल करने का निर्णय लिया गया था।

### बुर्के से क्लिप-इयररिंग उतरवाई, लड़कों के हाथ से कलावा-कड़ा खुलवाए

लखनऊ। लखनऊ में यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (पीईटी) पीईटी-2025 की परीक्षा शुरू हो गई। कड़ी चेकिंग के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। महिला अभ्यर्थियों से बुर्के की क्लिप, कान की बाली उतरवाई गई। लड़कों के हाथ से कलावा कटवाया गया, कड़े और बेल्ट उतरवा लिए गए। एग्जाम सेंटर में मेटल डिटेक्टर से चेकिंग और आईकार्ड मिलान के बाद ही प्रवेश दिया गया। परीक्षा केंद्र पर मोबाइल, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ डिवाइस और स्मार्ट वॉच लाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। अभ्यर्थियों को केवल ब्लैक या ब्लू बॉल पेन ही साथ लाने की अनुमति है। दो दिन तक चलने वाली इस परीक्षा में हर दिन दो पाली होंगी।

**आयोजन**

**लखनऊ नगर निगम मुख्यालय में समाधान दिवस का आयोजन**

# मेयर ने सुनी लोगों की समस्याएं, जल्द निपटारे का निर्देश

समृद्धि न्यूज



लखनऊ । लखनऊ नगर निगम मुख्यालय में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस मौके पर मेयर सुषमा खर्कवाल ने लोगों की समस्या को सुना। मौके पर उन्होंने अधिकारियों को समस्या का निपटारा करने के निर्देश दिए। मौके पर अपर नगर आयुक्त ललित कुमार मौजूद रहे।

इस दौरान चीफ टैक्स ऑफिसर अशोक कुमार सिंह, विनय राय, जलकल जीएम कुलदीप सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। समाधान दिवस में सैकड़ों की संख्या में लोग सीवर पानी हाउस टैक्स संबंधित समस्याओं को लेकर पहुंचे। हिफ जुर्रहमान इस्माइल गंज के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया प्लाट 18 मोतीझील ऐशबाग रोड पर है। इसी में मेरे बड़े भाई का भी प्लॉट है। हमारे ऊपर 7 लाख 32 हजार से अधिक का हाउस टैक्स लगा दिया है। मुझे कुर्की का भी नोटिस भेजा गया है। इसके पहले हमने 15 हजार घर का टैक्स जमा किया था। कोई ड्यू नहीं था। इस बार भी मेरे भाई का टैक्स 16 हजार आया है। 10 से अधिक बार जाकर मामले की शिकायत कर चुके हैं। मामले में मेयर से शिकायत के बाद मेयर ने जॉन 2 की जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी से पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी है। चिनहट वार्ड प्रथम के रहने वाले मुक्ता चरण गुप्ता ने बताया नाली का पत्थर टूट गया है। कोई सुनने वाला नहीं है। कोई गिर जाए किसी की टांग टूट जाए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। हम लोग आते हैं, शिकायत करते हैं, कोई सुन नहीं रहा है। नगर आयुक्त आदेश करते हैं। वह बगल में रख दिया जाता है। समाधान दिवस में तीन चार बार आ चुका हूं। नगर निगम में ही टैक्स इंस्पेक्टर रह चुका हूं। ये लोग कैसे स्मार्ट सिटी बनाएंगे। पार्षद भी नहीं सुनते हैं। हिमांशु गुप्ता फैजुल्लागंज के रहने वाले हैं। उनका कहना है कि पिछले 5 महीने से लगातार फैजुल्लागंज में जल भराव की स्थिति बनी हुई है। कई बार नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत भी कर चुके हैं। उन्होंने बताया घरों से आने वाले सीवर के पानी से यहां पर जलभराव हो रहा है। भार्गव ऑफिस के पास में 1 किलोमीटर तक सड़क सड़क पर गंदा पानी भरा है। आज अधिकारियों ने आश्वासन दिया है। मेयर से भी मामले की शिकायत कर चुके हैं। हजरतगंज वार्ड में सफाई का काम करने वाले सुंदरलाल नगर निगम में कर्मचारी थे। उनकी मौत अप्रैल के महीने में हो गई। इसके बाद से उनकी पत्नी ऊषा पारिवारिक पेंशन के लिए नगर निगम में भाग दौड़ कर रही हैं। उनका कहना है कि दो से तीन बार अधिकारियों को एप्लिकेशन दे चुकी हैं। इसके बावजूद अभी तक पेंशन नहीं बनना शुरू हुई। ऊषा का कहना है कि नगर निगम के समाधान दिवस में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग कर रहे, लेकिन अभी तक सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है।

# प्रथम पाली में कुल 6192 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

## प्रथम पाली में 1104 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित, द्वितीय पाली में कुल 6180 उपस्थित तथा 1116 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) के परीक्षा केन्द्रों का डीएम ने किया निरीक्षण**

समृद्धि न्यूज





**गोंडा।** जनपद में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पी.ई.टी) 2025 को सुचारु, पारदर्शी एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन ने शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज (टामसन), लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय (एलबीएस), फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी), राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी), फातिमा इंटर कॉलेज, तथा जिगर मेमोरियल इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने केंद्रों की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्षों की स्वच्छता, बैठने की उचित व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, बिजली एवं सीसीटीवी कैमरा व्यवस्था की भी जांच की। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को भी सुदृढ़ बनाने पर बल दिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित केंद्र व्यवस्थापकों से बातचीत कर परीक्षा संचालन की तैयारियों की जानकारी ली और यह सुनिश्चित करने को कहा कि परीक्षा के दौरान कोई भी अनुचित गतिविधि न हो। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड को समय-समय पर चेक करने और परीक्षा कक्षों में मोबाइल फोन आदि पर पूर्ण प्रतिबंध की सख्त हिदायत दी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों के बाहर भीड़भाड़ न हो और यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। इसके लिए पुलिस विभाग को विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ रामचन्द्र ने बताया है कि प्रथम पाली में कुल 6192 उपस्थित तथा 1104 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में कुल 6180 उपस्थित तथा 1116 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### जिले को गौरवान्वित करने के लिए डीएम ने अयान को दिया उपहार



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** टाउन हॉल में बेसिक शिक्षा व एक दैनिक समाचार पत्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शैक्षिक गोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल जिला अधिकारी गोंडा प्रियंका निरंजन ने शिक्षकों को सम्मानित करने के उपरांत सनबीम स्कूल गोंडा के छात्र मोहम्मद अयान को अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड लॉजिक किड्स मेंटल एप्टीट्यूड की परीक्षा में लगभग सोलह लाख नौ हजार परीक्षार्थियों में सम्मिलित होकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साठवीं रैंक हासिल कर जनपद का गौरव बढ़ाने के लिए सर्टिफिकेट एवं उपहार देते हुए ऐसे ही निरंतर सफलता प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डीएम गोंडा प्रियंका निरंजन, दैनिक के ब्यूरो चीफ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी, प्रांतीय अध्यक्ष विनय तिवारी, ब्लॉक प्रमुख बेलसर, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ जिला मंत्री सतीश पांडे,जिला अध्यक्ष यूटा रवि सिंह, जूनियर शिक्षक संघ कोषाध्क्ष नरेंद्र सिंह, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष किरण सिंह, एस आर जी विनीता कुशवाहा,राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त रखा राम गुप्ता, सुनील आनंद, मनीष वर्मा,राजेश सिंह, पुष्कर तिवारी, श्याम नारायण पांडे सहित अन्य कई गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# जिले में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस व वाराहवफात ईद मिलादुनवी

समृद्धि न्यूज




**गोण्डा।** शिक्षक दिवस किसी स्कूल में तो चार सितम्बर तो कहीं 5 सितम्बर और वारहवफात पड़? जाने के कारण पाँच सितम्बर को कुछ स्कूल बन्द रहे किन्तु उस स्कूल में छः सितम्बर को शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। किसी किसी स्कूल में तो सीधे तीन दिन का अवकाश कर दिया गया।

ब्लूमिंग फ्लावर इ0 का0 मलारी, सरदार पटेल इ0 का0 अर्जुनपुर विनोहिनी तथा चित्रांश शिक्षा निकेतन, जानकी नगर आदि कई विद्यालयों में शिक्षक दिवस पाँच सितम्बर की धूम-धाम से मनाया गया, चित्रांश शिक्षा निकेतन, जानकी नगर में शिक्षक के सम्मान में गीत, स्तुतिवन्दना, भाषण, चुटकुले, नाटक तथा एकल नृत्य , युगल नृत्य एवं सामूहिक तवा छात्र-छात्राएं प्रस्तुत किये 7 श्री. के. के. श्रीवास्तव वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्य अतिथि तथा धीरेन्द्र प्रताप पाण्डेय श (पूर्व अध्यक्ष छात्रसंघ लालबहादुर शास्त्री महाविहालय) विशिष्ट अतिथि के रूप में थे। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम मिश्रा ने सभी आगन्तु?कों का स्वागत किया तथा प्रबन्धक डी.एन. श्रीवास्तव एडवोकेट तथा उपप्रबन्धक मनोज कुमार श्रीवास्तव (उ.प्र. अपराध निरोधक समित सदस्य जिला-गोण्डा) ने सभी अतिथियों, अभिभावकों का आभार प्रकट किया। इसकार्यक्स में श्रीमती ज्योति पाण्डेय, श्रीमती कंचन प्रजापति, कु0 माही मलहोत्रा तथा पवन कश्यप आदि कई शिक्षकों का सक्रिय सहयोग रहा। सुमित श्रीवास्तव, संयम श्रीवास्तव, आयुष श्रीवास्तव, देवांश मिश्रा, चन्द्रभूषण मिश्रा, कु0 आयुषी मिश्रा, मनोज वर्मा, सागर शर्मा, कृतार्थ, परमार्थ, ज्योति, आर्यन, खुशी, अनन्या आदि लोग कार्यक्रम में थे। वाराह वफात् ईद मिलादुन्नवी की सजावट बड़गाँव, चौक, पटेल नगर तथा जगह-जगह मस्जिदों के पास की सा सजावट बहुत की आकर्षक लग रहे थे। मुस्लिमों के युवक समूह में अपने धार्मिक झण्डा लेकर बाइक से चल रहे थे।

## खबरें एक नजर में

### लखनऊ में गोंडा के छात्र नेता शिवम पांडेय गिरफ्तार



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** वंदे मातरम् साथियो,आज हज़रतगंज, लखनऊ में जनहित की आवाज बुलंद करते हुए हम सड़क पर उतरे। लेकिन आवाज़ उठाना शायद सत्ता को रास नही आया। यूपी पुलिस ने मुझे बगैर किसी ठोस जानकारी के पुलिस वैन में जबरन बिठा लिया और घंटो लखनऊ की सड़को पर घुमाते रहे। बार-बार पूछने पर भी यह नहीं बताया गया कि कहां ले जाया जा रहा है। इसके बाद हजरतगंज कोतवाली ले जाकर मुझे तरह-तरह से डराने-धमकाने की कोशिश की गई। कुछ पुलिसकर्मियों ने मर्यादा की सारी सीमाए लांघ दीं। मगर साथियो, मैं न कभी झुका हूं, न झुकूंगा, रात में जब हमारे अधिवक्ता साथी पहुंचे, तब जाकर सुसंगत धाराओ में कागजी कार्रवाई की गई और निजी मुचलके पर रिहा किया गया। साथियों ये लड़ाई अभी खत्म नही हुई है। ये तो शुरुआत है। हम छात्र हितो की आवाज पहले से और बुलंद करेगे। जनता के हक की लड़ाई लखनऊ की सड़को से लेकर दिल्ली की चमचमाती सड़को तक लड़ी जाएगी और हम डरने वालो में नहीं है।

### सपा राष्ट्रीय सचिव मसूद खां ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों को भेजी मदद



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व लोकसभा प्रत्याशी गोंडा मसूद आलम खां ने पंजाब में आए भयानक बाढ़ त्रासदी में अपना सहयोग करते हुए पंजाब के शाही इमाम के संस्था AHRAR को एक सम्मानित धनराशि उनके संस्था के खाते में ट्रांसफर किया है AHRAR संस्था पंजाब में बड़े पैमाने पर बाढ़ पीड़ितों की मदद कर रहा है।श्री खां ने पंजाब में बाढ़ से हुई जनहानि खेतों फसलों के नुकसान पर दुख प्रकट किया है और कहा कि पंजाब ने हमेशा देश को कभी खाद्य संकट नहीं पैदा होने दी और करोड़ों लोगों को भोजन उपलब्ध कराने का काम किया है सिख भाई पूरे देश में गुरुद्वारों में लंगर लगाकर लाखों लोगों को रोज भोजन कराते हैं। आज उनके साथ खड़ा होकर उनके हौसले को बढ़ाने की जरूरत है। पंजाब के 15 जिले में भारी तबाही हुई है आज उस बहादुर खुद्दार स्वाभिमानी बिरादरी सरदार कौम पर संकट आया है जो देश और दुनिया में अपनी बहादुरी सेवा खिदमत के लिए जानी जाती है पंजाब खुद अपने पैरों पर जल्द खड़ा हो जाएगा। मसूद खां ने सभी देशवासियों को अपील की है पंजाब की इस भयावह बाढ़ त्रासदी में बढ़-चढ़कर लोग हिस्सा ले और पंजाब पंजाबियों की मदद करें।

### गोवंश हत्या घटनास्थल का सदर विधायक ने किया दौरा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात के सासापरा में बलरामपुर रोड से महज 100 मीटर दरी पर खेत में गोवंश हत्या की घटना होने की सूचना पर पूर्व मंत्री सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने घटना को संज्ञान में लेते हुए शनिवार को घटनास्थल पर पहुंचकर स्वयं सारी जानकारी प्राप्त की और तुरंत जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर घटना में सन्लिप्त लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने कहा कि घटना में शामिल लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई कराई जाएगी और उन्हें किसी भी प्रकार से बख्शा नहीं जायेगा।

कतर्नियाघाट ईको के बच्चों को एक्टिविटी के जरिए समझाया जैव विविधता का पाठ

### अलग-अलग जानवरों का रोल प्ले कराकर समझाया



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कतर्नियाघाट ईको क्लब के बच्चों के साथ न्यूज़ (नेचर एनवायरमेन्ट एंड वाइल्डलाइफ सोसाइटी) के बायोडायवर्सिटी ऑफीसर सितांगशु दास ने खाद्य श्रृंखला और खाद्य पिरामिड उसमें जैव विविधता के योगदान के बारे विस्तार से समझाया। उन्होंने एक एक्टिविटी बच्चों के साथ कराकर बच्चों को अलग अलग जानवरों का रोल प्ले कराकर इसका संदर्भ समझाया। कम्युनिटी एडुकेटर श्रुति लोहानी ने बच्चों को खाद्य श्रृंखला में गिद्धों के योगदान और महत्व के बारे समझाया। इस दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर अभिषेक, प्रधानाचार्य प्रतिभा रंजन, अरविंद,राजा हसन सहित अध्यापक गण मौजूद रहे।

# शिक्षक दिवस पर अध्यापिका कमला गुप्ता सम्मानित

समृद्धि न्यूज




**बलरामपुर/गोंडा।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जनपद बलरामपुर के प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर प्रथम की प्रधानाध्यापिका श्रीमती कमला गुप्ता को कैलाश नाथ शुक्ला विधायक तुलसीपुर एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बलरामपुर शुभम शुक्ला द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह शिक्षा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और विद्यालय में किए गए सराहनीय कार्यों की पहचान के रूप में आयोजित किया गया।

सम्मान प्राप्त करने के बाद कमला गुप्ता ने कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी व्यक्तिगत नहीं है, बल्कि विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों का सामूहिक सम्मान है। उन्होंने बताया कि सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मिलकर छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, बच्चों के प्रति समर्पित रहने और प्रत्येक विद्यार्थी पर व्यक्तिगत ध्यान देने का कार्य किया है। इसी सामूहिक प्रयास और सहयोग का परिणाम है कि उन्हें यह अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने आगे कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पाठक के मार्गदर्शन और सहयोग ने सदैव उन्हें प्रेरित किया। समय-समय पर विद्यालय की समस्याओं का समाधान कराकर उन्होंने शैक्षिक वातावरण को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्रीमती गुप्ता ने इस सम्मान को परिश्रम, समर्पण और शिक्षा के प्रति दृढ़ संकल्प का प्रतीक बताया समारोह में मौजूद अतिथियों, शिक्षकों और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर अन्य ब्लॉकों से सम्मानित शिक्षकों में अमरपाल सिंह, जावेद अहमद, मनोरमा जायसवाल, कनीज फातिमा, रीता गुप्ता, शिवकुमार सोनी, विजय कुमार मिश्रा, कवि प्रिया, संतोष शर्मा, सुरेंद्र कुमार, अवधेश कुमार यादव, पिंकू कुमार यादव, इंद्रजीत, लक्ष्मी देवी, प्रतिभा पांडे, राकेश ओझा, अपर्णा मिश्रा, कालीचरण, अंशुमन शुक्ला व अमिताभ सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर कार्यालय के कर्मचारी आशुतोष कुमार मिश्रा, प्रमोद अवस्थी, मुरलीधर मिश्रा, हनुमान, पंकज पांडे सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 100 से अधिक शिक्षक सम्मानित

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** देश के पूर्व राष्ट्रपति प्रख्यात शिक्षाविद महान दार्शनिक भारतीय संस्कृति के संवाहक भारतरत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर प्रत्येक वर्ष मनाये जाने वाले शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शहर के प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थान शिवा कंपटीशन हब एवं लाइब्रेरी में शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न संवर्ग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 100 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ रामचंद्र डीआईओएस, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर आर के पांडे प्राचार्य एलबीएस पीजी कॉलेज गोंडा, डॉ ओपी मिश्रा पूर्व प्राचार्य एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर व पूर्व सदस्य उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन सेवा आयोग और अतुल कुमार तिवारी बीएस गोण्डा उपस्थित रहे।

अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की इसके बाद सरस्वती वंदना सीमा यादव और स्वागत गीत मीनू वर्मा द्वारा प्रस्तुत की गई। संस्थान के संस्थापक व प्रबंधक डॉ अजय पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा की हमारे देश की संस्कृति में शिक्षकों की तुलना ईश्वर से की गयी है और शिक्षक दिवस के अवसर पर इनका सम्मान करना सौभाग्य का विषय है आदि काल से हीं शिक्षकों के समक्ष तरह-तरह की चुनौतियां आती रही हैं और शिक्षकों ने अपनी योग्यता और समर्पण से उन चुनौतियों का सामना किया है वर्तमान में टेट को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के एक आदेश से शिक्षकों के समक्ष पुनः एक चुनौती आ गयी है ऐसे में हमारी संस्था ऐसे शिक्षक जिन्हे आगामी टेट की परीक्षा देनी है उनके साथ खड़ी है और हर संभव मदद करने के लिए तैयार है शीघ्र हीं सेवारत शिक्षकों के लिए टेट और सीटेट का पृथक विशेष बैच चलाया जायगा।

**संस्था की तीन पुस्तकों का हुआ विमोचन**

कार्यक्रम में डॉ अजय पाठक द्वारा लिखित यूपीटीईटी और सीटेट के लिए प्रैक्टिस सेट एवं संस्थान के शिक्षकों द्वारा लिखित गणित और तर्कशक्ति की पुस्तक का विमोचन प्रोफेसर आरके पांडे प्राचार्य एलबीएस पीजी कॉलेज, रामचंद्र जिला विद्यालय निरीक्षक, अतुल कुमार तिवारी बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में इस अवसर पर राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों का भी सम्बोधन हुआ जिसमे राखाराम गुप्ता और सुनील आनंद ने अपने अनुभव साझा किए, तत्पश्चात सभी अतिथियों ने वहां उपस्थित प्रत्येक शिक्षक को सम्मानित किया और उन्हें अपने आशीर्वचन दिए। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डॉ अजय पाठक, डॉ विष्णु शंकर तिवारी श्री अरुण मिश्र संजू मिश्रा इमरान सर सुमित सर दिव्यांशु सर सानू मन्नू सर अरविंद सर गिरिजेश सर आदित्य आदि मौजूद रहे।

# राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित हुए पंडित कृष्ण मोहन शुक्ला



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ स्थित लोक भवन में आयोजित समारोह में हुआ सम्मान**

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी की उपस्थिति में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने विधानसभा स्थित लोक भवन में आयोजित समारोह में पंडित कृष्ण मोहन शुक्ला कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष माध्यमिक संस्कृत शिक्षक कल्याण समिति उत्तर प्रदेश को राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया।

समारोह में पंडित शुक्ला को मां सरस्वती की प्रतिमा, प्रशस्ति पत्र और एक साल भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव (माध्यमिक, बेसिक एवं वित्त) तथा प्रभारी मुख्य सचिव दीपक कुमार, स्कूल महानिदेशक कंचन वर्मा और विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा एवं पूर्व जिलाधिकारी बहराइच मोनिका रानी सहित शिक्षा विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस ऐतिहासिक और गौरवशाली पल पर पंडित कृष्ण मोहन शुक्ला ने उत्तर प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। यह उपलब्धि प्रदेश के शिक्षा जगत के लिए प्रेरणा और गौरव का विषय बनी।

### नानपारा में निःशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन

**बहराइच।** नानपारा स्थित नारायणी हॉस्पिटल में एक निःशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिन्द हॉस्पिटल से आए मेडिकल डायरेक्टर एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल का रखें ध्यान नहीं रहेंगे परेशान के अंतर्गत आज के समय में बदलती जीवन शैली, गलत खानपान एवं बढ़ते तनाव के कारण हृदय रोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, व्यायाम और तनावमुक्त जीवनशैली अपनाकर हृदय रोगों से बचा जा सकता है। डॉ. पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि समय पर हृदय रोग की पहचान और उपचार से गंभीर स्थितियों से बचाव संभव है। शिविर में 90 लोगों ने एक ब्लड शुगर बीपी एवं निशुल्क परामर्श विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श प्राप्त किया। अस्पताल प्रबंधन ने ऐसे स्वास्थ्य शिविरों को आमजन के लिए लाभकारी बताते हुए भविष्य में भी समय-समय पर आयोजन करने का आश्वासन दिया।

# बभनियावां में नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन

**चौकी के उद्घाटन से सुरक्षा और सुविधा दोनों में होगा बड़ा इजाफा**

समृद्धि न्यूज



**पयागपुर, बहराइच।** जिले की कानून व्यवस्था को मजबूत नींव देने वाला शनिवार का दिन इतिहास में दर्ज हो गया।जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह द्वारा थाना पयागपुर क्षेत्र अन्तर्गत बभनियावाँ में क्षेत्रीय संभ्रान्तजनों की उपस्थिति में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर जनसहयोग से नवनिर्मित पुलिस चौकी का बच्चे से फीता कटवाकर उद्घाटन किया गया।

उद्घाटन अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बताया गया कि नई पुलिस चौकी स्थानीय लोगों की सुरक्षा और सेवा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। चौकी के निर्माण से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था स्थापित होगी तथा आपातकाल की स्थिति में लोगों को नजदीकी पुलिस चौकी से सहायता मिल सकेगी। चौकी के निर्माण से अपराध की रोकथाम में भी पुलिस चौकी की भूमिका अहम होगी। डीएम ने कहा कि क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बेहतर होने से क्षेत्र का विकास भी बेहतर ढंग से हो सकेगा। कार्यक्रम को अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, उप जिलाधिकारी पयागपुर अश्वनी कुमार पाण्डेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी पयागपुर राज सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्रा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन चौकी प्रभारी शिवम कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी पयागपुर करूणाकर पाण्डेय, पुलिस बल के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण, प्रधान मल्लावां श्रवण द्विवेदी, बीआरसी राजेश मिश्रा सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

**एसडीएम की पहल पर उपलब्ध कराई गई भूमि**

अधिकारियों ने चौकी परिसर में पौधरोपण कर हरियाली और सुरक्षा का अनोखा संदेश भी दिया। पहले यहां की चौकी मलावा के नाम से अस्पताल परिसर में बेहद तंग हालात में चलती थी। न रहने की व्यवस्था थी और न काम करने की सुविधा। लेकिन एसडीएम पयागपुर की पहल पर भूमि उपलब्ध कराई गई और आधुनिक चौकी भवन का सपना हकीकत बना। अब तैयार हुआ यह भव्य और अत्याधुनिक पुलिस चौकी भवन न सिर्फ पुलिसकर्मियों को राहत देगा, बल्कि क्षेत्र की जनता को भी मिलेगी त्वरित सेवाएं और मजबूत सुरक्षा का भरोसा। नई पहचान के साथ बभनियावा पुलिस चौकी अब कानून और जनता की सुरक्षा का नया गढ़ बन चुकी है।

# मंडल स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में बमियारी के बच्चों ने लहराया परचम




समृद्धि न्यूज

**बहराइच ।** स्पोर्ट्स फॉर स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत मंडलीय टेबल टेनिस एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन मण्डल मुख्यालय गोंडा के जिला खेलकूद/प्रशिक्षण केंद्र में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि अतुल कुमार तिवारी बीएसए गोंडा ने खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

संविलयन विद्यालय बमियारी के अंडर 14 बालक टीम महेश, जुल्फिकार व सर्वेश ने टेबल टेनिस में 3 - 0 से अन्य टीमों को मात देकर विजेता रही। इसके लिए उन्हें गोल्ड मेडल से नवाजा गया। वहीं अंडर 14 बालिका टीम टेबल टेनिस में 2 - 1 से उप विजेता रही। बालिका वर्ग सिंगल में लक्ष्मी ने अन्य प्रतिभागियों को हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम की। बीएसए गोंडा अतुल कुमार तिवारी ने विजेता टीम को मेडल पहनाकर सम्मानित किए। टीटी कोच अरुण कुमार अवस्थी ने बताया कि विजेता टीम का चयन टेबल टेनिस में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिसका आयोजन 9 से 11 सितंबर तक बरेली में किया जाएगा। बीईओ राकेश कुमार ने बच्चों के सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। इस मौके पर बैडमिंटन टीम मैनेजर मिथिलेश कुमार मिश्र, खेल अनुदेशक राहुल वर्मा सहित अनेकों खेल प्रेमी मौजूद रहे।

**उपलब्धि** — गांव के पर्यटन व आर्थिक विकास में सहभागी बना मनरेगा योजना से विकसित खेल मैदान

# ग्राम पंचायतों के लिए मॉडल बना सिंहपुर में निर्मित रतन सिंह खेल मैदान

**कबड्डी, फुटबॉल और वॉलीबॉल में हुनर तराश रहीं ग्रामीण प्रतिभाएं**

राहुल सोनी






**बहराइच।** शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक कौशल, टीम वर्क तथा बच्चों के समग्र विकास के लिए विश्व की सर्वश्रेष्ठ पाठशाला खेल मैदान हैं। शैक्षणिक संस्थान तथा पुस्तकों के सहारे ज्ञान तो अर्जित किया जा सकता है लेकिन टीम भावना के साथ कार्य करते हुए किसी लक्ष्य को प्राप्त करने, कल्पना का उपयोग कर अपनी सीमाओं को चुनौती देने के लिए खेल मैदान ही सबसे उपयुक्त स्थान है।

खेल के मैदान बच्चों को सक्रिय रहने, स्वस्थ आदतें विकसित करने, जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने तथा हार कर भी कार न मानने का जज़्बा पुस्तक पाठ के माध्यम से प्राप्त नहीं किया जा सकता है। बल्कि इसके लिए हमें खेल के मैदान में आना होता है। खेल मैदान के महत्व को स्वीकार करते हुए आकांक्षी ब्लाक की ग्राम पंचायत सिंहपुर ने मनरेगा योजना के सहयोग से ग्राम के युवाओं एवं बच्चों के लिए गांव के आंगन में शानदार खेल मैदान का विकास कर यह सुनिश्चित किया कि किसी को खेलने के लिए गांव से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। खेल मैदान के अभाव में गांव के प्रतिभावान युवक-युवतियां मायूस नहीं होंगे, अब उन्हे खेल प्रशिक्षण के लिए शहर की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा, जो कि आर्थिक रूप से भी कठिन था। गांव में खेल मैदान विकसित हो जाने से युवक-युवतियों को अपने हुनर का रियाज़ कर जिला, मण्डल, राज्य, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने का अवसर मिलेगा जिससे दूसरे बच्चे भी प्रेरित होंगे। देखने और सुनने में यह बात बहुत आसान लगती है लेकिन वास्तविकता यह है कि मनरेगा के तहत खेल मैदान के निर्माण के लिए कई स्तरों पर बदलाव लाया गया। मैदान के निर्माण कार्य से जहां स्थानीय मजदूरों को रोजगार मिला। वहीं समतलीकरण रनिंग ट्रैक और खेल सुविधाओं के निर्माण में सैकड़ों लोगों को काम मिला जिससे उनकी आजीविका में सुधार हुआ। ग्राम पंचायत सिंहपुर में निर्मित रतन सिंह खेल मैदान में सभी उम्र के लोगों को ध्यान में रखकर फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, और वॉलीबॉल के लिए सुविधाएँ विकसित की गई हैं। खेल मैदान के विकास में सामुदायिक सहभागिता के तहत स्थानीय पंचायत मुखिया और अन्य प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी तथा पी.ओ. संदीप सिंह व अवर अभि. मोनू सोनी जैसे अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो। रतन सिंह खेल मैदान के निर्माण से स्थानीय युवाओं को कबड्डी, फुटबॉल और वॉलीबॉल जैसे खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला। कई युवाओं ने स्थानीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लिया और कुछ ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने की दिशा में अपने कदम बढ़ाये। खेल मैदान ने युवाओं और बच्चों में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति रूझान पैदा किया। खेल मैदान की रनिंग ट्रैक सुबह-शाम हर उम्र के ग्रामवासी की चहल कदमी की गवाह बन रही है जिससे जनस्वास्थ्य में सुधार हुआ है। खेल मैदान के रूप में युवाओं को एक ऐसा मंच मिला है जहां से वे न केवल खेल गतिविधियों में भाग ले सकते हैं बल्कि सामुदायिक एकता को मजबूत करने और अपनी पहचान स्थापित करने में भी सक्षम हुए हैं। क्षेत्र पंचायत प्रमुख अजीत प्रताप सिंह, बीडीओ संदीप सिंह व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) प्रमोद कुमार यादव द्वारा 15 अगस्त 2023 को संयुक्त रूप से मनरेगा खेल मैदान का उद्घाटन किया था। मनरेगा योजना अन्तर्गत निर्मित खेल मैदान ने जहां निर्माण व रख-रखाव के कारण लोगों को रोज़गार के अवसर पर उपलब्ध कराएं वहीं बेहतर सुविधाओं के कारण आये दिन आयोजित होने वाली खेल गतिविधियों ने भी गांव के पर्यटन विकास तथा स्थानीय लोगों के लिए आय के नए अवसर पैदा कर गांव के आर्थिक विकास को सहारा दिया। ग्राम पंचायत सिंहपुर में निर्मित खेल मैदान जिले की अन्य ग्राम पंचायतों के लिए एक मॉडल बन गया है। आकांक्षी ब्लाक हुजूरुपर में ही 04 अन्य स्थानों पर खेल मैदान का निर्माण पूरा हो चुका है तथा अन्य ग्राम पंचायतों में खेल मैदान चिन्हीकरण किया जा रहा है।

## शांति की ओर मणिपुर

निस्संदेह, पिछले दो वर्ष से अधिक समय से हिंसाग्रस्त मणिपुर का संकट लाइलाज–सा नजर आता रहा है। अब केंद्र सरकार और राज्य के दो प्रमुख कुकी–जो समूहों के बीच बीते गुरुवार को हस्ताक्षरित ऑपरेशन निलंबन समझौते से अशांत मणिपुर में शांति बहाली तथा सामान्य स्थिति बनाये रखने के प्रयासों को बल मिलने की उम्मीद जगी है। उम्मीद है कि इस प्रयास से राज्य की क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित की जा सकेगी। समझौते के बाद निर्दिष्ट शिविरों को संवेदनशील क्षेत्रों से स्थानांतरित करने और राज्य में दीर्घकालिक शांति तथा स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में भी सहमति बनी है। वहीं यह घटनाक्रम इस कारण से भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह इस पूर्वोत्तर राज्य का दौरा कर सकते हैं। विपक्ष लंबे समय से मांग करता रहा है कि प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं जाते। मई, 2023 में मैतेई और कूकी समुदाय के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद प्रधानमंत्री की इस संवेदनशील राज्य की यह पहली यात्रा होगी। विगत में विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा है कि केंद्र ने मणिपुर को उसके हाल पर छोड़ दिया। विपक्ष ने राज्य में डबल इंजन सरकार के दौरान कुशासन का आरोप भी लगातार लगाया है। उनका यह भी आरोप रहा है कि सत्तारूढ़ भाजपा ने राज्य की स्थिति के नियंत्रण में अपनी विफलता के बावजूद एन बीरेन सिंह को मुख्यमंत्री के पद पर बनाये रखा था। इससे बढ़कर यह भी कि मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए उन पर तटस्थता न दिखाने और हिंसा के प्रति संवेदनहीन बने रहने के आरोप भी लगाए गए। कालांतर विपक्ष के दबाव के बीच उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। तब से लेकर अब तक राज्य राष्ट्रपति शासन के तहत संचालित है। वहीं हाल के महीनों में अपेक्षाकृत शांति का एक मुख्य कारण यह भी है कि कई आतंकवादियों ने राज्य के अधिकारियों की अपील के जवाब में लूटे गए हथियार कानून प्रवर्तन एजेंसियों को लौटाए हैं। निश्चित रूप से हाल ही में हुआ समझौता लंबे समय से अशांत चल रहे मणिपुर के हित में एक स्वागत योग्य कदम ही कहा जाएगा। इसके बावजूद कुछ पेचीदा मुद्दे अभी भी सुलझाने बाकी हैं। इस मुहिम में विभिन्न हितधारकों को शामिल करने की जरूरत है। राज्य में एक प्रभावशाली नागरिक समाज समूह, कुकी–जो काउंसिल ने स्पष्ट किया है कि वह मैतेई और कुकी–जो क्षेत्रों के बीच बफर जोन में अप्रतिबंधित या मुक्त आवाजाही के पक्ष में नहीं। यह भी कि मणिपुर के नागाओं के शीर्ष निकाय ने मुक्त आवागमन व्यवस्था को समाप्त करने और भारत–म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का विरोध किया है। इसके अलावा विरोध में राज्य में समुदाय वाले सभी क्षेत्रों में व्यापार प्रतिबंध लागू करने की चेतावनी भी दी है। उल्लेखनीय है कि राज्य में जातीय संघर्ष की मूल वजह बहुसंख्यक मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा हासिल करने की मांग रही है। इस मांग पर उपजे टकराव को दूर करने तथा कुकी और नागाओं का विश्वास फिर से हासिल करने के प्रयास प्राथमिकता के आधार पर किए जाने की जरूरत है। निश्चय ही, सामान्य स्थिति की ओर बढ़ने के लिये मोदी सरकार को अब समय नहीं गवांना चाहिए। निस्संदेह, मणिपुरियों ने पहले ही इस राहत के लिये बहुत लंबा इंतजार किया है। यह अच्छी बात है कि कूकी–जो काउंसिल ने अलग से राष्ट्रीय राजमार्ग–2 को खोलने का फैसला लिया है।

# अंकल जज सिंड्रोम में फंसी न्यायपालिका

**डॉ. अजय खेमरिया**



**जस्टिस नागरत्ना ने अपने असहमति पत्र में लिखा है कि जस्टिस पांचोली की पदोन्नति प्रशासन के प्रतिकूल है बल्कि कॉलेजियम प्रणाली की विश्वसनीयता को भी खतरे में डालेगी। कोलेजियम ने 25 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के लिए जस्टिस आलोक आराधे और विपुल पांचोली को सुप्रीम कोर्ट के लिए पदोन्नत किया है। इस निर्णय को करने वाली समिति में बीवी नागरत्ना के अलावा मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई, जस्टिस सूर्यकान्त, जस्टिस विक्रम नाथ एवं जस्टिस जेके माहेश्वरी शामिल रहे हैं। जाहिर है आलोचनाओं के इस प्रहसन ने कोलेजियम के अंतर्विरोध और आपसी मतभेदों को भी उजागर कर दिया है। जस्टिस नागरत्ना जिस मुद्दे को उठा रही हैं, वह तकनीकी और नैतिक रूप से उचित नहीं है।**

ऐसी चर्चा है कि सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने बांबे हाईकोर्ट के लिए पिछले सप्ताह 14 वकीलों के नाम को हरी झंडी दी है, इसमें मौजूदा मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के भतीजे राज दामोदर वाकोडे भी शामिल हैं। यही नहीं रंजीत सिंह भौंसले और मेहरोज अशरफ खान पठान भी जज के रुप में नियुक्ति की सिफारिश पाने वाले वकीलों में शामिल हैं। भौंसले के पिता बैरिस्टर राजा भौंसले महाराष्ट्र में एडवोकेट जनरल और बॉम्बे हाईकोर्ट में जज रह चुके हैं। खास बात यह है कि मौजूदा मुख्य न्यायाधीश इन्हीं राजा भौंसले के साथ जूनियर के रूप में काम कर चुके हैं।

अशरफ पठान मुंबई में मुख्य न्यायाधीश श्री गवई के जूनियर के रूप में नामंकित रहे हैं। इन सिफारिश का विस्तृत ब्यौरा अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। सवाल मुख्य न्यायाधीश के रिश्तेदार और जूनियर, सीनियर का नहीं है बल्कि भारतीय न्यायपालिका के शीर्ष पर नैतिकता से जुड़ा है।जस्टिस गवई अकेले जज नहीं हैं, जिनके सगे-सबन्धियों को हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति मिल रही हो। स?वाधीनता के बाद से ही हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्तियों को लेकर सवाल उठते रहे हैं। संविधान से इतर मौजूदा कोलेजियम व्यवस्था की तो सर्वाधिक तीखी आलोचना भी होती है। मौजूदा सरकार ने जज चयन के लिए नया कानून भी बनाया था लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे नहीं माना। कोलेजियम का एक दूसरा निर्णय भी इन दिनों चर्चा में हैं। पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश विपुल एम पंचोली को सुप्रीम कोर्ट के लिए पदोन्नति दी गई है। कोलेजियम समिति में सदस्य जस्टिस बीवी नागरत्ना इससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने जस्टिस पंचोली की वरिष्ठता पर सवाल उठाए हैं।जस्टिस नागरत्ना के अनुसार जस्टिस पांचोली देश के अलग-अलग हाईकोर्ट की समेकित वरिष्ठता सूची में 57 वे नंबर पर हैं, उनसे वरिष्ठ जज सुप्रीम कोर्ट की पदोन्नति के लिए उपलब्ध हैं। इसके अलावा जस्टिस नागरत्ना गुजरात मूल का मुद्दा भी उठा रही हैं, उनकी आपत्ति है कि विपुल पांचोली के सुप्रीम कोर्ट आने से गुजरात के तीन जज हो जायेंगे।

जस्टिस नागरत्ना ने अपने असहमति पत्र में लिखा है कि जस्टिस पांचोली की पदोन्नति प्रशासन के प्रतिकूल है बल्कि कॉलेजियम प्रणाली की विश्वसनीयता को भी खतरे में डालेगी। कोलेजियम ने 25 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के लिए जस्टिस आलोक आराधे और विपुल पांचोली को सुप्रीम कोर्ट के लिए पदोन्नत किया है। इस निर्णय को करने वाली समिति में बीवी नागरत्ना के अलावा मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई, जस्टिस सूर्यकान्त, जस्टिस विक्रम नाथ एवं जस्टिस जेके माहेश्वरी शामिल रहे हैं। जाहिर है आलोचनाओं के इस प्रहसन ने कोलेजियम के अंतर्विरोध और आपसी मतभेदों को भी उजागर कर दिया है। जस्टिस नागरत्ना जिस मुद्दे को उठा रही हैं, वह तकनीकी और नैतिक रूप से उचित नहीं है क्योंकि 17 अगस्त 2021 को कोलेजियम ने जिन 09 हाईकोर्ट जजों को सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति दी थी उनमें स्वयं नागरत्ना भी हैं। जस्टिस नागरत्ना उस समय किसी भी हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश नहीं थीं और उन्हें यह सोचकर सुप्रीम कोर्ट लाया गया था कि वे देश की पहली मुख्य न्यायाधीश बनेंगी। जस्टिस नागरत्ना के पिता ईएस वेंकटरमैया भी सुप्रीम कोर्ट के जज रह चुके हैं। गुजरात को लेकर उनकी यह आपत?ति? भी ठीक नहीं है क्योंकि मप्र के भी वर्तमान में तीन जज सुप्रीम कोर्ट में कार्यरत हैं। सुप्रीम कोर्ट वरिष्ठता के हिसाब से जस्टिस नागरत्ना 2027 में कुछ दिन के लिए मुख्य न्यायाधीश बनेगी ही। अगर विपुल पांचोली पदोन्नति पाते हैं तो वे भी देश के 60वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। मुख्य न्यायाधीश गवई के 45 वर्षीय भतीजे राज वाकोडे का भी मुख्य न्यायधीश बनना तय है। इसके साथ ही जस्टिस गवई भी उन 17 न्यायिक खानदानों में शामिल हो जायेंगे जिनके दो सदस्य सुप्रीम कोर्ट में पदस्थ रहे हैं।

सच्चाई यह है कि सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम नैतिक और तकनीकी रूप से भयंकर अंतर्द्वंद का शिकार भी है। बॉम्बे हाईकोर्ट के लिए नामांकित 14 वकीलों का मामला हो या जस्टिस विपुल पांचोली की पदोन्नति दोनों ही मामलों में कोलेजियम की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल तो खड़े हो ही रहे हैं। जस्टिस पांचोली विवाद से ऐसा भी लगता है कि जजों में तीखे मतभेद भी हैं, जिसके चलते न्यायिक प्रशासन में उपयुक्त चयन प्रभावित हो रहे हैं। चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और अवसर की समानता अभी भी न्यायपालिका की चौखट पर दम तोड़ रही है। सुप्रीम कोर्ट में अब तक कार्यरत 279 जज में से 32 परिवार आपस में कुटुम्बजन रहे हैं। इनमें 104 जज ही ऐसे रहे हैं जो पहली पीढ़ी के वकील हैं। यानी जिनकी प्रतिष्ठित पारिवारिक कानूनी पृष्ठभूमि नहीं रही है। हाल ही में कोलेजियम द्वारा मप्र हाईकोर्ट के लिए पदोन्नत किये गए एक जज के विरुद्ध अधीनस्थ महिला सिविल जज ने गंभीर आरोप लगाए थे। कोलेजियम द्वारा महिला जज के आरोपों को अनसुना करने पर सिविल जज ने सेवा से इस्तीफा दे दिया था। वकील कोटे से नियुक्त एक अन्य जज के विरुद्ध भी अधीनस्थ जजों ने लम्बा पत्राचार किया था लेकिन कोलेजियम ने कोई ध्यान नहीं दिया। 2024 में कोलेजियम ने रिश्तेदार जजों की नियुक्ति पर प्रतिबंध का निर्णय लिया था लेकिन पिछले डेढ़ महीने में कोलेजियम की सिफारिशें बता रही हैं कि अंकल जज सिंड्रोम से हमारी न्यायपालिका मुक्त होने के लिए तैयार नहीं है। इसलिए अब वक्त आ गया है कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जजों की चयन प्रक्रिया को पारदर्शिता और प्रमाणिकता की कसौटी पर कसा जाए।

### विचार

# स्वास्थ्य सुधारों की नई इबारत है शिशु मृत्यु दर में ऐतिहासिक गिरावट

**डॉ. निवेदिता शर्मा**



**2014 से पहले भी मातृ-शिशु स्वास्थ्य और टीकाकरण से जुड़ी योजनाएँ मौजूद थीं, किंतु उनका लाभ अंतिम छोर तक सीमित रूप से ही पहुँच पाता था। मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद इन योजनाओं को नए दृष्टिकोण के साथ लागू किया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान ने गर्भवती महिलाओं को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय देखभाल की सुविधा दी। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ने पहली बार गर्भधारण करने वाली महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की, जिससे वे गर्भावस्था के दौरान पोषण और स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग हो सकें। इसी दिशा में जननी सुरक्षा योजना और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम जैसे प्रयासों ने सुरक्षित प्रसव की दर बढ़ाई और प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को घटाया। नतीजतन, शिशु मृत्यु दर में लगातार कमी दर्ज हुई।**

भारत जैसे विशाल और विविधताओं से भरे देश में स्वास्थ्य सेवाएँ हमेशा से एक जटिल चुनौती रही हैं। सीमित संसाधन, बड़ी जनसंख्या, ग्रामीण-शहरी असमानता और स्वास्थ्य ढाँचे की कमजोर स्थिति ने लंबे समय तक इस क्षेत्र को अपेक्षित ऊँचाई तक पहुँचने से रोके रखा। इसके बावजूद हाल के वर्षों में शिशु मृत्यु दर में लगातार गिरावट दर्ज होना उत्साहजनक संकेत है। भारत के महापंजीयक द्वारा जारी आँकड़े बताते हैं कि आम लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में देश ने उल्लेखनीय कदम बढ़ाए हैं। देखने में यही आ रहा है कि एक दशक पहले जहाँ शिशु मृत्यु दर प्रति हजार जीवित जन्म पर 40 थी, वहीं अब यह घटकर 25 तक पहुँच गई है। यह 37.5 प्रतिशत की गिरावट केवल सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं, इससे भी आगे योजनाओं और प्रयासों की सफलता का प्रमाण है।

2014 से पहले भी मातृ-शिशु स्वास्थ्य और टीकाकरण से जुड़ी योजनाएँ मौजूद थीं, किंतु उनका लाभ अंतिम छोर तक सीमित रूप से ही पहुँच पाता था। मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद इन योजनाओं को नए दृष्टिकोण के साथ लागू किया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान ने गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय देखभाल की सुविधा दी। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ने पहली बार गर्भधारण करने वाली महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की, जिससे वे गर्भावस्था के दौरान पोषण और स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग हो सकें। इसी दिशा में जननी सुरक्षा योजना और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम जैसे प्रयासों ने सुरक्षित प्रसव की दर बढ़ाई और प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को घटाया। नतीजतन, शिशु मृत्यु दर में लगातार कमी दर्ज हुई। आँकड़े बताते हैं कि ग्रामीण इलाकों में यह दर 44 से घटकर 28 और शहरी क्षेत्रों में 27 से घटकर 18 पर आ गई। यह बदलाव संकेत करता है कि स्वास्थ्य सेवाएँ अब गाँव-गाँव तक पहुँचने लगी हैं।

शिशु मृत्यु दर में गिरावट का सबसे अहम कारण टीकाकरण का व्यापक कवरेज है। 2017 में शुरू हुआ इंटेंसिफाइड मिशन इंद्रधनुष बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पूर्ण टीकाकरण को सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ। जहाँ पहले टीकाकरण की दर सीमित थी, वहीं अब यह 90 प्रतिशत से अधिक तक पहुँच चुकी है। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने जो 200 करोड़ से अधिक टीके रिकॉर्ड समय में लगाए, भारत के संदर्भ में यह प्रयास स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ ही प्रशासनिक दक्षता का भी उदाहरण है। भारत की यह उपलब्धि वैश्विक स्तर पर सराही गई। यानी हम अब टीकाकरण अभियान की निर्णायक भूमिका में पहुंच चुके हैं, जिसके कि आज सार्थक परिणाम भी दिखाई देते हैं।

मोदी सरकार ने 2018 में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर योजना शुरू कर 1.5 लाख से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने का लक्ष्य रखा। इन केंद्रों में अब सामान्य बीमारियों के इलाज के साथ-साथ टेली मेडिसिन, गैर-संक्रामक रोगों की जांच और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। ई-संजीवनी नामक डिजिटल टेलीमेडिसिन सेवा ने गाँव-गाँव तक डॉक्टरों से ऑनलाइन परामर्श की सुविधा पहुँचाई। लाखों लोग इस सेवा से लाभान्वित हुए और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच अधिक समावेशी बनी। यह तकनीकी प्रयोग स्वास्थ्य क्षेत्र में नया अध्याय जोड़ता है। इस प्रयास से भी बच्चों की मृत्यु दर में भारी कमी आ सकी है। शिशु मृत्यु दर घटने का एक बड़ा कारण पोषण योजनाओं का विस्तार है। राष्ट्रीय पोषण मिशन या 'पोषण अभियान' ने आंगनवाड़ी केंद्रों को मज़बूत किया और बच्चों व गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष योजनाएँ लागू कीं। पोषण ट्रैकर ऐप और जन-जागरूकता अभियानों ने पारदर्शिता व दक्षता को बढ़ाया। इसके साथ ही स्वच्छ भारत अभियान ने अप्रत्यक्ष रूप से स्वास्थ्य सुधार में अहम योगदान दिया। खुले में शौच से मुक्ति और स्वच्छता की आदतों ने संक्रामक रोगों की रोकथाम में भूमिका निभाई। यही कारण है कि शिशु और मातृ स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार देखने को मिला।

## महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण विवाद और बढ़ गया

**नोरा चोपड़ा**

मराठा आरक्षण विवाद ओ.बी.सी. नेताओं द्वारा राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन की धमकी के साथ और बढ़ गया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.)के वरिष्ठ नेता और मंत्री छगन भुजबल राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में शामिल नहीं हुए और घोषणा की कि वह पात्र मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र जारी करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले के खिलाफ अदालत का रुख करेंगे। वहीं, महाराष्ट्र कांग्रेस ने गुरुवार को मांग की कि राज्य कांग्रेस के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार की तर्ज पर ओ.बी.सी. आरक्षण कोटा 27 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत करें।

उन्होंने कहा कि आरक्षण को लेकर चल रहे विवाद को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने का यही एकमात्र तरीका है। हालांकि, कार्यकर्त्ता मनोज जरांगे पाटिल ने मुंबई में 5 दिनों तक भूख हड़ताल की, जिसे राज्य सरकार द्वारा उनकी 8 में से 6 मांगें मान लेने के बाद समाप्त किया गया। सरकार ने पात्र मराठों को कुनबी (ओ.बी.सी.) जाति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में एक सरकारी आदेश भी जारी किया। टी.टी.वी. दिनाकरन पन्नीरसेल्वम के नक्शेकदम पर रू एडप्पादी पलानीस्वामी (ई.पी.एस.) के नेतृत्व वाली अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कडगम (ए.आई.ए.डी.एम.के.) की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एन.डी.ए.)में वापसी और राज्य भाजपा में नेतृत्व परिवर्तन के साथ, अम्मा मक्कल मुनेत्र कडगम (ए.एम.एम.के.) के नेता टी.टी.वी. दिनाकरन बुधवार को ओ. पन्नीरसेल्वम (ओ.पी.एस.) के नक्शेकदम पर चलते हुए, तमिलनाडु में एन.डी.ए. गठबंधन से बाहर चले गए। उनके बाहर निकलने से सवाल उठे हैं कि क्या पलानीस्वामी चुनावों में डी.एम.के. से लडने को लेकर गंभीर थे या केवल ए.आई.ए.डी.एम.के. में अपना वर्चस्व सुनिश्चित करने में रुचि रखते थे।

यह एक खुला रहस्य है कि पलानीस्वामी ओ.पी.एस. और टी.टी.वी. के एन.डी.ए. का हिस्सा होने का विरोध कर रहे हैं, खासकर ऐसे समय में जब ए.आई.ए.डी.एम.के. के एकीकरण की आवाजें तेज हो रही हैं। उन्होंने कहा, ''जैसा कि मैंने कहा कि विजयकांत ने 2006 में प्रभाव डाला था, 2026 में भी ऐसा प्रभाव पडने की संभावना है। जब विजयकांत राजनीति में आए तो सभी पाष्र्टयां प्रभावित हुई और आगे भी ऐसा ही प्रभाव पड़ेगा।''बिहार में जद-यू 50-50 के फार्मूले पर जोर दे रही रू बिहार में जैसे-जैसे उच्च दांव वाली लड़ाई करीब आ रही है, केंद्रीय गृह मंत्री और पार्टी के प्रमुख चुनावी रणनीतिकार अमित शाह रणनीति बनाने के लिए पार्टी की राज्य इकाई के साथ बैठक कर रहे हैं। शाह ने कोर कमेटी के नेताओं के साथ बैठक की, जिसमें उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और विनोद तावड़े शामिल थे। टिकट बंटवारे पर चर्चा तो हुई लेकिन कुछ भी अंतिम रूप नहीं दिया जा सका क्योंकि कुछ सीटों का बंटवारा एन.डी.ए. के सहयोगियों के बीच हो सकता है। दूसरी ओर 'हम' (सैक्युलर) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने सार्वजनिक रूप से कम से कम 20 सीटों पर दावा पेश किया और एन.डी.ए. नेताओं को उनकी पार्टी के प्रति सहानुभूति दिखाने की आवश्यकता पर बल दिया। 'हम' को मुख्य रूप से मध्य बिहार के जिलों में मुसहर जाति के दलितों से ताकत मिलती है।

चिराग पासवान की पार्टी ने लोकसभा चुनावों में सभी 5 सीटें जीतकर 100 प्रतिशत स्ट्राइक रेट हासिल किया था लेकिन अब उसने लगभग 30 से 35 सीटों की मांग की है। लोजपा मुख्य रूप से दलितों के बीच पासवानों की पार्टी के रूप में जानी जाती है। इस बीच, बिहार में भाजपा द्वारा बड़ी हिस्सेदारी हासिल करने की कोशिश उसके इस आकलन पर आधारित है कि मुस्लिम, अति पिछड़े और महादलितों के बीच जद-यू का वोट बैंक उसकी संगठनात्मक ताकत के साथ-साथ कम होता जा रहा है। एन.डी.ए. सूत्रों के अनुसार, जद-यू 50-50 के फॉर्मूले पर जोर दे रही है।



## राशिफल

**मेष:-** भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं। सम्बन्धों की मधुरता हेतु आपस में विास कायम करें।

**बृषभ:-** व्यावसायिक संबंध प्रगाड़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है। भौतिक जगत से प्रभावित मन भविष्य को लेकर चिन्तित होगा।

**मिथुन:-** किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

**कर्क:-** समजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में बृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें।

**सिंह:-** नये कायरे में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा।

**कन्या:-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिन्तित होगा।

**तुला:-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ ब्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा। प्रयासरत क्षेत्रों में सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक:-** अच्छे अवसरों का लाभ उठानें में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा देवें।

**धनु:-** भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें।

**मकर:-** उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा।

**कुंभ:-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी।

**मीन:-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा।

# जनजाति हिंदू नहीं का शोर अब थमना चाहिए

**-डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

**शबरी, जिन्होंने अपने जूठे बेर राम को अर्पित किए, वे जनजातीय समाज से थीं। गोंड, भील, कोल, मुंडा जैसे समुदायों का उल्लेख प्राचीन साहित्य में मिलता है। ये सब उस समय भी सनातन धर्म की परंपराओं के सहगामी रहे। यदि ये समाज हिंदू नहीं होते तो राम जैसे अवतार उनके जीवन और लोककथाओं में क्यों उपस्थित होते? क्यों हनुमान जैसे देवता, जिनकी आराधना सबसे अधिक वनवासी और जनजातीय क्षेत्रों में होती है, इनकी आस्था के केंद्र होते? अतः भारतीय जीवन दर्शन में हिन्दू ही जनजाति समाज है। इस तथ्य को भी कोई नजरअंदाज नहीं करे, जनजातीय जीवन में अग्नि का विशेष महत्व है।**

भारत की आत्मा उसकी विविधता में बसती है। यहाँ नदियों से लेकर पर्वत तक, पेड़ों से लेकर पत्थरों तक और देवालयों से लेकर घर-घर तक पूजा की परंपरा है। इस विविधता में जनजातीय समाज की आस्था और उनकी धार्मिक मान्यताएँ भी सम्मिलित हैं। समय-समय पर यह शोर उठता रहा है कि जनजाति हिंदू नहीं हैं। हाल ही में मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बयान ने इसी बहस को फिर से हवा दी है।

उन्होंने कहा कि वे गर्व से स्वयं को जनजातीय मानते हैं, हिंदू नहीं। लेकिन यह प्रश्न उठता है कि क्या सचमुच जनजातीय समाज हिंदू धर्म का अंग नहीं है? क्या उनकी पूजा-पद्धति, देवताओं की मान्यता और जीवन की संस्कार-परंपरा हिंदू धर्म से पृथक है? यदि गहराई से देखा जाए तो इसके उत्तर स्पष्ट रूप से यह दर्शाते हैं कि जनजातीय समाज हिंदू जीवनधारा का अभिन्न हिस्सा है और जनजाति हिंदू नहीं का यह शोर निराधार है, जिसे अब थम जाना चाहिए। भारतीय जनजातीय समाज का धार्मिक जीवन प्रकृति-पूजा पर आधारित है। वे पर्वत, नदी, पेड़-पौधे, सूर्य, चंद्रमा, अग्नि और धरती की पूजा करते हैं। किंतु यदि हम हिंदू धर्म की मूल धारा पर दृष्टि डालें तो वही परंपरा वहाँ भी विद्यमान है। वेदों में आदित्य, वरुण, अग्नि, वायु और पृथ्वी के मंत्र पाए जाते हैं। ऋग्वेद के अनगिनत सूक्त प्रकृति-पूजा के ही उदाहरण हैं। तो क्या प्रकृति-पूजा हिंदू परंपरा से बाहर है? इसका यही उत्तर होगा कि बिल्कुल नहीं। जनजातीय लोग बड़ा देव को मानते हैं, जो उनकी सर्वोच्च सत्ता है। यही अवधारणा हिंदू धर्म में महादेव के रूप में दिखाई देती है। दोनों में न केवल ध्वन्यात्मक साम्यता है बल्कि भावगत एकरूपता भी है। वस्तुतः आज जो हिन्दू-जनजाति विवाद पैदा कर रहे हैं, उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि यदि जनजातीय समाज हिंदू न होते तब वे इस तरह से देवत्व की उपासना, आहुति और यज्ञ-परंपरा को जीवित न रखते। एतिहासिक साक्ष्य भी इस दृष्टि से देखे जा सकते हैं, भारतीय जीवन दर्शन में रामकथा और महाभारत जैसी राष्ट्रीय महागाथाओं में जनजातीय समाज का स्थान हमेशा से रहा है।

शबरी, जिन्होंने अपने जूठे बेर राम को अर्पित किए, वे जनजातीय समाज से थीं। गोंड, भील, कोल, मुंडा जैसे समुदायों का उल्लेख प्राचीन साहित्य में मिलता है। ये सब उस समय भी सनातन धर्म की परंपराओं के सहगामी रहे। यदि ये समाज हिंदू नहीं होते तो राम जैसे अवतार उनके जीवन और लोककथाओं में क्यों उपस्थित होते? क्यों हनुमान जैसे देवता, जिनकी आराधना सबसे अधिक वनवासी और जनजातीय क्षेत्रों में होती है, इनकी आस्था के केंद्र होते? अतः भारतीय जीवन दर्शन में हिन्दू ही जनजाति समाज है। इस तथ्य को भी कोई नजरअंदाज नहीं करे, जनजातीय जीवन में अग्नि का विशेष महत्व है। मृत्यु के बाद अग्नि संस्कार की परंपरा कई समुदायों में है। यदि वे हिंदू नहीं होते तो यह वैदिक संस्कार कैसे बचा रह पाता? भारत की अन्य कई परंपराओं में मृत्यु के बाद दफनाने की प्रथा प्रचलित रही है, लेकिन जनजातीय समाज ने वैदिक पद्धति के अनुरूप चिता संस्कार को अपनाए रखा।

यह एक प्रत्यक्ष प्रमाण है कि वे सनातन जीवनधारा के ही अंग हैं। आज जो लोग कहते हैं कि जनजातीय समाज हिंदू नहीं है, वे शायद इस सच्चाई को अनदेखा कर रहे हैं कि हिंदू धर्म कोई संकुचित धर्म नहीं, बल्कि जीवन जीने की वह शैली है जिसमें अनगिनत विविधताएँ समाहित हैं। यह केवल मंदिरों और मूर्तियों तक सीमित नहीं है। यह उन वनों, नदियों और पर्वतों तक फैला है जहाँ जनजातीय समाज बसता है। हिंदू धर्म का अर्थ ही है, उस जीवनधारा से जुड़ना, जो इस भूखंड पर सदियों से बह रही है। इसलिए जनजातीय समाज को हिंदू धर्म से अलग दिखाने की कोशिश न तो ऐतिहासिक दृष्टि से उचित है, न सांस्कृतिक दृष्टि से और न ही ज्ञान के नजरिए से। यह भी सच है कि बीते कुछ दशकों से मिशनरी गतिविधियों के माध्यम से जनजातीय समाज को धर्मांतरण की ओर धकेला गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सहायता के नाम पर उनका ब्रेनवॉश किया गया। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा में अनेक गाँवों में धर्मांतरण की घटनाएँ सामने आई हैं। कहीं पैसों का लालच दिया गया, कहीं अस्पताल और स्कूल के बहाने उनका विश्वास जीता गया। यह सब उसी नीति का हिस्सा है, जो जनजातीय समाज को उनकी जड़ों से काटकर पश्चिमी धर्मों से जोड़ना चाहती है। किंतु यह प्रक्रिया तभी सफल होती है जब पहले यह प्रचार किया जाता है कि आप हिंदू नहीं हैं। इसलिए यह नारा केवल एक धार्मिक विमर्श नहीं, बल्कि राजनीतिक-सामाजिक षड्यंत्र का हिस्सा है। राजनीति भी इस बहस में सक्रिय रूप से जुड़ गई है। उमंग सिंघार जैसे नेता जब कहते हैं कि हम जनजातीय हैं, हिंदू नहीं, तो वे केवल अपनी पहचान की बात नहीं कर रहे, बल्कि एक बड़े राजनीतिक एजेंडे को साध रहे हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# डीएम-एसपी ने मेला स्थल का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के ऐतिहासिक कंस मेले को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना और पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने कंस मेला आयोजन के दृष्टिगत मेला स्थल की तैयारियों व व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मेला को सकुशल रूप से शांतिपूर्वक संपन्न कराएं।

इस अवसर पर पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर स्थानीय लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।मेला कमेटी के सदस्यों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मेले में शांति बनाए रखने की डीएम और एसपी ने लोगों से अपील की।इस



दौरान कस्बे के रहमानिया ग्राउंड में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में बलवा/दंगा नियंत्रण व भीड़ प्रबंधन आदि का मॉक ड्रिल/अभ्यास कराया गया।

इस अवसर पर कंस मेला तैयारियों के संबन्ध में समीक्षा कर अंर्तजनपदीय व वाह्य जनपद से आने वाले समस्त पुलिस बल के साथ ब्रीफिंग की भी कराई गई मेला के दौरान भीड़ प्रबंधन और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक से तैयारियों के सम्बन्ध में बिन्दुवार चर्चा की गई, जिसमें बताया गया कि पुलिस बल को मेले के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया गया है, जिसमें भीड़भाड़ वाले स्थान व मेला मैदान आदि शामिल हैं।मेला के दौरान यातायात सुचारू रखने के लिए विशेष यातायात व्यवस्था की गई है। इसमें पार्किंग की व्यवस्था और पैदल यात्रियों के लिए अलग मार्ग शामिल हैं।

भारी वाहनों का प्रवेश मेला क्षेत्र के निकट प्रतिबंधित किया गया है और लोगों को वैकल्पिक मार्गों से गुजरने के निर्देश दिए गए हैं यह भी अवगत कराया गया कि मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है ताकि सुरक्षा पर निगरानी रखी जा सके और किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके।मेले के दौरान किसी भी स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति के लिए एंबुलेंस और मेडिकल टीमें तैनात रहेंगी।किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाही के लिए क्यूआरटी की तैनाती भी की गई है, जो विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में चौकसी बरत रही है। भीड़भाड़ और धार्मिक स्थलों के पास सुरक्षा को और पुख्ता किया गया है ताकि किसी भी तरह की अवांछित गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

ब्रीफिंग का मुख्य उद्देश्य मेला के दौरान भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, और शांति व्यवस्था को सुनिश्चित करना है। ड्यूटी पर लगे समस्त पुलिस बल को सतर्कता व पूर्ण मनोयोग से ड्यूटी करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता उप जिलाधिकारी मौदहा करनवीर सिंह क्षेत्राधिकारी विनीता पहल कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# एनसीवीटी परीक्षा में रघुनन्दन सिंह आईटीआई मेरिट सूची में शिखर पर



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

लक्ष्मीबाई पार्क के पास स्थित रघुनन्दन सिंह आई0टी0आई0 की एन0सी0वी0टी0 परीक्षा में देश व प्रदेश के चुनिन्दा संस्थानों में स्थान बनाने में कामयाब रही बताते चले रघुनन्दन सिंह आई0टी0आई0 की स्थापना वर्ष 2010 में हुई। विगत तेरह वर्षो से संस्थान का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है।

जुलाई 2025 की एन0सी0वी0टी0 परीक्षा में संस्थान के 342 छात्रों ने भाग लिया था। जिसमे 162 छात्रों ने 90 प्रतिशत (600 में 540 अंक) से अधिक अंक अर्जित किये तथा शेष सभी छात्र ससम्मान श्रेणी में उर्तीण हुये। संस्थान के फिटर व्यवसाय की छात्रा मुस्कान ने 600 में 598 अंक (99.67 प्रतिशत) अर्जित कर देश / प्रदेश एवं संस्थान में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार संस्थान के फिटर व्यवसाय की छात्रा सेजल सिंह ने 600 में 596 अंक (99.33 प्रतिशत) अर्जित कर संस्थान में दूसरा स्थान हासिल किया। संस्थान के इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय प्रथम वर्ष

> देश की मेरिट सूची में रघुनन्दन सिंह आईटीआई के छात्रों का स्थान

के छात्र रवि कुमार ने 595 (99.16 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर अपनी व्यवसाय में प्रथम स्थान हासिल किया। संस्थान के फिटर व्यवयाय की छात्रा मंजू 592 अंक (98.66 प्रतिशत), लक्ष्मी प्रताप सिंह 590 अंक (98.33 प्रतिशत ) हेमन्त कुमार 585 अंक (97.50 प्रतिशत), रोहित कुमार 585 अंक (97.50 प्रतिशत), सत्यम 582 अंक (97 प्रतिशत), दिलीप कुमार निषाद 579 अंक (96.50 प्रतिशत), अंजू देवी 578 अंक (96.33 प्रतिशत), शिवम 577 अंक (96.16 प्रतिशत) सौम्या सिंह 573 अंक (95.50 प्रतिशत), शनि 572 अंक (95.33 प्रतिशत), शुभम 572 अंक (95.33 प्रतिशत), अंशिका गुप्ता 571 अंक (95.16 प्रतिशत), कैलाश 570 अंक (95.00 प्रतिशत), पंकज कुमार 570 अंक (95.00 प्रतिशत), नेहा 570 (95.00 प्रतिशत) अंक लाकर टॉप 15 रैंक की सूची में अपना स्थान हासिल किया। संस्थान की छात्रा मुस्कान ने बतलाया कि संस्थान द्वारा दिये गये प्रशिक्षण एवं दिये गये दिशा निर्देशों का पालन कर हमने 600 में 598 अंक हासिल किये है मैंने सी0बी0टी0 परीक्षा में 150 में 150 अंक अर्जित किये है संस्थान की छात्रा सेजल सिंह ने भी सी0बी0टी0 परीक्षा में 150 में 150 अंक अर्जित किये है। संस्थान की प्रबन्धिका श्रीमती प्रियंका सिंह ने मेरिट में अच्छे अंक लाने वाले तथा ससम्मान श्रेणी में उर्तीण हुये छात्रों को उज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी।

संस्थान की प्रबन्धिका श्रीमती प्रियंका सिंह ने बतलाया कि शीघ्र ही मेरिट लिस्ट में टॉप आने वाले छात्रों को समाज के श्रेष्ठ राजनैतिक / समाज सेवी / प्रशानिक अधिकारी महानुभावों द्वारा सम्मानित करवाया जायेगा जिससे छात्रों में अधिक रुचि से प्रशिक्षण करने की प्रेरणा मिल सकें तथा इसी दिन रोजगार हेतु कई कम्पनियों से टाईअप किया गया है और शीघ्र ही संस्थान में प्लेसमेंट शिविर लगाकर छात्रों को रोजगार मुहैया कराया जायेगा।

## खबरें एक नजर में

### हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से झुलसा युवक



**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से एक ग्रामीण युवक बुरी तरह झुलस गया गंभीर हालत में जीवन मौत से जुड़ते हुए कानपुर में इलाज चल रहा है। बताते चलें कि विकासखंड के नरयाइच गांव निवासी शब्बीर खान जो कई वर्षो से मुटनी गांव में अपनी ससुराल में रहकर खेती-बाड़ी का काम कर रहा था बारह वफात में घर में रोशनी झालर लगाने के लिए वह अपने घर की छत में चढ़कर झालरे लगा रहा था तभी छत के ऊपर से गुजरी हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया और यह देख परिजनों ने के हाथ पैर फूल गए और वह आनंन-फानन में किसी तरह ग्रामीणों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में लेकर गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत चिंता जनक होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया इस संबंध में ग्रामीण दीपक वर्मा ने बताया कि पीड़ित की हालत में सुधार नहीं हो रहा है उसका इलाज कानपुर के निजी अस्पताल में जारी है और वह जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है।

### सरकार द्वारा मजदूरों को पट्टा देने के मकसद से ग्राम पंचायत अरतरा में 15 दिसमवर को होगी खुली बैठक

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** मजदूरों को सरकार पट्टा देने के मकसद से ग्राम पंचायत अरतरा में आगामी पन्द्रह सितंबर को खुली बैठक आयोजन किया जाना है जिसमें पात्र व्यक्तियों को कृषि भूमि के लिए पट्टे लॉटरी डालकर दिए जाने के लिए कृषि भूमि समिति ने विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दिया है। भू प्रबंध समिति के अध्यक्ष माहेश्वरी दिन ने बताया सरकार की मंशा के अनुरूप पन्द्रह सितंबर को बैठक का आयोजन कर पात्र व्यक्तियों को कृषि योग्य भूमि के पट्टे आवंटित किए जाएंगे।

### घरेलू गैस सिलेंडर फटने से बाल-बाल बचे ग्रह स्वामी



**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** घरेलू गैस सिलेंडर के फटने से प्रधानमंत्री आवास में गृहस्ती का सामान तहस नहस हो गया और हजारों रुपए की गृहस्ती जलकर खाक हो गई जबकि गृहस्वामी इस घटना से बाल बाल बच गया और पड़ोसियों ने राहत की सांस ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार पेट्रोलियम विभाग के द्वारा लगातार घरेलू गैस सिलेंडर का समय-समय पर चेकअप कराने के लिए निर्देश दिए जाते है पर निजी गैस वितरक मानकों को ताक में रखकर सिलेंडर की बिक्री करते हैं इसी मामले से जुड़ा हुआ एक सिलेंडर फट गया विकासखंड के गुसियारी गांव निवासी नसीरुद्दीन ने बताया कि मेरे घर में पत्नी कुरेशा शुक्रवार की देर रात भोजन गैस चूल्हे में पका रही थी अभी अचानक गैस पाइप में गैस रिसाव होने के कारण पाइप में आग लग गई जिसको देखते ही ग्रहणी आनन फानन में भाग कर बाहर पहुंच अपने पति को इस घटना के बारे में बताया तभी पति ने हड़बड़ाहट में शोर मचा कर ग्रामीणों को इकट्ठा कर घर के अंदर पहुंचे तब तक सिलेंडर में बड़ी जोर से विस्फोट हो गया ग्रहस्ती का सामान एवं आवास की दीवारें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई राहत भरी बात यह रही की दंपति व पड़ोसी घर के भीतर नहीं पहुंच पाए जिससे बाल बाल बच गए बड़ी घटना होने से टल गई।

### डिमांड पूर्ण नहीं होने पर दरोगा ने मारा थप्पड़, कान का फटा पर्दा

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** जमीन विवाद सुलझाने में दरोगा की डिमांड पूर्ण नहीं करने पर दरोगा ने पीड़ित के नाबालिग पुत्र के कान में जोरदार थप्पड़ मारकर कान का पर्दा फाड़ दिया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत की है। पुलिस अधीक्षक ने प्रकरण की जांच सीओ सदर को सौंपकर रिपोर्ट तलब की है। थानाक्षेत्र के धरमपुर निवासी सुशील कुमार ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसका पिता के साथ जमीनी बंटवारे को लेकर विवाद है। गत 1 सितंबर को पिता द्वारका प्रसाद ने झूठी शिकायत थाने में की थी। शिकायत के बाद उसे थाने बुलाया गया और समझौते के नाम पर उसके पुत्र नैतिक से महिला दरोगा प्रियंका सिंह, आरक्षी शैलेंद्र सिंह ने रुपए की मांग की। मेरे पुत्र के मना करने पर दोनों उसे रसोईघर की ओर ले गए और जमकर मारा पीटा। जिससे उसके पुत्र का कान का पर्दा फट गया है साथ ही मेरा शांति भंग में चालान कर दिया। जमानत के बाद घर आने पर पुत्र ने घटना से अवगत कराया। सदर अस्पताल में जांच के बाद कान का पर्दा फटने की पुष्टि हुई है। पीड़ित ने साक्ष्य के तौर पर मेडिकल रिपोर्ट भी पेश की है। पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच सीओ सदर राजेश कमल को सौंपी है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने मामले को झूठा बताया है।

### पुलिस की मौजूदगी में हुआ डीएपी का वितरण

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के क्रय विक्रय सहकारी समिति एवं पीसीएस में किसान सेवा केंद्र में शनिवार को डीएपी खाद आते ही किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। केंद्र प्रभारियों को पुलिस बुलाकर खाद का वितरण करना पड़ा।

कई दिनों के बाद शनिवार को कस्बे के क्रय विक्रय सहकारी समिति एवं पीएससी किसान सेवा केंद्र में एक-एक ट्रक डीएपी खाद वितरण के लिए उपलब्ध हुई। खाद आने की भनक लगते ही किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। लंबी लाइन देखकर एवं किसानों के हो हल्ला के मद्देनजर केंद्र प्रभारियों ने पुलिस को बुलाकर खाद का वितरण शुरू किया। शाम तक दोनों जगह पर डीएपी खाद खत्म हो गई थी। पीसीएफ किसान सेवा केंद्र के प्रभारी शिव सिंह ने बताया कि एक ट्रक डीएपी वितरण के लिए आई थी। पुलिस की मौजूदगी में लाइन लगवाकर शासन की गाइडलाइन की मुताबिक वितरण किया गया। इसी तरह क्रय विक्रय सहकारी समिति के शुभम तिवारी ने बताया कि सुबह से शाम तक वितरण पुलिस की मौजूदगी में हुआ। अब खाद खत्म हो गई है।

# गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

गणेश चतुर्थी के दस दिन से लगातार नगर में गणपति बप्पा मोरिया के गगन भेदी नारों के साथ गूंजता रहा शनिवार को दसवें दिन अनंत चतुर्दशी पर भीगी नम आंखों से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन बैंड बाजे के साथ गुलाल उड़ाते हुए पुरुषो, महिलाओं, बच्चों ने विदाई दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गणपति बप्पा मोरिया के गूंजायमांन नारों के साथ नगर के थाना चौराहा कमेटी की प्रतिमा, अरतरा चौराहा गणेश प्रतिमा एवं काशीराम कॉलोनी मराठीपुरा की प्रतिमाएं शनिवार को अनंत चतुर्दशी के दिन अभी गुलाल उड़ाते हुए



महिला पुरुषों ने पढोरी चौकी के चंद्रावल नदी में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। कमेटी के अध्यक्ष बीनू गुप्ता राज नारायण गुप्ता ने बताया कि 10 दिन चले गणपति महोत्सव के बाद वैदिक विधि विधान से हवन पूजन कर गणपति बप्पा को विसर्जित किया जिसमें सभी नगर वासी श्रद्धा भाव से डीजे के धुन में नाचते गाते हुए विदा किया।

### आकासीय बिजली गिरने से मंदिर की गुम्मत गिरी

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के झलोखर गांव के कुसमरा मौजे में खेत में स्थित हनुमान मंदिर के शिखर में बीती शाम आकाशीय बिजली गिर जाने से मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया है। क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी सुधाकर शिवहरे ने बताया कि मेरे खेत व निजी नलकूप कुसमरा मौजे में है। नलकूप के पास ही हनुमान जी का मंदिर बना हुआ है। शुक्रवार को शाम सात बजे आसमान में तेज बिजली चमक रही थी। तथा मंदिर के शिखर में तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे मंदिर का शिखर क्षतिग्रस्त हो गया है।इसी तरह क्षेत्र के उमराहट गांव में मुन्ना सिंह के घर के समीप पीपल के पेड़ में भी आकाशीय बिजली गिरी थी। जिससे इसके मकान में दरार आ गई है। तथा विद्युत उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए।

# तहसील समाधान दिवस में फरियादियों ने दर्ज कराई अट्ठावन शिकायतें

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

तहसील स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में अट्ठावन शिकायतें फरियादियों ने दर्ज कराई जिसमें तुरंत कार्रवाई करते हुए छह शिकायतों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे के तहसील सभागार में तहसीलदार शिखर मिश्रा की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें लगातार अवकाश होने व कंस मेला के बीच संपूर्ण समाधान दिवस में सुबह 10ः00 बजे से सन्नाटा पसरा रहा लेकिन धीरे-धीरे फरियादियों को समाधान दिवस कि जानकारी हुई तो उन्होंने तहसील सभागार में पहुंचकर अपनी-अपनी शिकायतें दर्ज कराई



जिसमें अठ्ठावन शिकायतें आई तहसीलदार ने सक्रियता दिखाते हुए 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया खास बात यह रही की कस्बे व क्षेत्र में खेतों को प्लाटिंग कर बेचे जा रहे भू माफियाओं की चर्चा तहसील में दिखाई दी जिसमें शिकायतकर्ता सैफुद्दीन पुत्र कमालुद्दीन नगर निवासी ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि कस्बे के खंड विकास कार्यालय के पीछे सम्मिलित खाते में 20 बीघा जमीन है जिसमें उसके भाइयों व परिवारी जनों ने बांदा के किसी रियल एस्टेट से संबंधित व्यक्ति को एग्रीमेंट कर दिया है। जबकि उस जमीन पर बिक्री न हो उसके लिए न्यायालय से स्टे ले चुका है लेकिन भू माफियाओं के हौसले बुलंद होने के कारण उक्त भूमि लाखो रुपए में बेची जा रही है जिससे आहत होकर उसने तहसील समाधान दिवस पर न्याय की गुहार लगाई है।

### डीजे के धुन पर भक्तों ने गणेश प्रतिमाओं का नम आंखों से किया विसर्जन



**ओरन/बांदा, समृद्धि न्यूज।** कस्बे मे लगभग दस स्थानों पर स्थापित गणपति बप्पा की प्रतिमाओं का पूजन-अर्चन कर डीजे की धुन पर गणपति वप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ की गूज के नारो के बीच भारी संख्या में महिलाएं, पुरूष, बच्चे भक्तगण थिरकते हुये सभी प्रतिमाओं को कस्बे के तिलहर देवी मंदिर तालाब मे नम आखो से विसर्जन किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष आनंद कुमार शिवहरे, विनय शिवहरे, कुलदीप शिवहरे, हिमांशु, आशू शिवहरे, आशीष, अनय, धीरज गुप्ता सहित सुरक्षा व्यवस्था मे चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार त्रिपाठी पुलिस बल के साथ लगे रहे।

# नम आंखों से गणपति बप्पा को बिदाई

**अतर्रा/बांदा, समृद्धि न्यूज।**

गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के उद्घोष के साथ भक्तों ने नाम आंखों से गणेश प्रतिमाओं का किया विसर्जन । नम आंखों से दी विदाई। सुरक्षा व्यवस्था पुलिस रही चौकन्ना।

शनिवार को गणेश विसर्जन पर कस्बे के सभी भक्तों ने गणेश प्रतिमाओं को डीजे के भक्ति गीतों पर तिरकते हुए रंग गुलाल उड़ा कर कस्बे के केन कैनाल नहर में प्रतिमाओं का विसर्जन किया सबसे पहले कस्बे के प्रमुख तीर्थ स्थल गौरा बाबा धाम पहुंच कर गणेश महोत्सव समिति के कार्यकर्ताओं बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर सभी प्रतिमाओं को लेकर ढोल नगाड़े व डीजे की भक्ति ध्वनि पर नाचते थिरकते गणपति महाराज की आरती उतारी हुआ नाम आंखों से विदाई दी कस्बे के स्टेशन रोड की गणेश प्रतिभा में आयोजक



टीम द्वारा लगातार दस दिनों तक एक भक्ति का माहौल रखा विसर्जन के दौरान राज बहादुर गुप्ता राजेश गुप्ता सोनू गुप्ता राज किशोर बाजपेई रमेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उप जिलाधिकारी राहुल द्विवेदी क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार यादव ट्रेनी सीओ पीयूष कुमार पांडे कोतवाली प्रभारी ऋषि देव सिंह क़स्बा इंचार्ज प्रीत पाण्डेय प्रदीप सोनी सोनू त्यागी बालमुकुंद शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद है।

# बैंक से पैसे निकालकर रिक्शे बैठी महिला से छीने तीन लाख रुपए

> महिला ने एसपी को दिया प्रार्थना पत्र

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

महिलाओं के साथ टप्पेबाजी की घटनाएं बढ़ती जा रही है जिसके चलते एक सप्ताह पहले गिरवा थाने के गिरवा कस्बा निवासी कुसुमकली ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वो 30 जून को वो अपने मायके पखरौली थाना बबेरू बैंक से तीन लाख रुपए निकालकर लाई थी जो कि मायके की 6 बीघे जमीन में 27 लाख 60 रुपए पाई थी जिस पर पैसे निकालकर बैंक से बाहर आई तो गांव के ही कृष्ण कुमार अवस्थी उसका साथी महेंद्र जो कि पखारौली बैंक के बाहर खड़े थे उन्होंने महिला को रोककर कहा कि ये पैसे हमे देदो और हम लोग तुम्हे तुम्हारे घर में जाकर दे देंगे लेकिन महिला ने नहीं दिया तो उन्होंने जबरन पैसे से भरा बैग छीन कर भाग गए और जब गांव जाकर जानकारी ली तो मालुम चला कि ये लोग तो देहात कोतवाली के किलेदार का पुरवा में रहते हैं जब पीड़ित महिला और उसका पति बांदा स्थित घर जाकर पैसे मांगे तो उन्होंने देने से इनकार कर दिया और कहा कि अभी नहीं है हमारे पास जब होंगे तब पैसे वापस कर देंगे। जिसको लेकर एसपी बांदा ने जांच के आदेश दिए। वहीं पीड़ित महिला ने बताया कि मै रिक्शे में जैसे ही बैठी तभी उपर्युक्त लोग मुझसे पैसों का भरा हुआ बैग छीन कर भाग गए।

# इच्छाओं पर पूर्ण नियंत्रण रखने से उत्तम ब्रह्मचर्य का गुण प्रकट होता है : सुधा बहन

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर सुबह से ही जैन बंधुओ ने सभी जैन मंदिरों की वंदना की पूजा पूजा पाठ किया और पूरे दिन धार्मिक कार्यो में संलग्न रहे । इंद्रिय और इच्छाओं पर पूर्ण नियंत्रण रखने से उत्तम ब्रह्मचर्य का गुण प्रकट होता है। छोटी बाजार स्थित जैन चेत्यालय में अपने प्रवचन में बाल ब्रह्मचारी दीदी सुधा बहिन जी ने कहा कि ब्रम्हचर्य से संयम, वीर्य रक्षा और सभी प्रकार की स्त्री-संबंधित गतिविधियों और विचारों से मन को दूर रखना है। इस व्रत का पालन करने से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक शक्ति बढ़ती है।

पांच इन्द्रिय भोग ऐसे है जितना भोगो बढ़ता है, बड़े बड़े सुरवीर होते है लेकिन स्त्रियों के सामने परास्त हो





जाते है। रावण का नियम था जो स्त्री मुझे स्वीकार करेगी उसी को स्पर्श करुगा यादपी रावण प्रकांड बिद्वान था न्याय प्रिय राजा था, वेदो का जानकार था लेकिन ब्रम्हचर्य व्रत का पालन न करने के कारण उसने सीता का हरण किया ओर नरक गति को प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि विद्या और मंत्र भी ब्रह्मचर्य के माध्यम से ही सिद्ध होते हैं, जिससे व्यक्ति किसी भी कार्य में सफल होता है। पूज्य बहिन जी ने बताया कि उत्तम ब्रह्मचर्य जैन धर्म के दस धर्मो में से एक है, जो निज आत्मा के मार्ग पर चलने के लिए इंद्रियों और मन को संयमित रखने का सिद्धांत है. ब्रह्मचर्य केवल शारीरिक ब्रह्मचर्य नहीं, बल्कि विचार, वचन और कर्म से स्त्री-पुरुषों के बारे मे गलत न सोचना, बिसय् वासना से दूर रहकर पवित्रता की ओर बढ़ना है. यह आत्म-नियंत्रण, शुद्धता और आध्यात्मिक विकास का मार्ग है । ब्रह्मचर्य से मन एकाग्र और काम वासना से मुक्त रहता है। प्रवचन के बाद चौत्यालय जी मे दीपदान कार्यक्रम हुआ जिसमे भक्तों ने दीप प्रज्जवलित करके जिनवाणी माँ कि आरती की ओर परिक्रमा की एवं भक्ति संगीत हुआ वही भगवान मुनिसुब्रत नाथह् दिगंबर जैन मंदिर में भगवान का महामस्तिकाभिसेक हुआ और निर्वाण लाडू चढ़ाया गए। इस अवसर पर सभी धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहे।

# बांदा में एक दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण संगोष्ठी का सफल आयोजन

> मानसिक स्वास्थ्य व शिक्षक सशक्तिकरण पर केंद्रित विशेष पहल

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

बाँदा जिले में शिक्षकों के सशक्तिकरण और विद्यार्थियों के मानसिक विकास हेतु भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी में आज एक दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ऑल इंडिया चेस फेडरेशन की चेस इन स्कूल मुहिम के अंतर्गत, उत्तर प्रदेश शतरंज खेल संघ के संरक्षण में बाँदा जिला शतरंज खेल संघ द्वारा आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके पश्चात विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रेरणादायक वक्तव्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के



मुख्य अतिथि शिवराज अपर पुलिस अधीक्षक बाँदा ने अपने संबोधन में कहा कि आज की तेज़ रफ्तार जीवनशैली में शतरंज जैसे बौद्धिक खेल न केवल विद्यार्थियों की एकाग्रता और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी सुदृढ़ करते हैं।

इस संगोष्ठी के मुख्य वक्ता फ़िडे अर्बिटर आनंद सिंह रहे, जो शतरंज नियमों और प्रशिक्षण के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखते हैं। उन्होंने शिक्षकों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करते हुए विद्यालय स्तर पर शतरंज शिक्षण हेतु व्यावहारिक रणनीतियाँ साझा कीं।

उत्तर प्रदेश शतरंज खेल संघ के संयुक्त सचिव अजय मिश्रा ने संगोष्ठी के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा, शतरंज विद्यार्थियों के बौद्धिक और व्यक्तित्व विकास में अत्यंत उपयोगी है। आज के युग में खेल शिक्षकों के लिए शतरंज का ज्ञान आवश्यक हो गया है, ताकि वे विद्यार्थियों के मानसिक विकास में अपना प्रभावी योगदान दे सकें और एक सशक्त राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनें। इस प्रशिक्षण में संत तुलसी पब्लिक स्कूल, सेंट मैरीज़ स्कूल, भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी, एवं भगवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज सहित जिले के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के 20 खेल शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम के समुचित आयोजन एवं सफल समन्वय का श्रेय श्री अंकित कुशवाहा जी को जाता है, जिनके अथक प्रयासों से यह आयोजन शिक्षाविदों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से संभव हो सका। संगोष्ठी के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सभी शिक्षक उत्साहित, सशक्त एवं प्रेरित होकर लौटे, ताकि वे अपने-अपने विद्यालयों में शतरंज को एक नवीन शैक्षणिक उपकरण के रूप में प्रारंभ कर सकें।

# विद्यार्थी परिषद ने मशाल यात्रा निकाल कर दर्ज कराया विरोध

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विगत पिछले 75 वर्षों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहितों व छात्रहितों के लिए आवाज बुलंद करता आ रहा है । इसी के निमित श्री रामस्वरुप मेमोरियल विश्वविद्यालय लखनऊ में विद्यार्थियों से लगातार की जा रही अवैध वसूली, भ्रष्टाचार व अनियमितताओं के विरोध में संवैधानिक रूप से शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों व लखनऊ महानगर के कार्यकर्ताओं पर विश्वविद्यालय प्रशासन एवं आईएएस संजय प्रसाद की मिलीभगत से पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किया गया।

सह जिला कार्तिकेय गुप्ता रामजी ने बताया की पंडित जवाहर लाल नेहरू महाविद्याल से महाराणा प्रताप तक मशाल यात्रा निकाल कर विरोध दर्ज



कराया। और पूरे प्रदेश में मशाल जुलूस के माध्यम से विरोध दर्ज किया। और साथ ही कार्तिकेय गुप्ता ने चेतावनी देती हुए कहा की विद्यार्थी परिषद ने 48 घंटे का समय दिया। अगर विश्वविद्यालय व आईएएस संजय प्रसाद के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं होती तो लखनऊ में बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

इस मौके में प्रांत सह मंत्री दिव्यांशु मिश्रा, प्रांत सह स्वलंबी भारत संयोजक स्वतंत्र साहू, नीतीश निगम, सुभाष त्रिपाठी, रजत त्रिवेदी, श्लोक द्विवेदी, अर्पित द्विवेदी, युवराज सिंह, योगेश चंदेल, अनिल पाल, अजय गौतम, दिव्यांश त्रिवेदी शशांक पाठक, आलोक सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ऐतिहासिक गौरव की मिसाल बना गांधी राजकीय इंटर कॉलेज ओरन



**ओरन/बांदा, समृद्धि न्यूज।** शिक्षा सत्र 2025-26 में शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गांधी राजकीय इंटर कालेज ओरन को प्रदेश में टाप टेन स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय प्रकाश सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए लखनऊ में शिक्षक दिवस कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय के इस उपलब्धि पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अभिवावकों एवं कस्बे वासियों में हर्ष व्याप्त है। सीएम द्वारा प्राप्त प्रशस्ति पत्र लेकर आज विद्यालय पहुंचने पर लेक्चर राकेश कुमार ,स.अ. विवेक कुमार, शिवबरन सिंह, बीके सिंह, महेश द्विवेदी, संजीव द्विवेदी नीरज सोनी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजनरायन द्विवेदी, व्यापार मंडल के जिला मंत्री रसिक शिवहरे,आशू शिवहरे व विद्यालय के स्टाफ सहित छात्रों ने मिष्ठान वितरण कर खुशियां मनाते हुए प्रधानाचार्य अजय प्रकाश सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी पर चला प्रशासन का बुलडोजर

▸ अवैध कब्जे की सरकारी भूमि कराई जा रही खाली

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।




एबीविपके छात्रों पर हुए लाठीचार्ज का खामियाजा श्री रामस्वरूप यूनिवर्सिटी को अब भारी पड़ रहा है। यूनिवर्सिटी पर मुकदमा दर्ज होने के बाद दूसरे सबसे बड़ी कार्यवाई करते हुए शनिवार को जिला प्रशासन ने अवैध कब्जे पर बुलडोजर चला दिया। दोपहर तक गेट के बाहर खड़े तीन बुलडोजरों को दोपहर 3:30 बजे परिसर के अंदर ले जाया गया इसके बाद नवनिर्मित एनिमल हाउस को खाली कराकर ध्वस्त कर दिया गया। एनिमल हाउस से थोड़ी दूर पर बने एक कमरे और बाउंड्रीवाल को भी तोड़ा गया। इससे पहले प्रशासनिक टीमों ने यूनिवर्सिटी के अवैध कब्ज की जांच की टीम के साथ तीन बुलडोजर भी थे टीम में सदर तहसील प्रशासन, राजस्व विभाग और पुलिस फोर्स शामिल रहा। इस दौरान पूरे यूनिवर्सिटी में परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया। अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजकुमार शर्मा ने बताया की यूनिवर्सिटी में ग्राम सभा की जमीन पर अवैध कब्जा पाया गया था इसमें बेदखली की कार्रवाई हुई है इसके बाद बुलडोजर की कार्रवाई में एनिमल हाउस जो 400 वर्ग मीटर पर बना था इसका सर्वे किया गया और बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है। एडीएम राजकुमार शर्मा ने बताया कि यूनिवर्सिटी की एक हेक्टेयर जमीन ग्राम सभा में दर्ज है जिसमें कुल 32 गाटा संख्याएं हैं, जिन गाटा संख्या पर यूनिवर्सिटी का अवैध कब्जा है, उस पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है।

बंजर जमीन पर 400 वर्ग मीटर एरिया में बना एनिमल हाउस तोड़ा गया है इसके अलावा जहां-जहां ग्राम सभा की जमीन पर कब्जा है उसको तोड़ा जाएगा। एनिमल हाउस से थोड़ी दूर पर एक कमरा बना था वह भी ग्राम समाज की जमीन पर पाया गया उसे भी तोड़ दिया गया जो जमीन खाली पड़ी है उसे कब्जे में लिया जाएगा दरअसल यूनिवर्सिटी परिसर में तालाब और सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायतें बहुत पहले से हो रही है। यह शिकायतें कहा जा रहा है कि खजूर गांव के ग्राम प्रधान रामनाथ यादव ने की थी इसके बाद राजस्व विभाग ने इसकी जांच की अवैध कब्जे की पुष्टि हुई और तहसील प्रशासन ने इसे खाली करने का कार्य किया। यूनिवर्सिटी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों और प्रशासनिक अफसर के बीच हुए विवाद और लाठी चार्ज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त नाराजगी और कठोर कार्रवाई का संकेत दिया था।

### 17 साल पहले ग्राम प्रधान ने जमीन पर अवैध कब्जा करने की दर्ज कराई थी शिकायत

विकासखंड देवा के खजूर गांव के प्रधान रामनाथ यादव लगातार अफसरों के चक्कर काटते रहे लेखपाल से लेकर उप जिलाधिकारी तक कई बार शिकायत की लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं की। धीरे-धीरे यूनिवर्सिटी ने ग्राम समाज की करीब एक हेक्टेयर जमीन अपने कब्जे में ले ली। ग्राम प्रधान ने पांच बार अधिकारियों को पत्र लिखा लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई जब छात्रों से विवाद हुआ और प्रशासन तथा मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया और इसके बाद शनिवार को जमीन की नाप जोक शुरु कराई गई तथा दूसरे पहर अवैध कब्जे पर बुलडोजर चला दिया गया।

# धर्म छिपाकर किया दोस्ती, बनाये शारीरिक सम्बन्ध, मुकदमा दर्ज

रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

ओमान में नौकरी कर रहे धर्म विशेष के युवक ने स्थानीय थाना अंतर्गत एक गांव निवासी महिला से दीपक के नाम से दोस्ती करके वापस लौटने पर कई दिनों तक उससे शारीरिक संबंध बनाए इसकी जानकारी होने के बाद महिला ने विशेष संप्रदाय के व्यक्ति के विरुद्ध धर्म छुपा कर दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस उपाधीक्षक जटाशंकर मिश्रा ने जांच के बाद आरोपी को जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहित महिला का पति बाहर रहकर नौकरी करता था महिला अपनी सास के साथ गांव में रह रही थी इसी बीच उसका संबंध फेसबुक पर ओमान में नौकरी कर रहे दीपक के नाम से आईडी चला रहे युवक से हो गया। दीपक ने अपने को हिंदू बताते हुए महिला से फेसबुक पर दोस्ती की दोस्ती धीरे-धीरे परवान चढ़ने लगी। करीब 3 महीने पूर्व दीपक ओमान से वापस भिटरिया आया तो विवाहित महिला उसे अपने मौसी का लड़का बताते हुए अपनी ससुराल लिवा ले गई इस बीच दोनों में कई बार शारीरिक संबंध बनाये। जब कड़ाई से पूछताछ हुई तो पता चला कि दरियाबाद थाना क्षेत्र के जेठौती कुर्मियांन निवासी फैसल दीपक के नाम से फर्जी आईडी बनाकर महिला को धार्मिक झांसे में रखते हुए उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था।

# बाढ़ प्रभावित इलाके में सांप के काटने से महिला घायल, राजस्व टीम की तत्परता से बची जान

▸ तहसील क्षेत्र में बढ़ते जलस्तर से कई गांव प्रभावित, प्रशासन ने चौकियां सक्रिय कर बढ़ाई निगरानी

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।




सरयू/घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ने से तहसील रामसनेहीघाट के कई गांवों में पानी आबादी के नजदीक पहुंच गया है। प्रभावित क्षेत्रों में ग्राम कोटेदार पुरवा, गोड़ियन पुरवा मजरे कोयलावर, पाठक पुरवा, लोनियनपुरवा मजरे गुनौली, मास्टर पुरवा, कंगणन पुरवा, सहाई का पुरवा मजरे ढेमा, छपटन पुरवा मजरे टिकरी, लोनियन पुरवा और मुखियनपुरवा मजरे जलालपुर तराई शामिल हैं। प्रशासन ने हालात पर नजर रखने के लिए तीन बाढ़ चौकियां सक्रिय की हैं। इसी बीच शुक्रवार को ग्राम गुनौली निवासी कुसुमा पत्नी शिवकुमार घर पर कार्य करते समय सांप के काटने से घायल हो गईं। घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार महिमा मिश्रा के निर्देश पर राजस्व लेखपाल कपिलदेव सिंह, प्रमोद कुमार, कौशलेन्द्र कुमार और अमित कुमार तत्काल मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से महिला को नाव द्वारा सुरक्षित तटबंध तक लाया गया और एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया।

राजस्व टीम की तत्परता और त्वरित कार्रवाई के चलते महिला को समय पर उपचार मिल सका और उनकी जान बचाई जा सकी। प्रशासन ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में लगातार गश्त और निगरानी जारी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता ने लगाई फांसी

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के हसनापुर मजरे हजरतपुर गांव में एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।मृतका की पहचान पूजा (21) के रूप में हुई है।पूजा की शादी 30 अप्रैल को राजाराम यादव उर्फ पप्पू से हुई थी।राजाराम के अनुसार, वह बदोसराय से रात करीब 2 बजे घर लौटा।कमरे का दरवाजा बंद था।अंदर जाने पर उसने देखा कि पूजा छत के पंखे से लटक रही थी।उसने बताया कि शाम को खाने को लेकर पत्नी से विवाद हुआ था जिससे वह नाराज थी।मृतका के पिता बड़कऊ पुत्र अवध राम जो बेहटा थाना दरियाबाद के निवासी हैं ने बताया कि कल बेटी से बात हुई थी और वह ठीक थी।रात 2 बजे उन्हे फोन पर बेटी की मौत की सूचना मिली।ससुराल वाले शव का अंतिम संस्कार सरयू नदी के किनारे करने जा रहे थे।इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली।



बदोसराय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया।कोतवाली बदोसराय प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार विद्यार्थी ने नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय को बुलाकर शव का पंचनामा तैयार करवा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।मृतका के परिजनो ने किसी पर कोई आरोप नही लगाया है।

## बीएलओ की मनमानी बिना जांच मनमाने तरीके से बन रही मतदाता सूची

रामनगर, बाराबंकी। शासन के तमाम निर्देशों के बावजूद बीएलओ की कार्यशैली मे कोई बदलाव नहीं हो पा रहा है।बिना जांच के मनमाने तरीके से मतदाता सूची तैयार की जा रही है।सपा जिला सचिव शीतला बक्श सिंह ने इसकी शिकायत रामनगर तहसील आयोजित समाधान दिवस सहित चुनाव आयुक्त जिला निर्वाचन अधिकारी से की है।विकास खंड सूरतगंज के ग्राम पंचायत जुरौन्डा के निवासी शीतला बक्श सिंह ने दिए गए शिकायती पत्र मे कहा है कि गाँव मे तैनात बीएलओ के द्वारा मनमाने तरीके से मतदाता सूची बनाई जा रही है।आरोप है कि सूची मे तमाम ऐसे नाम दर्ज किए गए है।जिनका गांव में मकान जमीन तक नहीं है।जिन लड़कियों के 20 वर्ष पहले शादी हो गई थी उनके भी नाम सूची से नहीं हटाए गए।

## गिरफ्तार हुए तीन शातिर चोर, जेवरात नकदी बरामद



बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा 03 शातिर चोरों/अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से जेवरात व नकदी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के शनिवार को 03 वांछित विवेक मिश्रा पुत्र शिवकुमार मिश्रा निवासी फत्तापुरकला थाना टिकैतनगर, हिमाशु उर्फ मनीष कुमार पुत्र रामकुमार निवासी कृष्णानगर थाना कोतवाली नगर तीसरा लकी पुत्र बब्लू निवासी आजादनगर निकट चन्द्रशेखर स्कूल थाना कोतवाली नगर को शुक्लाई नहर, लखनऊ-अयोध्या हाइवे से जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से जेवरात व नकदी बरामद किया गया। पूछताछ व जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण का एक गिरोह है जो चोरी जैसी घटना को अंजाम देकर चोरी के सामान को अच्छे दामों में बेच दिया जाता है। अभियुक्तगण द्वारा 30 अगस्त को शुक्लाई नहर पुलिया के पास नई प्लाटिंग में एक मकान से चोरी किया गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 832/2025 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस पंजीकृत है। बरामद सामान को आपस में बंटवारा करने के बाद सामान को ले जाते समय पुलिस टीम द्वारा तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

## मुख्य सेविकाओं की तैनाती प्रक्रिया शुरू, पोर्टल पर भरनी होंगी प्राथमिकताएं

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। महिला एवं बाल विकास विभाग में नवचयनित मुख्य सेविकाओं की तैनाती प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके लिए विभाग ने ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया है, जहां चयनित अभ्यर्थियों को अपने पसंदीदा जनपदों की प्राथमिकताएं भरनी होंगी। इस संबंध में निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की विज्ञप्ति संख्या 05-परीक्षा/2022 के तहत चयनित मुख्य सेविकाओं को जनपदवार तैनाती दी जानी है। इसके लिए ऑनलाइन विकल्प भरने की प्रक्रिया और दिशा-निर्देश पोर्टल पर उपलब्ध हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि पोर्टल का लिंक और मार्गदर्शिका समाचार पत्रों के माध्यम से भी प्रकाशित कराई जाएगी।

# नैतिक मूल्यों के विकास से ही व्यक्ति व समाज की उन्नति होगी: बीईओ

▸ शिक्षक दिवस पर सम्मानित हुए कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक
▸ सहायक अध्यापक पुष्पेन्द्र कुमार ने किया सम्मान समारोह का संचालन

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह समिति एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय तेलियानी,रामनगर के संयुक्त तत्वावधान में शिव गंगा मैरेज लान मसौली में आयोजित शिक्षको का सम्मान करते हुए राम नगर विकास खंड के खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्रा ने कहा कि नैतिक मूल्यों के विकास से ही व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र की उन्नति होती है। बीईओ ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्लॉक रामनगर के अध्यापकों के अथक परिश्रम के परिणाम स्वरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नामांकन, उपस्थिति आदि की दिशा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सभी शिक्षक अपने-अपने विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का विकास अवश्य करें। इस मौके पर आयोजन समिति के उपाध्यक्ष नागेन्द्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष ज्ञान प्रताप सिंह, संयोजक विमलेश कुमार, सदस्य पंकज कुमार तिवारी एवं ऋषि कुमार यादव ने बैज अलंकरण कर सभी अभ्यागतों का स्वागत किया। कार्यक्रम के सह संयोजक पुष्पेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में पूर्व एआरपी देवेन्द्र सिंह ने सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई दी। विशिष्ट अतिथि प्रदीप सारंग, समाजसेवी रत्नेश कुमार ने शिक्षकों के गुरूत्तर दायित्वों के निवर्हन पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। शिक्षक जयसिंह, फ़जल रहमान, संदीप सिंह, रमेश चन्द्र श्रीवास्तव आदि ने भी कार्यक्रम में अपने विचार साझा किए। समारोह में ब्लॉक रामनगर के उत्कृष्ट शिक्षकों उमेश कुमार, शिक्षामित्र- प्राथमिक विद्यालय अल्लापुर ; आशुतोष चौरसिया, अनुदेशक- उच्च प्राथमिक विद्यालय रामनगर ; रजत वर्मा, सहायक अध्यापक- प्राथमिक विद्यालय सिरकौली कुर्मिन ; इरशाद अहमद, इंचार्ज प्रधानाध्यापक- कंपोजिट विद्यालय डायट परिसर गनेशपुर ; दुर्गेश दत्त त्रिपाठी, प्रधानाध्यापक -कंपोजिट विद्यालय मड़ना को कार्यक्रम के अध्यक्ष खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर ने अंगवस्त्र,पुष्पमाल, स्मृति चिह्न आदि प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित नीरज निर्मोही, रणधीर सिंह, साहब नारायण शर्मा, अनिल श्रीवास्तव लल्लू तथा राज कुमार सोनी ने अपनी काव्यांजलि भी प्रस्तुत की। इसके पश्चात आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम के अध्यक्ष रमेश चंद्रा, खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र तथा स्मृति चिह्न भेंटकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ के जिला मंत्री उमानाथ मिश्रा, कवि एवं शिक्षक डॉ.आलोक शुक्ला, देशदीपक शुक्ला, सतीश कमल, इंदुनाथ मौर्य, आशुतोष प्रकाश गौतम, आकर्षित वर्मा, उपेन्द्र वर्मा, रमेश चंद्र, कुलदीप वर्मा, जफ़र बेग, विवेक मिश्रा, शिवकांत वर्मा, संतोष कुमार यादव, शैलेंद्र यादव, सुशील कुमार वर्मा आदि शिक्षक उपस्थित रहे। अंत में आयोजन के संस्थापक उच्च प्राथमिक विद्यालय तेलियानी के पूर्व प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिंह तथा आयोजन समिति के अध्यक्ष इरशाद अहमद ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। सम्मान समारोह का संचालन सहायक अध्यापक पुष्पेन्द्र कुमार ने किया।

## एसपी ने नवनिर्मित द्वार व प्रभारी निरीक्षक कक्ष का किया उद्घाटन



उन्नाव। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने थाना सफीपुर के नवनिर्मित द्वार और प्रभारी निरीक्षक कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी प्रेमचंद और क्षेत्राधिकारी सफीपुर श्रीमती सोनम सिंह एवं थानाध्यक्ष सफीपुर सुब्रत नारायण भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नवनिर्मित द्वार और कक्ष से थाने की कार्यक्षमता और सुरक्षा में सुधार होगा तथा थाने के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अपनी सेवाओं को और भी बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।

# रेलवे ट्रैक किनारे पड़ा मिला ई-रिक्शा चालक का शव

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

बेवा मां से अलग किराए के मकान में रहकर ई-रिक्शा चलाने वाले युवक का शनिवार की सुबह शव रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा मिला। इकलौते बेटे की मौत की सूचना मिलते ही मां बहन का रो-रोकर बुरा हाल था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। कानपुर नगर के चकेरी थाना क्षेत्र के शिव कटरा मोहल्ला निवाली सूरज श्रीवास्तव करीब 10 साल से मां के साथ सदर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर नहर बाजार के पास किराए का कमरा लेकर रहता था। दो माह से बेवा मां से किसी बात से अलग किराए का कमरा लेकर रह रहा था। वह ई-रिक्शा चलाकर अपना परिवार पालता था। शुक्रवार रात करीब नौ बजे वह घर से खाना खाकर बिना बताए निकला था। रात में घर नहीं लौटा। शनिवार को उसका शव लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर नगर के पास ट्रैक के किनारे पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची रेलवे व कोतवाली पुलिस ने जांच की। जिसमें उसकी ट्रेन की चपेट आने से मौत होने का पता चला। पास मिले परिचय पत्र से पहचान के आधार पर पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव ट्रैक के पास से हटवाकर रूट क्लियर कराया। जानकारी पर पहुंची मां सुनीता इकलौते बेटे का शव देखकर बेहाल हो गई। मां ने बताया सूरज के पिता गोपाल की मौत हो चुकी है।

## यूसीजी नेट में 99.33 प्रतिशत अंक पाकर इरफान ने बढ़ाया मान

उन्नाव। सफीपुर नगर पंचायत के मोहल्ला चलाकन टोला निवासी इरफान खान पुत्र सरदार आलम ने नगर एवम क्षेत्र को गौरांवित करते हुए यूजीसी-नेट की परीक्षा में 99.33 प्रतिशत अंक हासिल कर जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी दिल्ली में अरबी साहित्य से पीएचडी में प्रवेश लिया। उसकी इस उपलब्धि पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवम अर्चना परिषद के अध्यक्ष सौरभ बाजपेई राजा बेटा ने आज नगर के सभ्रांत लोगो की उपस्थिति में उसे एवं उसके पिता को सम्मानित करते हुए नगर के गौरव रहे मूर्धन्य साहित्यकार बाबू भगवती चरण वर्मा की प्रतिमा भेंटकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया।

# डीजी हेल्थ व प्रशिक्षण ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

▸ मरीजों से ली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी, अधीनस्थों को दिए निर्देश

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।



महानिदेशक स्वास्थ्य व प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश शासन डॉ. पवन कुमार ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। साथ ही अधीनस्थों के साथ बैठक कर शासन की मंशा के अनुरूप सभी को बेहतर चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आपातकालीन एंबुलेंस सेवाओं की भी जानकारी ली। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ मनोज कुमार के द्वारा एक आयुष्मान मरीज का ऑपरेशन किया गया था जिसे देखने के बाद आयुष्मान मरीजों को बेहतर सेवा देने के निर्देश दिए।

शनिवार को जिला अस्पताल पहुंचे डीजी हेल्थ व प्रशिक्षण सबसे पहले वार्ड संख्या 2 पहुंचे। यहां उन्होंने भर्ती मरीजों की संख्या की जानकारी लेने के साथ मरीजों की फाइल देखकर उनके इलाज के विषय में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने मरीजों से उनका हाल जानने के साथ तीमारदारों से दवा व सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मौजूद स्वास्थ्य स्टाफ को मरीजों की बेहतर देखभाल करने के निर्देश दिए। ओटी का निरीक्षण करने पहुंचे तो उन्हें जानकारी हुई कि अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज कुमार मरीज का ऑपरेशन कर रहे है। इसपर उन्होंने मरीज के तीमारदार से निःशुल्क इलाज के संबंध में बात की। इसपर उन्हें बताया गया कि मरीज का इलाज आयुष्मान योजना तहत निशुल्क किया जा रहा है। इसके बाद वह महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड पहुंचे। यहां कुल 18 नवजात भर्ती थे। उन्होंने अंदर जाकर बच्चों को भर्ती करने की व्यवस्था देखी। महिला अस्पताल के मीडिया प्रभारी डॉ.तौसीफ से और अधिक बेहतर व्यवस्था करने का निर्देश दिया। कहा कि नवजातों के इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं मिलनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में खड़ी आपातकालीन सेवा 108, 102 के ईएमटी और चालकों से भी बात की और उन्हें रिस्पांस टाइम के अंदर पहुंचने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमएस डॉ. राजीव गुप्ता, ईएमओ डॉ.आशीष सक्सेना सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अधिकारी कर्मी मौजूद रहे।

## हाइवे पार कर रहे अधेड़ को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र अंतर्गत एक चर्म निर्यातक इकाई कंपनी से ड्यूटी करके बीतीरात घर वापस लौटते समय हाइवे पार कर रहे अधेड़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शिनाख्त कर परिजनों को सूचना देने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सदर कोवताली के मोहल्ला तालिब सराय निवासी समसुद्दीन (57) औद्योगिक क्षेत्र दही स्थित एक चर्म निर्यातक इकाई में मजदूरी करता था। बहू गुड़िया बानो के मुताबिक वह बीते तीन सालों से लगातार नाइट ड्यूटी करता था और रात 12 बजे पैदल ही घर पहुंचता था। बीतीरात समसुद्दीन देररात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की। उधर शनिवार सुबह पुलिस को कानपुर-लखनऊ हाईवे पर सदर कोतवाली अंतर्गत फेंटेसी मोटल के पास अधेड़ को शव पड़ा होने की सूचना मिली।

## अज्ञात वाहन की चपेट से घायल हुए बाइक सवार

मसौली, बाराबंकी। शनिवार को गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बिन्दौरा चौराहे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे एम्बूलैंस से सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया गया हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। शनिवार की दोपहर गोरखपुर निवासी नीरज कुमार अपनी बाईक से गोंडा की ओर जा रहे थे थाना क्षेत्र के बिन्दौरा चौराहे के निकट सामने से तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिसे एम्बूलैंस से सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया गया जहा हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# कांग्रेस ने किया शरबत का वितरण



इटावा, समृद्धि न्यूज।

हजरत मुहम्मद साहिब के यौमे पैदाइश जश्न ए ईद मिलादून नबी के अवसर पर कांग्रेस पार्टी की तरफ से शरबत वितरित का आयोजित किया गया इस अवसर पर आए हुए सभी अतिथियों का आम जनता हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन चौखर कुआं के पास के पास किया गया। कार्यक्रम संयोजक पीसीसी सदस्य अरशद अली व पूर्व सभासद प्रत्याशी हाजी आसिफ अली रहे। इस दौरान संगठन प्रभारी कानपुर जोन अनिल यादव ने कहा कि इटावा में भाई-चारा हमेशा कायम रहा है। हिन्दू मुस्लिम हर धर्म के लोगों को हर त्योहार मिलकर मनाया है। गंगा जमुना तहजीब कायम है। इस मौके पर पीसीसी सदस्य रामनरेश यादव, संजय दोहरे, कुसुमलता, शौजब रिजवी जिलाध्यक्ष यूथ कांग्रेस, संजय तिवारी, वाचस्पति द्विवेदी, नरसेंद्र यादव विधानसभा अध्यक्ष यूथ कांग्रेस, सलाउद्दीन अंसारी, मोहसिन अली, हसनैन मंसूरी, शानू खान, जावेद, साजिद आदि मौजूद रहे।

# मशाईख बोर्ड ने पुलिस अधिकारियों को किया सम्मानित

इटावा, समृद्धि न्यूज।



ऑल इंडिया उलेमा व मशाईख बोर्ड यूनिट ने सुबह के जुलूस में जश्ने इदुल मिलादुन्नबी पंद्रह सौ साल जश विलादत की खुशी में नौरंगाबाद चौराहे से स्नो व्हाइट दुकान के पास एक मंच लगाकर खजूर, और पानी, जश्ने ईदुल मिलादुन्नबी जुलूस में निकलने वाले श्रदालुजनों में वितरण किये। इसके अलावा ऑल इंडिया उलेमा व मशाईख बोर्ड यूनिट ने इटावा मस्जिद के हाफ़िज़ और मौलानाओ का शॉल उड़ाकर स्वागत सम्मान किया. शाम के जुलूस में ऑल इंडिया उलेमा व मशाईख बोर्ड यूनिट ने जुलूस में चल रहे पुलिस प्रशासन के अधिकारीयों को फूल देकर सम्मानित किया एवं जुलूस को शांतिपूर्वक सफल होने के लिए धन्यवाद भी किया। ऑल इंडिया उलेमा व मशाईख बोर्ड यूनिट ने साउंड वाली गाड़ी जिन गाड़ियों पर बैनर लगे थे उन सभी को जिला अध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद ने शील्ड देकर सम्मानित किया और गिफ्ट भी दिए। इस दौरान मंच पर उपस्थित रहे काज़ी रजीउल हसन, एलआईयू अशलमव इमरान, मोहम्मद अनस, महफूज़ भाई, अशलम खान, अकरम ,अक़रम वारिसी शबाना, सलमान राइन, अनीश राइन, इमरान खान, हाजी शेख आफ़्ताब, रियाज़ अब्बाशी, शेख मोहम्मद नवाब, कामिल कुरैशी, मुमताज़, समीर, शेख शादिक, शेख अशनान, शेख जुबैर, शेख मेहंदी हशन, अज़हर फरीदी, हाजी रहीस, हाजी अज़ीम, कामरान उर्फ़ राजा, क़ासिम फारुकी, भर्थना नगर अध्यक्ष मोहम्मद विलाल मुसानी ने ऑल इंडिया उलेमा व मशाईख वॉर्ड के बैनर तले एक अच्छा पैगाम दिया. जसवंतनगर के नगर अध्यक्ष ने जसवंतनगर पुलिस प्रसाशन का फूल मालाओं से स्वागत किया एवं जुलूस में शामिल हुए लोगों का फूल देकर सम्मानित किया. एवं ऑल इंडिया उलेमा व मशाईख वॉर्ड यूनिट के जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद ने सबको गले लगाकर धन्यवाद किया।

# शरद बाजपेई बने व्यापार मंडल के जिलाउपाध्यक्ष



इटावा, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने अपनी जिला इकाई का विस्तार करते हुए सभासद शरद बाजपेई को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने सड़क वाजपेई को फूल मालाओं से लादकर नियुक्ति पत्र देकर जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। इस अवसर पर प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. एके शर्मा जिला वरिष्ठमहामंत्री हरिगोपाल शुक्ला शहर अध्यक्ष ओमरतन कश्यप युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा राजावत रेडीमेड संगठन के अध्यक्ष विनोद जैन जिला संगठन मंत्री अवधेश दुबे अनुराग वर्मा युवा शहर अध्यक्ष मुकेश दुबे सोमेश अवस्थी इश्तियाक कुरैशी गोविंद कृष्णा भदोरिया अंजू वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# गजानन की विसर्जन यात्रा में भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

**गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ, के गूंजे जयकारे**

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को भगवान गजानन की विसर्जन यात्रा धूमधाम से निकाली गयी। जनसैलाब इतना उमड़ा कि जगह कम पड़ गयी। भारी भीड़ के चलते रुट डायवर्जन किया गया था। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल साथ-साथ चल रहा था। देर शाम विसर्जन यात्रा पांचाल घाट गंगा तट पर पहुंची। जहां भगवान गजानन का विधि विधान से विसर्जन किया गया।

कस्बे में रखी गणेश प्रतिमा पर प्रतिदिन गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंजते रहे। सुबह शाम होने वाली महा आरती में महिलाओं व पुरुष भक्तों ने हिस्सेदारी की। हवन पूजन के उपरांत पूजा पंडाल में स्थापित मूर्ति वैदिक मंत्रोचार के बीच विसर्जन के लिए जुलूस संग शनिवार को निकली। मूर्ति विसर्जन में युवा भक्त डीजे की धुन पर जमकर थिरके। श्रद्धालु भक्ति गीतों पर थिरकते हुए चल रहे थे। गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना, के गगनभेदी जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। गणेश उत्सव समितियों द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। फूलों से सुशोभित वाहन पर मूर्ति रखकर ढोल तासे की ध्वनि पर जयकारे लगाकर नगर भ्रमण कराया गया। कमेटी अध्यक्ष अमित गुप्ता, तरुन महेश्वरी, गौरव गुप्ता, ध्रुव मिश्रा, शान्ति बोध पालीवाल, रामजी श्रीवास्तव, गौरव महेश्वरी, रविन्द्र वर्मा आदि रहे।


परिचय-विसर्जन यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**कस्बे में किया गया रूट डायवर्जन**

कस्बे में भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने रूट डायवर्जन किया था। कानपुर की तरफ जाने वाले वाइक सवारों व कार सवारों को पुलिस ने शेखपुर क्रासिंग से मोड़ दिया। जहाँ से वह रेलवे स्टेशन क्रासिंग से निकलकर कानपुर की तरफ रवाना हो सकते थे। उधर से फर्रुखाबाद की तरफ जाने वाले छोटे वाहनों को भी उधर से निकालने की व्यवस्था की गयी थी। इसके बाद भी भीड़ के चलते कुछ परीक्षार्थियों को निकलने में समस्या हुई जो पीईटी परीक्षा देने जा रहे थे। एसडीएम रजनीकान्त पाण्डेय, सीओ अजय वर्मा आदि भारी पुलिस बल एक साथ मौजूद रहे।

# क्या बताऊं कितनी खूबियां हैं मदीने में, की सदाओं के साथ निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सीरत कमेटी के तत्वावधान में परंपरानुसार जुलूस-ए-मोहम्मदी बड़े ही शान-ओ-शौकत के साथ निकाला गया। इसकी शुरुआत जटवारा मोहल्ला स्थित ताजिये के चबूतरे से हुई। जुलूस में सैकड़ों बाइक सवार और घुड़सवार आकर्षण का केंद्र बने रहे।

नगर के गल्ला मंडीए मुख्य चौराहा, बजाजा, लोहाई बाजार, श्यामागेट, बजरिया, काजम खां तथा तहसील रोड से लेकर पुल गालिब तक मार्ग को दुल्हन की तरह सजाया गया। जुलूस पुल गालिब पहुंचकर जलसे में तब्दील हो गया। जहां मौलानाओं ने तकरीर करते हुए हज़रत मोहम्मद साहब के आदर्शों पर अमल करने की अपील की। इस अवसर पर सीरत कमेटी के सदर आफताब खां, नायब सदर मुफ़्ती सलीम कासमी, हाजी मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद हासिम, हाजी मोहम्मद आविद, हाफिज इसरार, मोहम्मद शहरोज, पप्पू भाई फर्नीचर वाले सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


जुलूस-ए-मोहम्मदी में तकरीर करते मौलाना

## शादी न हो पाने से क्षुब्ध प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताते हैं कि शादी से इन्कार करने पर दोनों ने आत्महत्या की है। जहां युवती ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। वहीं जानकारी होने पर प्रेमी ने भी अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। दोनों के परिजनों ने पुलिस को सूचना दिये बगैर अंतिम संस्कार कर दिया। चर्चा के अनुसार दोनों में काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था, लेकिन दोनों के परिजन शादी करने को तैयार नहीं थे। युवती के परिजनों ने उसकी शादी दूसरी जगह कर दी थी। जिससे प्रेमी युगल आहत थे। शनिवार को प्रेमिका ने जहां अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, वहीं जानकारी होने पर प्रेमी ने भी घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताते हैं कि दोनों सजातीय थे। दोनों के परिजनों ने आनन-फानन में पुलिस के झंझट से बचने के लिए काली नदी में अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रेमी युगलों के आत्महत्या करने की सूचना पुलिस को नहीं दी गई।

# बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल


पंचनामा की कार्यवाही करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में युवक की मौत हो गयी, जबकि दो लोग घायल हो गये। घायलों को सीएचसी राजेपुर ले जाया गया। जहां एक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया, जबकि दो को भर्ती कर उनका उपचार शुरु कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार शनिवार शाम को राजेपुर थाना क्षेत्र के निबिया चौराहे पर दो बाइकों की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गयी। घायलों को सीएचसी राजेपुर ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो को भर्ती कर उनका उपचार शुरु कर दिया। मृतक की पहचान मध्य प्रदेश के फैराई गंगा टोला निवासी सुनील (22) के रूप में हुई है। वह अपनी बहन मानसी के यहां से सब्जी लेकर पांचाल घाट जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर सोता बहादुरपुर निवासी अब्दुल हुसैन (21) और अतीक अहमद (22) सवार थे। वे अल्लाहगंज से अपने घर लौट रहे थे। हादसे में तीनों घायल हो गए। 108 एंबुलेंस से तीनों को राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां डॉक्टर अमित वर्मा ने सुनील को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मृतक की बहन मानसी अस्पताल पहुंची। राजेपुर थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# डीजे संचालकों पर चला पुलिस का हंटर, 66 स्पीकर, 10 जरनेटर जब्त

**सात वाहनों को भी किया सीज, हिदायत के बाद भी नहीं सुधरे संचालक**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने हिदायत के बाद भी तेज आवाज में डीजे बजाने वालों के खिलाफ शनिवार को बड़ी कार्यवाही की। जिसमें मानक से ज्यादा तेज आवाज में डीजे बजाने वाले 7 वाहनों को सीज कर 66 स्पीकर व 10 जरनेटर जब्त किये हैं।

पुलिस के आलाधिकारियों का कहना है कि नियम के हिसाब से ना चलने वाले डीजे संचालकों पर कार्यवाही हुई है।बताते चलें कि शुक्रवार को बारावफात का कार्यक्रम था। पुलिस के अनुसार जिसमें तेज आवाज में डीजे बजाए जा रहे थे। जिससे आमजनमानस को समस्या हो रही थी। लिहाजा पुलिस ने कानून ना मानने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की।

शहर कोतवाली पुलिस ने डीजे ले जा रहे 03 वाहन सीज किये, 30 स्पीकर, 04 जरनेटर, 03 मिक्सर, 10 मशीन, 2 स्टेब्लाइजर, इसके अलावा कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने 01 वाहन, 09 स्पीकर, 02 जरनेटर, 01 मिक्सर, 10 मशीन, 03 स्टेब्लाइजर, मऊदरवाजा में 03 वाहन, 27 स्पीकर, 04 जरनेटर, 03 मिक्सर, 11 मशीन, 02 स्टेब्लाइजर आदि जब्त किये।

कुल मिलाकर 07 वाहन, 66 स्पीकर, 10 जरनेटर, 07 मिक्सर, 31 मशीन, 07 स्टेब्लाइजर जब्त किये गये हैं। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह ने बताया कि नियम विरुद्ध डीजे बजाने वाले लोगों पर कार्यवाही की गयी है। डीजे जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के हिसाब से ही कार्यवाही की गयी है।


डीजे जब्त करती पुलिस

# 140 मरीजों का परीक्षण कर दी गयीं नि:शुल्क दवायें



कैंप में मरीजों का दवायें देते चिकित्सक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

समर्पण सेवा समिति व सीपी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में 140 मरीज को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित की गयीं।

कायमगंज तराई क्षेत्र में लगातार गत माह से हो रही बारिश बाढ़ के प्रकोप के कारण तराई क्षेत्र के ग्रामों में बीमारियों में अपने पर प्रसार लिए हैं। इसी को देखते हुए सामाजिक संस्था द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। इसमें 140 मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां व उनका परीक्षण किया गया। मुड़ौल स्थित सोम सर्वा मंदिर आश्रम में समाजसेवी सत्य प्रकाश अग्रवाल व उनकी धर्मपत्नी डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल के निर्देशन पर समर्पण सेवा समिति व सीपी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल, शिवम त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष महेंद्र राजपूत, सूरजपाल यादव द्वारा किया गया। शिविर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के ग्राम मुड़ौल, टिलिया, लखनपुर, अकौनपुर, मोती नगला सहित अनेक गांव व राहगीरों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया व दवाइयां वितरित की गईं। इन सभी गांवों में खांसी, जुखाम, बुखार, पेट दर्द, सिर दर्द, बीपी, शुगर, नाक कान गला व हड्डी से संबंधित तमाम मरीज ने अपना उपचार कराया। गंभीर मरीजों को अस्पताल में आकर नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए कहा गया। वहां पर मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर मंगल पांडे द्वारा उपचार किया गया। इस अवसर पर नितिन गंगवार, गोपी सक्सेना, विमल सिंह, विकास शाक्य सहित अनेक लोगों ने अपना अभूतपूर्व सहयोग प्रदान किया।

# आरपीएफ ने चोरी के माल सहित दो को दबोचा


घटना की जानकारी देते आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ऑपरेशन रेल सुरक्षा के तहत आरपीएफ ने रेलवे की सम्पत्ति चोरी करनें में दो आरोपियों को चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया है। बीते दिन फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन के डाउन यार्ड में स्थित टावर वैगन शेड का ताला तोड़कर सामान चोरी किया गया था। आरपीएफ फर्रुखाबाद प्रभारी निरीक्षक ओपी मीणा ने नीरज कुमार उर्फ नकचूल्ला पुत्र स्व0 रामदयाल निवासी जसमई रेलवे क्रॉसिंग के पास मऊदरवाजा व ब्रजकिशोर तिवारी पुत्र सुरेश तिवारी निवासी बनपुरा तिर्वा कन्नौज को चोरी किये माल के साथ गिरफ्तार किया गया। आरपीएफ के अनुसार आरोपियों ने बताया कि वह सूनसान स्थान पर रखी रेलवे संपति की दिन के समय रेकी कर रात के समय अपने साथियों के साथ चोरी करते थे।

**चोरों से बरामद हुआ माल**

ओएचई 160 स्क्वायर मिमी जंफर वायर के दो टुकड़े लगभग 13 मीटर, ओएचई एटीजे जंफर वायर कुल 30 पिस प्रत्येक की लम्बाई लगभग 1.5 मीटर व 03 ओएचई केटनरी वायर लगभग 40 मीटर मिली, जिसकी बरामद रेल संपत्ति की कीमत 38,500 रुपये है। मामले की जाँच उपनिरीक्षक रूबी को दी गयी है। आरपीएफ निरीक्षक फर्रुखाबाद ओपी मीणा नें बताया कि आरोपी नीरज कुमार उर्फ नकचूल्ला पर पूर्व में भी कई मुकदमे हैं। आरपीएफ पूरे मामले की जाँच कर रही है। मामले में एक महिला फरार है। उसकी तलाश की जा रही है। मंडल सुरक्षा आयुक्त इज्जतनगर पवन कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इज्जतनगर मंडल में रेलवे संपत्ति की चोरी रोकने के लिए आपरेशन रेल सुरक्षा चलाया जा रहा है। जिसके तहत आरोपियों की गिरफ्तारी की गयी है।

# जनपद में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की गतिविधियां तेज, जल्द घोषित होंगे जिलाध्यक्ष

**पार्टी से कई वर्षों से जुड़े नेताओं के साथ मंडल अध्यक्ष ने बैठक कर बनाई विस्तार की रणनीति**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में जनता दल लोकतांत्रिक की सक्रियता बढ़ चुकी है। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के नव नियुक्त कानपुर मंडल अध्यक्ष देवराज सिंह सेंगर शनिवार को फर्रुखाबाद पहुंचे। उन्होंने आवास विकास स्थित एक रेस्टोरेंट में संगठन की परिचय बैठक की। इस दौरान उन्होंने संगठन से जुड़े हुए लोगों से वार्ता की।

इसके साथ ही 14 सितंबर को कुमार अक्षय प्रताप सिंह उर्फ़ गोपाल भैया का फर्रुखाबाद में कार्यक्रम है। उसको लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। इस दौरान पार्टी से लगभग 3 वर्ष से अधिक समय से जुड़े मनोज सिंह गौर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर मंडल अध्यक्ष का स्वागत किया और संगठन से जुड़े हुए लोगों का मंडल अध्यक्ष से परिचय भी करवाया। कानपुर मंडल अध्यक्ष देवराज सिंह सिंगर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि राजा भैया का एक ही मुद्दा है कि सर्व समाज के हित की बात उसी को आगे बढ़ाया जा रहा है। 2026 का पंचायत चुनाव कानपुर मंडल के हर जिले में दमदारी के साथ लड़ा जाएगा। फर्रुखाबाद में भी इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। जल्द ही फर्रुखाबाद को जनसत्ता दल लोकतांत्रिक से जिला अध्यक्ष भी मिलेगा और पंचायत चुनाव में भी दम खम से पार्टी मैदान में उतरेगी।

कार्यक्रम में मंथन ठाकुर, प्रदीप सिंह राठौर, जे पी. चौहान, राहुल परिहार, विक्की ठाकुर, अर्पण राणा, मनीष चौहान, अरुण सिंह, राम सिंह, अखिलेश प्रताप सिंह, शिवदेश सिंह, शिवम ठाकुर, सत्यम ठाकुर, हिमांशु सोमवंशी, प्रमोद सिंह गौर, योगेंद्र सिंह गौर, अमन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


बैठक को संबोधित करते मंडल अध्यक्ष

# जनपद में 5375 परीक्षार्थियों ने पीईटी परीक्षा से किया किनारा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) 2025 दो दिवसीय 6 व 7 सितंबर को आयोजित की जा रही है। प्रथम दिन कड़ी सुरक्षा के बीच शान्तिपूर्ण ढंग से परीक्षा दोनों पालियों की सम्पन्न हुई। जिसमे दोनों पालियों में कुल 5375 परीक्षार्थियों नें परीक्षा से किनारा कर लिया।

जनपद में पीईटी परीक्षा के लिए कुल 20 केंद्र बनाये गये थे। जिसमे प्रथम पाली में 10 से 12 बजे व दूसरी पाली में 3 से 5 बजे तक सम्पन्न हुई। परीक्षा पहले दिन सम्पन्न करायी गयी। जिसमें प्रथम दिन कुल 17184 परीक्षार्थी शामिल होने थे। जिसमें प्रथम पाली में 8592 में से 2723 परीक्षा में शामिल नहीं हुए। वहीं दूसरी पाली में 8552 में से 2652 किनारा कर गये। कुल मिलाकर दोनों पाली में 5375 परीक्षा में शामिल नहीं हुए। दोनों दिनों में मिलाकर कुल 34368 शामिल होने थे। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने परीक्षा केंद्र राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़, राजकीय इंटर कालेज फतेहगढ़, म्युनिसिपल इंटर कालेज फतेहगढ़, क्रिकश्चयन इंटर कालेज फर्रूखाबाद का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम व एसपी

# अलग-अलग स्थानों पर धूमधाम से भक्तों ने गजानन को दी विदाई

**नवाबगंज/कायमगंज/अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य बाजार से भगवान गजानन की विसर्जन यात्रा निकाली गयी। यात्रा में डीजे की धुन पर भक्तगण महिला, पुरुष तथा युवतियां अबीर गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे। अंत में पांचाल घाट पहुंचकर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

नगर के मुख्य बाजार मार्ग मोहल्ला चिक वाली गली स्थित कमल मंदिर में स्थापित गणेश प्रतिमा की गणपति बप्पा देवा मोरया कमेटी के लोगों ने पूजा अर्चना की। इसके बाद मुख्य तिराहे से अबीर गुलाल उड़ाकर ढोल नगाड़ों व डीजे के साथ गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्रा को मुख्य बाजार मार्ग पर निकाला गया। विसर्जन यात्रा में रथ पर सवार श्रीगणेश की प्रतिमा के आगे चल रहे डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर युवक व युवतियां गुलाल उड़ाकर जयकारों के साथ नाचते नजर आए। विसर्जन यात्रा को मुख्य बाजार मार्ग पर घुमाकर मुख्य चौराहे पर ले जाया गया। जहाँ से गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए पांचालघाट फर्रूखाबाद ले जाया गया। लोगों द्वारा गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ आदि जयकारों के साथ श्री गणेश की प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए पांचालघाट फर्रूखाबाद ले जाया गया। मौके पर इस अवसर पर भाकियू स्वराज गुट के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, कमेटी अध्यक्ष आनंद कश्यप, पप्पू राठौर, सोनू गुप्ता, आलोक गुप्ता, सुनील राठौर, अन्नू राठौर, नरेंद्र कश्यप, पिंकू कश्यप और मोहित कश्यप, अमित राठौर, सुरेंद्र राठौर, अभिषेक राठौर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




विसर्जन यात्राओं में झूमते भक्तगण

**कायमगंज प्रतिनिधि के अनुसार** विकास खंड के ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम से किया गया। नगर के फूलमती मंदिर, लोहाई बाजार, सधवाड़ा, हरदेव मंदिर, रेलवे रोड, पटवन गली, शिवाला भवन, बगिया, गंगा दरवाजा, चिलांका सहित ग्रामीण क्षेत्रों और घरों से एक पंक्ति में विसर्जन यात्राएं निकाली गईं। नगर के मुख्य मार्ग पर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। चारों ओर गणपति बप्पा मोरया और अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे गूंजते रहे। भक्त ढोल नगाड़ों की धुन पर झूमते गाते नजर आए। जगह-जगह लोगों ने गुलाल उड़ाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। पुष्प वर्षा हुई। शुक्रवार देर रात पंडालों में हुई महाआरती और विशाल भंडारों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए थे। इधर ढाई घाट पर पहुंचने के बाद स्टीमरों की मदद से प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालु गंगा आरती और गणपति वंदना में लीन हो गए। यात्रा में प्रमुख रूप से आलोक शाक्य, सुनील सेठ, विनीत सेठ, सागर गुप्ता, आजाद शर्मा, अनिल गुप्ता, मोहित कौशल, पंकज, मंशाराम गुप्ता, सुल्ताना गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। यात्रा के दौरान लोगों ने जगह-जगह गणेश प्रतिमाओं पर पुष्प वर्षा की। युवकों ने रंग गुलाल उड़ाते हुए कई स्थानों पर मटकी फोड़ कार्यक्रम भी किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। कंपिल थाना प्रभारी कपिल चौधरी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। उन्होंने भीड़ को नियंत्रित करने का काम किया।



**अमृतपुर प्रतिनिधि के अनुसार** शनिवार को गणपति विसर्जन की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। यात्रा कस्बा अमृतपुर से शुरू होकर फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग से होते हुए गंगा घाट तक पहुंची। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह अबीर-गुलाल और फूलों की वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। डीजे की भक्ति धुनों के साथ गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंजते रहे। यात्रा में भगवान गणेश की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही। गंगा घाट पर विधिवत पूजा.अर्चना के बाद विसर्जन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। शोभायात्रा में कमेटी सदस्य आचार्य देव अग्निहोत्री, अभिषेक सिंह राठौर, अपित सिंह सोमवंशी और निशांत अवस्थी शामिल रहे। इसके अलावा अमृतपुर के प्रधान सचिन देव तिवारी, पूर्व प्रधान प्रदीप सिंह राठौर, लखन पाठक, आशीष गुप्ता, अनिल चौहान समेत हजारों श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा में हिस्सा लिया।

# कैशलेस चिकित्सा सुविधा घोषित होने पर शिक्षकों ने की सराहना

**पुरानी पेंशन बहाल करने की उठायी मांग**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के सभी बेसिक, माध्यमिक विद्यालय तथा अशासकीय माध्यमिक विद्यालय, महाविद्यालय के शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा की गई है, जो की स्वागत योग्य कदम है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट पिछले कई वर्षो से उत्तर प्रदेश शासन से कैशलेस चिकित्सा सुविधा की मांग कर रहा है, जो कि अब जाकर पूर्ण हुई है। माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी तथा प्रदेश महामंत्री नरेंद्र कुमार वर्मा ने शासन के इस निर्णय को सराहनीय बताया है।



शिक्षक संतोष दुबे, रजनीश शिवा, सत्येन्द्र सिंह

शिक्षक नेता संतोष दुबे ने बताया कि सरकार द्वारा प्राइमरी, माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए कैशलेस इलाज की घोषणा की गई है, जो सराहनीय है। इस फैसले का हम स्वागत करते है और मांग करते है कि चिकित्सकों को मिला कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ की तरह शिक्षके साथियों की पुरानी पेंशन भी बहाल हो। शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष रजनीश शिवा ने बताया कि सरकार के यह घोषणा सराहनीय है। गंभीर एवम असाध्य रोग वाले शिक्षकों और उनके परिवार को इस योजना से बेहद लाभ मिलेगा और उनका इलाज करने में काफी आसानी रहेगी। इस योजना से प्रदेश के लाखों शिक्षक और परिवार लाभान्वित होंगे।

शिक्षक संघ के पूर्व जिला संयुक्त मंत्री सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि कैशलेस इलाज की सुविधा की मांग शर्मा गुट द्वारा काफी समय दिनों से चल रही थी। सरकार ने इस ओर ध्यान देकर प्रदेश के सभी बेसिक, माध्यमिक विद्यालय तथा अशासकीय माध्यमिक विद्यालय महाविद्यालय के शिक्षकों के लिए सराहनीय कदम उठाया है और आशा है की सरकार ऐसे ही आगे पुरानी पेंशन की ओर भी ध्यान देगी और शिक्षकों के हितों के लिए अग्रणी रहेगी। इस योजना से प्रदेश के लाखों शिक्षक लाभान्वित होंगे।

## जिला एथलेटिक्स टीम के लिए 8 सितम्बर को खिलाड़ियों का होगा चयन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला एथलेटिक्स टीम के चयन के लिए 8 सितम्बर को फतेहगढ़ स्टेडियम में प्रतियोगिता सम्पन्न होगी। 60 वीं उत्तर प्रदेश राज्य ओपन जूनियर व अंडर-23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 16 सितम्बर को मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु जिला एथलेटिक्स टीम का चयन 8 सितम्बर को स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में होगा। जिला टीम के चयन में भाग लेने वाले प्रतिभागी अपने आधार कार्ड व अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ प्रतिभाग करें। एथलेटिक्स संघ के सचिव योगेश कुमार शुक्ला व प्रतियोगिता प्रभारी जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार से भी छात्र सम्पर्क कर सकते है। अंडर-23, अंडर-20, अंडर-18, अंडर-16, अंडर-14 आयु वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते है।

# डॉ. रामकृष्ण राजपूत को मिला इंडोनेशिया में राष्ट्रपति सुकर्णो सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संयुक्त राष्ट्र संघ सहित विश्व स्तर पर हिन्दी के सम्बर्धन संरक्षण और प्रचार-प्रसार में वृद्धि के उद्देश्य को लेकर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन के 25वें मलेशिया -बाली इण्डोनेशिया में रजत पर्व के पांच सत्रों में मुख्य अतिथि गांधी विचारक पदम्श्री अगुश इन्द्र उदयन व बाली के विधायक एवं मंत्री, सदस्य डा0 सोमवीर, डॉ. रामकृष्ण राजपूत को राष्ट्रपति सुकर्णो सम्मान तथा भारत के वरिष्ठ उपान्यासकार डॉ. शरद पगारे से समादृत किया गया। फर्रुखाबाद का प्रतिनिधित्व डॉ. रत्ना सिंह को वीरमती महेश्वरी सम्मान तथा शरद पगारे सम्मान दिया गया। मण्डल की ओर से डॉ. रामकृष्ण राजपूत ने सम्मेलन के केंद्रीय विषय रचना के केंद्र में विचार धारा या कला पर विचार रखे। तमाम विद्वानों की हिन्दी पुस्तकों के अतिरिक्त अन्य भाषा की किताबों का विमोचन किया गया। डॉ. रामकृष्ण ने अपनी अभिव्यक्ति की तमाम हिन्दी तथा अन्य भाषा विद्वानो ने लोक कला, सांस्कृतिक तथा सभ्यता निकट लाकर सम्पूर्ण देशों को ग्लोबल मानते हुए अन्तर्राष्ट्रीय मंच के रुप में प्रयोग करके विकसित होने पर बल दिया। पल्ला स्थित अपने निवास पर डॉ. रामकृष्ण राजपूत ने पत्रकार वार्ता में कहा कि समृद्ध भाषाओं में हिन्दी ही समर्थ है। जिसके विकास के लिए अन्य देशों की एकाध भाषा का भी अध्यन आवश्यक है। वहां के मंदिर, पार्क, रैल फाल्स गुन्नी वातुर संग्रहालय, कुरावली की पराठा व बराटन नहरें आदि कई मंदिरों व वाटर स्पार्ट्स चिड़ियाघर आदि विशालकाय संग्रहालय देखी। 421 फीट ऊंचाई वाला कम्युनिकेशन टावर दर्शनीय है। भारत की तुलना में वहां की स्कूटी बहुत छोटी है। साथ ही 51 सदस्यीय भारती टीम में पांच सदस्य उत्तर प्रदेश के थे। जिसमें दो लोगों ने फर्रुखाबाद का प्रतिनिधित्व भी किया। पत्रकार वार्ता के दौरान जवाहर सिंह गंगवार, डॉ. मोहसिन खां, देवकीनंदन गंगवार, देशराज शाक्य, रविन्द्र भदौरिया आदि लोग मौजूद रहे।



जानकारी देते डॉ. रामकृष्ण राजपूत



शिक्षक दिवस पर केक काटते गुरुजन

## राजकीय पॉलीटेक्निक कुरार में मना शिक्षक दिवस

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज विकासखंड स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक गनेशपुर कुरार में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रधानाचार्य सुमित मिश्रा ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म एक गरीब ब्राह्मण परिवार में हुआ था, लेकिन उन्होंने अपने कठिन परिश्रम और लगन से दर्शनशास्त्र में परास्नातक तथा पीएचडी की उपाधियां प्राप्त की। उसके बाद स्वतंत्र भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति तथा द्वितीय राष्ट्रपति पद पर रहे। अनुराग त्रिपाठी ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने सिद्ध किया कि प्रतिभा किसी मोहताज नहीं होती, सभी छात्र छात्राओं को डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व से सीख लेते हुए अपने लक्ष्यों को हासिल करना होगा। विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षक न सिर्फ हमें किताबी ज्ञान देते हैं, बल्कि हमें जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं। शिक्षक दिवस सिर्फएक उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमें हमारी जिम्मेदारियां भी याद दिलाता है। अनिल कुमार, मदन मोहन सिंह परिहार ने भी अपने विचार व्यक्त किए एवं सभी छात्र छात्राओं ने शिक्षक दिवस पर अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

# गणेश विसर्जन यात्रा में भक्तों की उमड़ी भीड़

**अबीर- गुलाल से भक्त हुए सराबोर, हुआ भण्डारा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गणेश महोत्सव के 11वें दिन धूमधाम से शहर में विसर्जन यात्रायें निकाली गई। बड़ी संख्या में भक्तों ने विसर्जन यात्रा में भाग लिया। गुरुगांव देवी मंदिर से पांचाल घाट तक रेलवे स्टेशन से पांचाल घाट, पांचाल घाट से पांचाल घाट तक सभी सड़कों पर पूरे दिन विसर्जन यात्रायें निकलती रही।

गंगापार से आने वाली बसों को पुल के दूसरी ओर ही रोक दिया गया। शहर में जाम की स्थिति को देखते हुए जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात रहा। गौरी के लाल गणेश की विसर्जन यात्रा में भक्तों ने अबीर गुलाल उड़ाकर धमाल मचाया। जगह-जगह मटकी फोड़ी गयी। डीजे की धुन पर भक्तगण जमकर थिरके, साथ ही महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और नाचते गाते हुए गणपति को विदा किया। पांचाल घाट पर बड़ी संख्या में पहुंची विसर्जन यात्राओं में गणेश का विसर्जन हुआ। साथ ही भण्डारे का आयोजन हुआ। रास्ते में भी भक्तों ने विसर्जन यात्रा के दौरान प्रसाद वितरित किया। केला, सेब, पूड़ी सब्जी व अन्य सामिग्री के भी प्रसाद वितरित किये गये। नव युवक भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। गाजे-बाजे के साथ विसर्जन यात्रा में महिलाओं ने भी नाच गाकर भगवान गणेश को विदा किया। साथ ही रेलवे रोड स्टेट बैंक के सामने भक्तों ने हजारी बाबा मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया। जो सुबह से लेकर देर शाम तक चलता रहा। गणेश विसर्जन यात्रा में शामिल भक्तों ने उत्साह के साथ भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन भक्तों की मुख्य मार्गों पर भीड़ दिखायी दी।



विसर्जन को जाते भक्त



भण्डारे में भाग लेते भक्त

# कांग्रेसियों ने ईद-ए मिलादुन्नबी के जुलूस में शामिल होकर किया स्वागत



सीरत कमेटी के पदाधिकारियों के साथ अंकुर मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ईद ए मिलादुन्नबी के मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अंकुर मिश्रा एडवोकेट द्वारा अपनी कमेटी के पदाधिकारीगण के साथ सीरत कमेटी के पदाधिकारियों ने ईद-ए-मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी। पक्कापुल स्थित एक होटल के सामने जुलुस का स्वागत कर शरबत पिलाकर गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल कायम की। कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा हनी ने अपनी कमेटी के साथ सीरत कमेटी के पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस मौके पर अनिल मिश्रा, राकेश सारस्वत, पीएन सक्सेना, मोबिन अंसारी, आसिफ खान, वीरेंद्र मिश्रा, विनोद वर्मा, अतीक सलमानी, बाबू खान, सलीम खान, अम्मार अली, संजीव शर्मा, विनोद सविता, अमर मिश्रा, मो0 इलियास, यामीन सलमानी, राशिद खान, वात्सल्य मिश्रा, लक्षमन शाक्य, अभिषेक शुक्ला, ताज खान, सईद, संजय वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### आईटीआई में रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क द्वारा 8 सितम्बर सोमवार को प्रातः 10 बजे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुक्षता रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सात कम्पनियां प्रतिभाग करेगी। इच्छुक अभ्यार्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र के साथ विद्यालय समय से पहुंचकर प्रतिभाग करे। यह जानकारी प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

### दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने आरोप पत्र निरस्त कर पुनः विवेचना का दिया आदेश

**होटल की महिला कर्मचारी के साथ दुष्कर्म व गर्भवात कराने का मामला**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** होटल में महिला कर्मचारी के साथ दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने आरोप पत्र को निरस्त कर पुनः विवेचना करने के आदेश दिये है।

फतेहगढ़ बेवर रोड स्थित एक होटल में मैनपुरी निवासी एक महिला नौकरी करती थी। उसी होटल के मैनेजर के पद पर कार्यरत अभय यादव पुत्र सचिन यादव तिकोना चौकी भी काम करता था। अभय ने महिला को नशील पदार्थ सुंघाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया और उसका वीडियो भी बना लिया। वीडियो के माध्यम से आरोपी ने ब्लेकमेलकर पीड़िता के साथ कई बार दुष्कर्म किया। जिससे वह गर्भवती हो गई थी। आरोपी ने पीड़िता का एक प्राइवेट अस्पताल ले जाकर गर्भपात करवा दिया था। आरोपी अभय यादव व उसके सहयोगी ने महिला को धमकी दी कि अगर कहीं शिकायत की तो तुम्हे जान से मार देंगे। डर की बजह से पीड़िता अपने घर मैनपुरी चली गई। वहां से पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ को ऑनलाइन शिकायत की। एसपी ने शिकायत को संज्ञान लेकर सीओ सिटी को जांच सौंपी। साक्ष्य गवाह के आधार पर सीओ ने मुकदमा दर्ज कराया। जिसकी विवेचना महिला थानाध्यक्ष रक्षा सिंह ने की और विवेचना कर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। पीड़िता के अधिवक्ता ने न्यायलय में प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें बताया कि विवेचक रक्षा सिंह ने साक्ष्य को अनदेखा करते हुए सही ढंग से विवेचना नहीं की। न्यायालय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी घनश्याम शुक्ल ने विवेचक द्वारा जो आरोप पत्र न्यायलय में दाखिल किया था, उसे निरस्त करते हुए पुनः विवेचना करने का आदेश दिया है।

### जिला राठौर साहू समाज का मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला राठौर साहू समाज द्वारा मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ठंडी सड़क स्थित नव भारत सभा भवन में 7 सितम्बर को आयोजित हो रहा है। सभी समाज के मेधावी छात्र-छात्रायें अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र के साथ प्रातः 10 बजे नवभारत सभा भवन में पहुंचे। जहां उन्हें सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि फिरोजाबाद की महापौर कामिनी राठौर होगी। यह जानकारी जिला अध्यक्ष राम सिंह राठौर ने दी है।

## सपा ने नये सदस्य बनाकर बूथ कमेटियों को किया मजबूत



सदस्य बनाते इलियास मंसूरी व मुजीबुल हसन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आगामी पंचायत चुनाव को देखते हुए समाजवादी पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर पर कमेटियां बनाकर मजबूती प्रदान की। साथ ही कुछ बूथों पर छूटी हुई कमेटियों को पूरा किया जा रहा है। जनपद के सभी पदाधिकारी इस अभियान में लगे हुए है और पीडीए चौपाल लगाकर लोगों को जोड़ने का अभियान जारी है। साथ ही पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुए सदस्यता अभियान भी चलाया जा रहा है। साधारण व सक्रिय सदस्य बनाये जा रहे है। पार्टी कार्यालय पर जिला महासचिव इलियास मंसूरी व जिला सचिव मुजीबुल हसन ने नये सदस्य बनाये और रवी कुमार दिवाकर का सदस्यता शुल्क जमा कर उन्हें रसीद सौंपी। मुजीबुल हसन ने बताया कि संगठन में लोग तेजी से जुड़ रहे है। अब पार्टी में उन्हीं लोगों को स्थान दिया जायेगा जो काम करने वाले है। उन्होंने बताया कि रविवार को संगठन की बैठक आवास विकास कार्यालय पर सम्पन्न हो रही है। जिसमें सभी पदाधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रुप से उपस्थित होना है।

# पीईटी परीक्षार्थियों की फर्रुखाबाद विकास मंच ने खाने व ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था की

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आयोजित पीईटी परीक्षा के लिए केंद्र बनाए जाने से पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में छात्र एवं छात्राएं परीक्षा देने के लिए जनपद में आए। इन परीक्षार्थियों की समस्या को देखते हुए फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा के द्वारा इन परीक्षार्थियों को निःशुल्क रहने खाने व चाय नाश्ते का प्रबंध अपनी टीम के साथ में विशंभर दयाल धर्मशाला मोहल्ला नुनहाई में ठहरने का प्रबंध किया गया।

छात्र-छात्राओं की बढ़ती संख्या पर रात्रि में ही तत्काल में समिति के लोगों के द्वारा हिंदी भवन को भी खुलवाकर छात्रों को ठहरने की व्यवस्था की गई, यह परीक्षा 6 एवं 7 सितंबर को शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रो पर आयोजित की जा रही है। इसके लिए फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा ने 5 सितंबर से ही छात्रों के एवं छात्राओं को रोकने का प्रबंध और खाने-पीने की सारी व्यवस्था की गई, ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



धर्मशाला में मौजूद छात्रायें

5 सितम्बर की रात्रि में लगभग ढाई सौ लोगों ने विशंभर दयाल धर्मशाला एवं हिंदी भवन में आकर रुके। भईयन मिश्रा ने बताया कि हमारा प्रयास है कि किसी भी छात्र-छात्रा को कोई परेशानी ना हो इसके लिए पूरी निःशुल्क व्यवस्था की गई, यहां की व्यवस्थाओं से परीक्षा देने वाले सभी छात्र-छात्राएं बहुत प्रभावित है और उनमें से कई ने बताया कि अभी तक हम लोगों ने कई परीक्षाएं दी पर ऐसी व्यवस्था हम लोगों को कहीं नहीं मिली रहने खाने एवं चाय नाश्ते सबका प्रबंध निशुल्क किया गया है।

व्यवस्था में निश्चित दुबे, निशु, श्यामेंद्र दुबे नीरज, विनय दीक्षित, आलोक मिश्रा, मोहित खन्ना, अफरोज आलम खान, अराफात खान, जाकिर खान, आशुतोष मिश्रा, गोल्डी यादव, दिलीप सक्सेना, नावेद अंसारी, गौरव गुप्ता रज्जू, अजय गुप्ता, लकी शुक्ला, मुकेश सक्सेना, सुनील बाजपेई, योगेश माथुर, मोनू कुमार, अर्जुन सिंह ने सहयोग किया।

# मोहम्मद साहब के ईद मिलादुन्नबी जुलूस में दिखी एकता की मिशाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हज़रत सत्तार साहब की दरगाह से चलकर फतेहगढ़ चौराहे के पास पत्थर वाली मस्जिद पर फातिहा पढ़ी गई। तबर्रुक का वितरण किया गया और मुल्क की सलामती व अमन चैन की दुआ की गई।

जुलूस का आगाज यौम उन नबी कमेटी के सदर मुहम्मद वसीम ने हरी झंडी दिखाकर किया और इसमें खुशहाली और अमन की दुआ की गई। कमेटी के सभी सदस्यों की मौजूदगी में यह जुलूस अपनी शान व शौकत के साथ निकाला गया। हुजूर की शान में नात पेश की। शहर को खूबसूरती से सजाया गया। सजावट कमेटी ने इसके लिए दिन-रात मेहनत की। कोतवाली के सामने कौमी यकजहती कायक्रम हुआ व दस्तार वंदी भी की गई। वक्ताओं ने हजरत मुस्तफा के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज, देश और दुनिया में शांति के लिए उनकी शिक्षाओं को अपनाना जरूरी है। बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। वहीं नगरभर में जुलूस का भव्य स्वागत किया गया। हुजूर की आमद मरहबा-मरहबा..सहित हजरत मोहम्मद साहब की सीरत से जुड़े नारों के साथ निकाले गए। जुलूस में दुनिया में खुशहाली और अमनो-अमान की दुआ कराई। कमेटी सदर मुहम्मद वसीम ने नई कमेटी का ऐलान किया। इस अवसर पर सय्यद मिनहाज उर्फ लवली, आफताब खान उर्फ गुड्डू, सोनू मंसूरी, मुहम्मद हनीफ उर्फ बब्लू, मुहम्मद अशरफ उर्फ भोले, आमिर खान, साबिर हुसैन, असलम फारूकी, कैस अहमद, मुहम्मद जकी, नजर खान उर्फ धन्नू, मुहम्मद हलीम, मुहम्मद अनीस, शकील, अम्बर खान, सय्यद अजहर अली, फजल हुसैन, निहाल खान, यूसुफ अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।



मोहम्मदी जुलूस में फतेहगढ़ कोतवाल का हुआ सम्मान

# अगले बरस जल्दी आना के जयकारे के साथ भगवान गणेश को किया गया विदा

**डॉ. महेंद्र गुप्ता ने की गणेश जी की महाआरती**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर में स्थापित गणेश प्रतिमा की भक्तों ने पूजा अर्चना कर गाजे-बाजे के साथ गौरी के लाल गजानन को यह कहकर विदा किया कि अगले बरस बप्पा जल्दी आना। कार्यक्रम में चिकित्सक व समाजसेवी डॉ. महेन्द्र गुप्ता भी शामिल हुए। भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर अपने देशवासियों के लिए सुख समृद्धि की प्रार्थना की। डॉ. महेन्द्र गुप्ता का मानना है हर मनुष्य में ईश्वर का वास होता है सिर्फ अपनी आत्मिक शक्ति को जागते हुए उसे पहचानने का प्रयास होना चाहिए। बिना भेदभाव के किसी को प्रसन्नता देना ही सबसे बड़ा पुण्य है तो किसी को दुख देना सबसे बड़ा पाप इसलिए, नर सेवा नारायण सेवा को कहा गया है।



आरती करते डॉ. महेन्द्र गुप्ता

# नगर में गणेश विसर्जन यात्रा की रही धूम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गणेश महोत्सव के आखिरी दिन नगर में गणेश प्रतिमा विसर्जन का दौर पूरे दिन चलता रहा। गणपति बप्पा मोरया के साथ भक्तों का हुजूम शहर के मुख्य मार्ग पर दिखायी दिया। पूरे दिन भक्त नाचते-गाते विसर्जन यात्रा में शामिल हुए।

डीजे व बैण्डबाजा की धुन पर भक्तों ने जमकर नृत्य किया और अबीर गुलाल उड़ाकर गणपति बप्पा की शान में चार चांद लगाये। पूरे दिन भक्तिमय वातावरण रहा।

महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए विसर्जन यात्रा में शामिल होकर पूजन किया। जगह-जगह प्रसाद वितरित किया गया। नेहरु रोड पर व्यापारी नेता संजय गर्ग के प्रतिष्ठान के बाहर पुष्प वर्षा कर विसर्जन यात्रा का स्वागत किया। विसर्जन यात्रा में शामिल महिलाओं का प्रीती तिवारी ने स्वागत किया। जगह-जगह भगवान गणेश जी की आरती उतारकर व स्टाल लगाकर पानी के पैकेट व प्रसाद वितरित किया गया। संजय गर्ग के साथ श्याम जी गर्ग, विनय अग्रवाल, नीरज सिंह, गौरव मिश्रा, विनोद सहित उनके कर्मचारियों ने भी सहयोग किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं नगर के रंगेश्वर महादेव में विराजमान गणपति का अलग ही आकर्षण रहा। आचार्य शरद मिश्र (सोनू पंडित) ने सुबह हवन पूजन एवं कन्या पूजन के बाद गणपति की विदाई की गई। इस अवसर पर पंडित राजेश दीक्षित, पप्पू अवस्थी, अशोक कुमार दीक्षित एवं अशोक मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्याम, शिवम, नरेंद्र पाण्डेय, कार्तिक द्विवेदी, यश अरोरा, वैभव मिश्रा, नमन पाण्डेय, विकास अवस्थी, रतन भारद्वाज, अंकुर रस्तोगी, विष्णु नारायण अरोड़ा, सुरेंद्र पांडे, दीपक मिश्रा, अनुराग पांडे, पंकज पांडे, प्रखर, नयन, केशव, अनुज शुक्ला, विक्की दीक्षित सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। महिलाओं में रमा पांडे, मधु मिश्रा, रंजना अरोरा, रचना शुक्ला, कामिनी रस्तोगी, प्रभा गौड़, मीरा सिंह, वंदना शुक्ला, विभा अरोरा, बुलबुल, हिना, धार्मिका अरोरा, निधि, पलक, निशि आदि ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर पूरे वातावरण में गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकार के साथ भगवान गणपति की विदाई दी गई।



गणेश विसर्जन यात्रा का स्वागत करते संजय गर्ग व प्रीती तिवारी

# चिन्हित 12 सेक्टर से संबंधित अधिकारियों की डीएम ने ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प /2047' के अंतर्गत चिन्हित 12 सेक्टर से संबंधित अधिकारीगण की बैठक सम्पन्न हुई। बताया गया कि उक्त अभियान एक माह चलेगा। कार्यक्रम के लिये एक नोडल अधिकारी नामित किये गये है एवं 05 प्रबुद्धजनों को नामित किया गया है जो की विभिन्न क्षेत्रों के होंगे। उनके द्वारा जनपद का भ्रमण किया जायेगा एवं प्रबुद्धजनों, मीडिया, छात्रों, किसानों आदि से संवाद किया जाएगा। डीएम ने निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी अपने अपने सेक्टर के नोडल होंगे व अपने सेक्टर के कार्यक्रम आयोजित कराएंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

कृषि एवं संबद्ध संक्टर-कृषि विभाग, कृषि शिक्षा, उद्यान विभाग, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, सहकारिता। पशुपन संरक्षण सेक्टर-पशुपालन एवं डेयरी विकास विभागए मत्स्य विभाग। औद्योगिक विकास सेक्टर-औद्योगिक विकास विभाग, एमएसएमई विभाग, खनन विभाग। आईटी एवं इमेजिंग टेक्नोलॉजी सेक्टर-आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग। पर्यटन सेक्टर-पर्यटन विभाग, धर्मार्थ कार्य विभाग, संस्कृति विभाग। नगर एवं ग्राम्य विकास सेक्टर-नगर विकास, आवास एवं शहरी नियोजन, ग्राम्य विकास व पंचायती राज तथा नमामि गंगे। अवस्थापना सेक्टरः परिवहन, नागरिक उड्डयन, लोक निर्माण तथा ऊर्जा विभाग। संतुलित विकास सेक्टर - पर्यावरणए यन और जलवायु परिवर्तन, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग। समाज कल्याण सेक्टर-समाज कल्याण विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण। स्वास्थ्य सेक्टर- स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग, आयुष। शिक्षा सेक्टर- बेसिक, माध्यमिक, उच्च, प्राविधिक तथा व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग। सुरक्षा एवं सुशासन सेक्टर- गृह विभाग, होमगार्ड विभाग, भाषा विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग शामिल है।



बैठक लेते डीएम

# डीएम-एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**नौतनवा में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के नौतनवा तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के डीएम संतोष शर्मा और एसपी सोमेंद्र मीणा ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही 147 मामलों में से 21 मामलों का तत्काल निस्तारण किया। यह दिवस सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ, जिससे फरियादियों को त्वरित न्याय मिल सका।

समृद्धि न्यूज़ संवाददाता के अनुसार, समाधान दिवस में जमीनी विवाद, अवैध कब्जा, कोटे से संबंधित मामले, चकबंदी, फौजदारी मामले और कृषि से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। इन सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए डीएम और एसपी ने फरियादियों के अधिकारों की रक्षा के लिए तत्काल समाधान निकालने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने शासन की मंशा अनुसार गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण पर जोर दिया ताकि हर फरियादी को न्याय समय पर मिल सके।

**स्वास्थ्य विभाग ने लगाया कैंप:-** स्वास्थ्य विभाग ने भी इस अवसर पर एक विशेष स्वास्थ्य कैंप लगाया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने दवा और इलाज कराया। यह पहल सामाजिक सेवाओं को प्रभावी बनाने और लोगों को स्वास्थ्य संबंधी मदद उपलब्ध कराने की दिशा में एक सकारात्मक कदम साबित हुई।

**समाधान दिवस पर ये रहे मौजूद:-** इस मौके पर सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, और स्थानीय प्रतिनिधि मौजूद रहे। उन्होंने मिलकर कोशिश की कि जितने भी मामले आएं, उनमें से अधिक से अधिक का तत्काल समाधान किया जाए। इससे न केवल फरियादियों को राहत मिली।

**क्या बोले जिलाधिकारी**

डीएम संतोष शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सभी मामलों का त्वरित, न्यायसंगत और प्रभावी निस्तारण होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे फरियादियों की समस्याओं को सुने और निपटाने में कोई कमी न छोड़ें। डीएम ने कहा कि प्रशासन हर स्तर पर काम कर रहा है ताकि जनता को बेहतर सेवाएं मिलें और उनके अधिकार सुरक्षित रहें। एसपी सोमेंद्र मीणा ने भी इस मौके पर कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने और फरियादियों को न्याय दिलाने के लिए पुलिस पूरी तत्परता से काम कर रही है। उन्होंने सभी को भरोसा दिलाया कि किसी भी तरह की शिकायत पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

## जिला अस्पताल को मिली बड़ी सौगात

**बाल रोग विभाग को मिली चार सीटें, पीजी की पढ़ाई होगी शुरू**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज़।**

अस्पताल को डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड (डीएनबी) के लिए चार सीटें आवंटित की गई हैं। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन की टीम ने छह माह पूर्व सर्वेक्षण कर शासन को रिपोर्ट भेजी थी।

अस्पताल प्रशासन ने पुस्तकालय और पढ़ाई कक्ष तैयार कर लिए हैं। जुलाई से पढ़ाई शुरू होने की योजना थी। लेकिन नीट पीजी परीक्षा में देरी के कारण यह प्रक्रिया रुक गई थी। अब परीक्षा संपन्न होने के बाद सीटों की संख्या दो से बढ़कर चार हो गई है। चिकित्सक और छात्र नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन को आवेदन करेंगे। काउंसलिंग के माध्यम से जनपद का अलॉटमेंट किया जाएगा। जिला अस्पताल में प्रतिदिन करीब 1000-1200 रोगी उपचार के लिए आते हैं। इनमें लगभग 150 बच्चे शामिल होते हैं। अस्पताल में गंभीर रोगियों के लिए 31 बेड का आईसीयू और 32 बेड का एसएनसीयू उपलब्ध है। छात्र आईसीयू और एसएनसीयू में बच्चों की देखभाल करते हुए अपनी पढ़ाई भी कर सकेंगे। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके द्विवेदी ने बताया कि इस व्यवस्था से छात्रों को प्रैक्टिकल नॉलेज के साथ पढ़ाई का मौका मिलेगा।

## खबरें एक नजर में

### माडल शॉप अन्नपूर्णा भवन निर्माण के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के कैलहट ग्राम पंचायत में माडल शॉप अन्नपूर्णा भवन के निर्माण को लेकर विरोध जताया। सैकड़ों ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पहुंचे और ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव के खिलाफनारेबाजी की। उनका कहना था कि माडल शॉप अन्नपूर्णा भवन गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत दयालपुर की सीमा पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बनवाया जा रहा है। इससे वृद्ध व अन्य ग्रामीणों को अनावश्यक काफी दूरी तय करनी पड़ेगी ग्रामीणों ने तहसीलदार इंद्रेंद कुमार को सौंपे ज्ञापन में बताया कि पूर्ति निरीक्षक की जांच रिपोर्ट के आधार पर 28 अगस्त को ही एसडीएम चुनार ने बीडीओ नरायनपुर को निर्माण रोकने के निर्देश दिए थे। जांच में पाया गया था कि भवन आबादी से दूर कूड़ा निस्तारण केंद्र के पास प्रस्तावित है, जो मानक के विपरीत है। इसके बावजूद निर्माण जारी रहने से लोगों में आक्रोश है। ग्रामीण पहले नरायनपुर विकास खंड मुख्यालय पहुंचे, जहां बीडीओ के न मिलने पर सभी ने तहसील में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में रामनिहोर सिंह, लक्ष्मी नारायण, कल्लू, हरिशंकर, संतोष कुमार, रामरत्ती देवी, कुसुम देवी, प्रमिला, जगवंती देवी, मनीष कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

### समाजवादी नेता जगदेव प्रसाद कुशवाहा को किया नमन

- महराजगंज में अपनी जनता पार्टी ने मनाया शहादत दिवस
- कार्यकर्ताओं ने लिया विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प

समृद्धि न्यूज, महराजगंज। जनपद में शुक्रवार को अपनी जनता पार्टी ने समाजवादी नेता बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा का शहादत दिवस मनाया। कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन स्थल पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष मनोज कुमार कन्नौजिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि बाबू जगदेव ने सामाजिक न्याय और समानता के लिए जीवन समर्पित किया। वंचित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए उनका संघर्ष आज भी प्रेरणा स्रोत है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा के योगदान को याद किया। उन्होंने बताया कि कुशवाहा जी सामाजिक असमानता के खिलाफ लड़े। वे समाज के कमजोर वर्गों की आवाज बने। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा दे रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से बाबू जगदेव के विचारों को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य सामाजिक समानता और न्याय के लिए संघर्ष करना है। कार्यक्रम में अरविंद मौर्य, देश दीपक पाल, हेमंत मौर्य, राजेश कुमार मौर्य, राजकुमार मौर्य और आलम अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### फरेंदा में आए 97 मामलों में सात का हुआ निस्तारण

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को फरेंदा तहसील सभागार में तहसील स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेन्द्र गौतम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों की समस्याओं को लेकर कुल 97 फरियादियों ने अपनी फरियाद दर्ज कराई। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही सात शिकायतों का निस्तारण कर शेष 90 शिकायतों को अविलंब निस्तारण करने के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को सौंप दिया गया। आयोजित तहसील स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों के आये 97 शिकायतों में, शिक्षा स्वास्थ्य विकास,विजली, थाना,चकवन्दी एवं जमीन के मामले छाये रहे। जिसमे भूमि सम्बन्धी मामला सुर्खियों में रहा। इसी क्रम में फरियादियों द्वारा अन्य मामलों को लेकर भी शिकायत दर्ज कराई गई है। जिसको गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेन्द्र गौतम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सप्ताह भर के अन्दर शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाकर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निस्तारित कराकर शिकायत कर्ताओं को संतुष्ट किया जाय और सम्बंधित विभागों से निस्तारित करायें गये शिकायत को तहसील कार्यालय को उपलब्ध कराया जाय। इस दौरान तहसीलदार मजिस्ट्रेट वशिष्ठ वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी फरेंदा अनिरुद्ध पटेल,ईओ अनुज कुमार भारती सहित विभिन्न ब्लाकों के खंड विकास अधिकारी,एडिओ पंचायत बृजमनगंज गुलाब प्रसाद पाठक सहित तहसील स्तरीय अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# ड्रेन में डूबने से बालक की मौत

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

- खेलते समय पैर फिसलने से हुआ हादसा, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल



अटल बिहारी वाजपेयी नगर में एक दुखद घटना सामने आई। नौ वर्षीय अजय की ड्रेन में डूबने से मौत हो गई। घटना शनिवार को नगर पंचायत चौक के वार्ड नंबर 11 में हुई।

अजय अपने दोस्तों के साथ कुईया उर्फ महेशपुर और धरमपुर के बीच बने पुल पर गया था। ड्रेन के किनारे उसका पैर फिसल गया। वह गहरे पानी में चला गया। साथ गए बच्चों ने शोर मचाया। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अजय को बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। चौक पुलिस और लेखपाल सुनील कन्नौजिया ने मौके का मुआयना किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। लेखपाल ने घटना की रिपोर्ट तहसील में दर्ज कराई। छह वर्ष पहले अजय के बड़े भाई की ट्रॉली से दबकर मौत हो चुकी थी। परिवार में अब चार वर्षीय बहन रूबी और छह माह का भाई श्याम हैं। पिता अमर, माता सुभावती और दादी चंपा का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने नगर पंचायत प्रशासन से ड्रेन और पुलों पर सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है। उनका कहना है कि इससे भविष्य में ऐसी घटनाएं नहीं होंगी।

# नाली निर्माण को लेकर क्षेत्र में बवाल, ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के घुघली क्षेत्र के ग्राम समा जोगिया में चल रहे नाली निर्माण कार्य को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार मानक के विपरीत नाली का निर्माण कर रहा है और इसमें पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार उर्फ मल्लू का खुला पक्ष लिया जा रहा है।

समृद्धि न्यूज़ संवाददाता के अनुसार, नुरैन मियां पुत्र अब्दुल्लाह मियां, जो पिछले 15 वर्षों से जोगिया मेन रोड पर निवास कर रहे हैं, उन्होंने बताया कि जोगिया से हनुमानगढ़ी टैक्सी स्टैंड तक लगभग 70-80 घरों की आबादी है। आज तक इन घरों से निकलने वाले पानी की निकासी के लिए नाली की कोई समुचित व्यवस्था नहीं रही। लोग मजबूरी में अपने घरों का पानी आसपास की खाली जमीनों पर गिराकर गुजारा कर रहे थे।



**आधे मकानों तक ही बनाई जा रही नाली**

वहीं मामले को लेकर नुरैन मियां ने बताया कि इस वर्ष जिला पंचायत निधि से रोड के दक्षिणी हिस्से में नाली का निर्माण कराया गया, लेकिन रोड के उत्तरी हिस्से में ठेकेदार द्वारा केवल आधे मकानों तक ही नाली बनाई जा रही है। यही नहीं, पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार के मकान को नाली से बचाने के लिए ठेकेदार ने नाली को 3-4 फीट सड़क की ओर मोड़ने की योजना बना दी है। ग्रामीणों का कहना है कि यह साफ तौर पर मानक के खिलाफ है।

**ग्रामीणों ने अतिक्रमण का लगाया आरोप:-** ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अशोक कुमार ने नाली की जमीन पर अतिक्रमण किया है। इसके बावजूद न तो अतिक्रमण हटवाया गया और न ही नाली मकानों की पंक्ति के अनुसार बनाई जा रही है। ठेकेदार और अभियंता पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कहा कि नाली निर्माण कार्य में आम जनता की समस्या की अनदेखी की जा रही है और पूर्व चेयरमैन को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

**डीएम और जिला पंचायत अधिकारी से की मांग:-** दूसरी तरफ, इस मामले को लेकर जनता में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और जिला पंचायत अधिकारियों से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और अतिक्रमण हटवाकर मानक के अनुसार नाली का निर्माण कराया जाए, ताकि गरीब और आम जनता को राहत मिल सके।

# सुनील पांडेय अध्यक्ष, देवानंद यादव को महामंत्री पद की कमान

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



प्रेस क्लब ऑफ महाराजगंज की तहसील इकाई फरेंदा की नई कार्यकारिणी का गठन शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान किया गया। यह बैठक फरेंदा तहसील मुख्यालय स्थित एक निजी मैरेज हॉल में आयोजित की गई, जिसमें संगठन को सशक्त बनाने, पत्रकारों के साथ हो रहे उत्पीड़न की घटनाओं तथा अन्य समसामयिक मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमित त्रिपाठी ने की, जबकि सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में संगठन मंत्री बृजेश गुप्ता उपस्थित रहें। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में पत्रकार सुनील पांडेय को तहसील इकाई फरेंदा का अध्यक्ष चुना गया। वहीं देवानंद यादव को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। शिव श्रीवास्तव एवं राहुल प्रताप सिंह को उपाध्यक्ष, देव अग्रहरि को संगठन मंत्री, इरफान अहमद को संयुक्त मंत्री, अभिषेक वर्मा को कोषाध्यक्ष तथा आर के सिंह यादव को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त, मनोज कन्नौजिया, नागेश्वर रौनियार, इमरान खान, गौरव जायसवाल एवं महमूद आलम को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चुना गया। संगठन की स्थिरता और मार्गदर्शन हेतु जगदंबा जायसवाल, अभिलाष चतुर्वेदी और अशोक वर्मा को संरक्षक की भूमिका सौंपी गई। इस मौके पर आशीष सोनी, बृजेश गुप्ता,मनोज त्रिपाठी राहुल त्रिपाठी व आशीष भारती सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहें ।वहीं जिलाध्यक्ष अमित त्रिपाठी का तहसील इकाई के नवगठित पदाधिकारीयों के लिए आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात जिलाध्यक्ष ने उपस्थित सभी पत्रकारगण को नवगठित कार्यकारिणी को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि यह टीम पत्रकारों के हितों की रक्षा करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

# बाणसागर नहर में स्नान के दौरान बालक की डूबने से मौत

- नहर को बंद कराकर खोजबीन के बाद पांच घंटे बाद दो किमी दूर बहते हुए मिला शव



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय थाना क्षेत्र के मुड़पेली सुखतरवा गांव में शनिवार को बाणसागर नहर में साथियों के संग स्नान करने गया सात वर्षीय बालक नहर में डूब गया। जानकारी होने पर भारी संख्या में ग्रामीण पहुंचकर खोजवीन में जुट गए। पांच घंटे बाद दो किमी दूर गजरिया पुल के पास बहते हुए मृत अवस्था में बालक का शव पाया गया।

अदवा बैराज से मेजा लिंक नहर में ग्रामीणों के अनुसार शनिवार को दोपहर प्रेम कोल का सात वर्षीय पुत्र दीपक अपने साथियों के संग स्नान करने गया था। पानी की तेज धारा में दीपक नहर में डूब गया। साथियों ने घर वापस आकर घटना की जानकारी दी। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण और पुलिस पहुंचकर खोजबीन में जुट गए। स्थानीय निवासी पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेश दूबे ने सिंचाई कर्मियों और पुलिस को सूचना देकर नहर बंद कराया। मौके पर जुटे ग्रामीणों द्वारा खोजबीन के दौरान दो किमी दूर गजरिया पुल के पास बहते हुए मृत अवस्था में पानी से बाहर निकाला गया। मेजा लिंक नहर के अधिशाषी अभियंता मेराज अहमद खां ने बताया कि नहर में 955 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। नहर में बालक के डूब जाने की सूचना पर नहर को बंद करा दिया गया है। नहर में डूबा बालक प्राथमिक विद्यालय पिपरा में कक्षा एक में पढ़ता था। पिता का अकेला संतान था। माता नगीना दो वर्ष पूर्व घर से कही चली गयी है। पिता मजदूरी करके बालक का भरण पोषण करता था। सूचना पर मौके पर पहुचे उपनिरीक्षक हंसराज यादव व राजस्व निरीक्षक अशोक दूबे व क्षेत्रीय लेखपाल सर्वेश सिंह व ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बाण सागर नहर में डूबे बालक का पाच घंटे बाद नहर में बहता हुआ मृत बालक का शव मिला है। शव को पीएम के लिये भेजा जा रहा है।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय थाना क्षेत्र के बसकुड़िया गांव में शुक्रवार की रात्रि में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक के परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए फोरेनसिक टीम ने घटना स्थल पर साक्ष्य संकलन किया है युवक कि मौत कि सूचना पर तरह तरह कि चर्चाएं हो रही है।

फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो जायेगा वही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। थाना क्षेत्र के बसकुड़िया गांव निवासी मेही सोनकर का 32 वर्षीय पुत्र संतोष सोनकर अपने परिवार के साथ रहता था शुक्रवार कि रात्रि में खाना खाने के बाद कमरें में अपने पत्नी पिंकी व दो बच्चों के साथ सो रहे थे कि रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई।

पत्नी की नींद खुली तो देखा की पति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने की जानकारी मिली है और घटना की सूचना युवक के परिजनों को सूचना दिया।




मौके पर पहुँचे युवक के परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया मौके पर पहुँचे थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व एसआई अच्छे लाल यादव व पुलिस कर्मियों ने घटना की जांच पड़ताल किया है और घटना की सूचना फोरेनसिक टीम को सूचना दिया। मौके पर पहुँचे फोरेनसिक टीम ने घटना स्थल पर साक्ष्य संकलन किया है। घटना की सूचना को लेकर तरह तरह की चर्चाएं हो रही है। घटना की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है। घटना की सूचना पर सैकड़ो की संख्या की भीड़ जुट गई।

इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत होने पर घटना की जांच पड़ताल करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पायेगा।

### सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा आयोजित



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** सीखड़ क्षेत्र के लालपुर गांव में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा का आयोजन किया गया। जिसमें वृंदावन की धरती से पधारे भागवताचार्य श्री उपेन्द्र कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा का प्रसंग के व भागवत महात्म से कृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा, भगवान श्री कृष्ण का मथुरा प्रस्थान, गोपी उद्धव संबाद, कंस वध, रुक्मिणी विवाह महोत्सव आदि की कथा विस्तार से चर्चा किया। वहीं पारायण व्यासपीठ पूजन का कार्य आचार्य श्याम कुमार पांडेय, अभय त्रिपाठी, बिट्टू त्रिपाठी, गायन पंडित धीरज चतुर्वेदी, आर्गन पर राजेंद्र पांडेय, तबला पर जया मिश्रा ने संगत किया। यजमान प्रदीप कुमार पांडेय, अशोक कुमार पांडेय, राजेश कुमार पांडेय, आतिश कुमार पांडेय, अजीत कुमार पांडेय के द्वारा भागवत भगवान कि पूजन अर्चन किया गया। इस दौरान रामेश्वर पांडेय, अजय कुमार पांडेय, कमलेश कुमार पांडेय, अतुल कुमार पांडेय, रत्नेश कुमार पांडेय, मिथिलेश कुमार पांडेय, आशू पांडेय, सिटू पांडेय, रिशू पांडेय सहित भारी संख्या में भक्तों ने श्रीमद्भागवत कथा

# जिले में नहीं थम रहा तेज रफ्तार का कहर

- मोटरसाइकिल की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के सिसवा बाजार क्षेत्र में शनिवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने इलाके में सनसनी फैला दी। सिसवा-निचलौल मुख्य मार्ग पर स्थित गांधी नगर वार्ड के वनस्पति देवी स्थान के पास एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने 54 वर्षीय महिला सरस्वती देवी को जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं।

**तेज रफ्तार बाइक ने महिला को मारी टक्कर:-** समृद्धि न्यूज़ संवाददाता के अनुसार, ग्राम सभा चनकौली निवासी जमुना अपनी पत्नी सरस्वती को इलाज के लिए सिसवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर जा रहे थे। जब वे मुख्य मार्ग से अस्पताल की ओर मुड़ ही रहे थे कि अचानक पीछे से तेज गति से आ रही एक मोटरसाइकिल ने सरस्वती देवी को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला उछलकर दूर जा गिरीं और उनके सिर में गंभीर चोट आई।

**घटना के बाद मचा हड़कंप:-** वहीं इस दर्दनाक घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों में से आफताब नामक एक युवक ने तत्परता दिखाते हुए अन्य लोगों के साथ मिलकर घायल महिला को तुरंत सिसवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

**पुलिस ने मोटरसाइकिल जब्त की:-** मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थिति को नियंत्रित किया और दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया। सिसवा चौकी प्रभारी उमाकांत सरोज ने बताया कि मोटरसाइकिल चला रहा युवक नाबालिग है, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अभी तक इस संबंध में कोई तहरीर नहीं दी गई है, लेकिन शिकायत मिलते ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी आम बात हो गई है। कई बार इस मार्ग पर हादसे हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इस दुर्घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर नाबालिगों के हाथों में दोपहिया वाहन क्यों हैं? साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों की जागरूकता और प्रशासन की जिम्मेदारी दोनों पर भी प्रश्नचिन्ह लग गया है।

# सड़क दुर्घटना में चालक समेत चार जख्मी

**चील्ह (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में हुए सड़क हादसे में चालक समेत चार लोग जख्मी हो गए। ट्रक के केबिन में फंसे चालक को हाइड्रा की मदद से बाहर निकाला गया।

पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना से सड़क पर जाम लग गया। घंटों मशक्कत बाद पुलिस जाम हटवाया। फैजाबाद जिले के शालीपुर गांव के डीसीएम ट्रक चालक रणविजय सिंह 55 पुत्र शिवम सिंह गुरुवार की रात लगभग साढ़े दस बजे मिर्जापुर से गोपीगंज जा रहा था। जैसे ही मवैया गांव के पास पहुंचा। तभी सामने से आ रहे ट्रेलर से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में क्षतिग्रस्त ट्रक के केबिन में चालक रणविजय सिंह फंस गए। वहीं ट्रेलर चालक बाल बाल बच गया। घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हाइड्रा की मदद से केबिन में फंसे चालक को बाहर निकाला।

एंबुएंलेंस से उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चील्ह में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रामा सेंटर भेज दिया गया। सड़क पर क्षतिग्रस्त वाहन होने से दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। पुलिस ने घंटों मशक्कत के बाद जाम हटवाया, तब जाकर मार्ग पर आगवागमन शुरु हुआ। दूसरी घटना में प्रयागराज निवासी 23 वर्षीय मोहम्मद आमीन अपने 16 वर्षीय खलासी आफ्ताब के साथ ट्रक लेकर रात कोयला लादने सोनभद्र के अनपरा जा रहे थे।




चील्ह के जगापट्टी गांव के पास गलत दिशा से आ रही डीसीएम को बचाने में ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दस फीट गहरे खाई में चले जाने से पलट गया। चालक व खलासी दोनों ट्रक के केबिन में फंस गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची चेतगंज पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से केबिन में फंसे चालक और खलासी को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया।

तीसरी घटना में भदोही जिले के गोपीगंज थाना क्षेत्र के गोपीगंज निवासी 26 वर्षीय प्रशांत गुप्ता दोपहर अपने साथी संग बाइक से किसी कार्य से मिर्जापुर जा रहे थे। लखनपुर गांव के पास बाइक के सामने अचानक कुत्ता आ गया।

बाइक सवार कुत्ता से टकराकर जख्मी हो गए। वहीं कुत्ते की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की मदद से घायलों को एंबुएंलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चील्ह में भर्ती कराया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद प्रशांत की हालत गंभीर देख उसे रेफर कर दिया गया है।

